वर्ष- 13 अंक - 227
लखनऊ, सोमवार 20 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा के लिए जनपद के 10 यात्री रवाना 10
टेक्निकल कमेटी की रिपोर्ट आने तक स्मार्ट मीटर पर रोक 03

## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,55,930/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,42,950/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,16,990/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,75,000/किग्रा |



# विपक्ष को माफ नहीं करेगी नारी शक्ति : योगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

बीजेपी के सूबाई दफ्तर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के साथ मीडिया से अपनी जानकारी और मन्तव्य साझा करते हुए विपक्ष पर जमकर हमला बोला।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन विधेयक पारित नहीं होने देने पर विपक्ष पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन द्वारा किया गया यह कृत्य न केवल नारी सम्मान के खिलाफ है, बल्कि अक्षम्य पाप है, जिसके लिए देश की नारी शक्ति उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। विधेयक गिरने के बाद विपक्षी दलों द्वारा जिस प्रकार जश्न मनाया गया और गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियां की गई, उसने भारतीय इतिहास के उस पीड़ादायक प्रसंग की याद दिला दी,



### नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन विधेयक पारित न होने देना अक्षम्य पाप

जब भरी सभा में द्रौपदी का चीरहरण हुआ था। मुख्यमंत्री ने इसे लोकतंत्र और महिला सम्मान, दोनों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि आचरण विपक्ष की नारी-विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में सत्ता संभालने पर एक बात बहुत स्पष्ट रूप से कही थी कि देश के अंदर चार ही जातियां हैं ेगरीब, युवा, किसान व नारी। भारत को कमजोर करने की नीयत से जिन लोगों ने जातिवाद के नाम पर अपने परिवार का भरण-पोषण किया और देश को लूटा, स्वाभाविक रूप से उनके लिए यह एक बड़ी चुनौती थी और चेतावनी भी। इसीलिए जब भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कोई प्रगतिशील कदम उठाया गया, कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों ने हमेशा उस प्रगतिशील सोच और देशहित में उठाए जाने वाले कदमों का विरोध किया है। संसद में विपक्ष के नारी-विरोधी आचरण के प्रति आधी आबादी के मन में भारी आक्रोश है। यह आक्रोश कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सहयोगी दलों, समाजवादी पार्टी, आरजेडी, टीएमसी, डीएमके और अन्य उन दलों के प्रति है, जो इस पाप में भागीदार थे। आधी आबादी में यह आक्रोश साफ देखा जा रहा है कि प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए एक-एक कदम, जो समाज के हर वर्ग और देशहित में थे, इंडी गठबंधन ने कैसे बैरियर की तरह खड़े होकर उन्हें आगे बढ़ने से रोकने के लिए षड्यंत्र किया है।

### किसी का हक कम नहीं होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हुआ था। जब महिला संगठनों और सामाजिक संगठनों ने इस बात की मांग की कि यह अधिनियम 2034 के बजाय 2029 में लागू हो, तो उनकी मांग के अनुरूप प्रधानमंत्री ने सभी पक्षों से विचार-विमर्श करने के उपरांत नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 में जरूरी संशोधन लेकर संसद के विशेष अधिवेशन में इसे पेश किया। कुछ राज्यों ने इस बात की मांग उठाई थी कि कहीं ऐसा न हो कि इसके माध्यम से उनके हक को कम कर दिया जाए। प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होते समय स्पष्ट किया था कि किसी का हक नहीं लिया जाएगा। इस 33 प्रतिशत आरक्षण को माता-बहनों को उपलब्ध कराने के लिए हम लोकसभा और विधानसभाओं में अतिरिक्त सीटें बढ़ा रहे हैं। जब यह चर्चा में आया कि दक्षिण भारत के राज्य मांग उठा रहे हैं कि उनका हक कम हो जाएगा, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने आश्वासन दिया कि 2011 की जनगणना के अनुसार जो व्यवस्था है, उसी के तहत जैसे उत्तर और पूर्व के राज्यों में सीटें बढ़ेंगी, वैसे ही दक्षिण के राज्यों में भी उसी अनुपात में सीटें बढ़ाई जाएंगी। किसी का हक कम नहीं होगा। सरकार की एकमात्र इच्छा थी कि पूरा सदन मिलकर भारत की नारियों को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन देने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को इस संशोधन के साथ पारित कर दे, ताकि 2029 में ही उन्हें उनका अधिकार मिल जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लेकिन सदन में इंडी गठबंधन, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, डीएमके का जो व्यवहार रहा, वह पूरी तरह से भरी सभा में द्रोपदी के चीर-हरण जैसा दृश्य था।

# दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति भारत के लिए रवाना

### आज प्रधानमंत्री मोदी के साथ करेंगे शिखर वार्ता

एजेंसी, सोल।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग रविवार को भारत के लिए रवाना हुए। दो देशों के दौरे में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति भारत के बाद शिखर वार्ता के लिए वियतनाम भी जाएंगे। इस यात्रा में मिडिल ईस्ट में युद्ध से पैदा हुई ग्लोबल एनर्जी मार्केट की अनिश्चितताओं के बीच सप्लाई चेन को स्थिर करने पर ध्यान दिया जा सकता है।

ली आज नयी दिल्ली पहुंचेंगे और सोमवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत करेंगे। योनहाप न्यूज एजेंसी के अनुसार, पिछले साल जी7 और जी20 शिखर सम्मेलनों के दौरान हुई बातचीत के बाद यह उनकी तीसरी आमने-सामने की बैठक होगी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार वाई सुंग-लैक



ने गुरुवार को कहा कि समिट में शिपबिल्डिंग, मैरीटाइम इंडस्ट्री, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिफेंस जैसे क्षेत्र में आर्थिक सहयोग बढ़ाने के साथ-साथ मिडिल ईस्ट की स्थिति से जुड़ी एनर्जी सप्लाई चेन की अनिश्चितताओं पर कोऑर्डिनेट करने पर फोकस रहने की उम्मीद है। वह भारत में कोरियाई कंपनियों के ऑपरेशन का समर्थन करने और नए मौके तलाशने के लिए एक बिजनेस फोरम में भी शामिल हो सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड के बागेश्वर में दो बार हिली धरती, भूकंप के झटके से लोगों में दहशत

**बागेश्वर।** उत्तराखंड के बागेश्वर जनपद में रविवार सुबह भूकंप के दो झटके महसूस किए गए, जिससे क्षेत्र में हल्की दहशत का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि अब तक किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी शिखा सुयाल के अनुसार पहला झटका सुबह 10.32.33 बजे महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.1 मापी गई। इसका केंद्र बागेश्वर क्षेत्र में 30.088 उत्तर अक्षांश और 79.902 पूर्व देशांतर पर स्थित था, जबकि इसकी गहराई 5 किलोमीटर दर्ज की गई। इसके बाद दूसरा झटका सुबह 10.46.59 बजे महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 2.6 रही। इसका केंद्र 30.140 उत्तर अक्षांश और 79.905 पूर्व देशांतर रहा और इसकी गहराई भी 5 किलोमीटर आंकी गई। विशेषज्ञों के अनुसार, कम तीव्रता के ये भूकंप सामान्य भूगर्भीय गतिविधियों का हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन लगातार झटके आने से यहां लोगों में भय का माहौल बन गया। फिलहाल कहीं से कोई अप्रिय सूचना नहीं है।

### इटली में गुरुद्वारे से निकलते समय दो पंजाबियों की गोली मारकर हत्या

**रोम।** इटली के कोवो (बर्गामो प्रांत) में दो सिखों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमला तब हुआ जब वे बैसाखी उत्सव के दौरान पूजा स्थल के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे एक गोदाम से बाहर निकल रहे थे। स्थानीय मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। यह हमला लगभग आधी रात से कुछ मिनट पहले गुरुद्वारा माता साहिब कौर जी के सामने औद्योगिक क्षेत्र में हुआ। मृतकों की पहचान रगिंदर सिंह (48), निवासी कोवोय और गुरमीत सिंह (48), निवासी अग्नादेल्लो के रूप में हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, हमलावर कथित तौर पर दोनों के पास आया, गोली चलाई और फिर कार से फरार हो गया। शुरुआती जांच में अचानक हुई झड़प की संभावना को खारिज कर दिया गया है। घटनास्थल से लगभग 10 खोखे बरामद किए गए हैं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि यह योजनाबद्ध हमला था। एक गवाह ने बताया कि हमलावर भी भारतीय था और वह भी गुरुद्वारे में आता-जाता था। उसी गवाह के अनुसार, गोलियां एक तीसरे व्यक्ति को भी छूकर निकल गईं।

### महाकुंभ में वायरल हुई मॉडल हर्षा रिछारिया ने लिया संन्यास



**उज्जैन।** प्रयागराज महाकुंभ में वायरल हुई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, कंटेंट क्रिएटर और पूर्व मॉडल हर्षा रिछारिया ने रविवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर मध्य प्रदेश के उज्जैन में संन्यास ले लिया। उन्हें उज्जैन के मौनी तीर्थ आश्रम में पंचायती निरंजनी अखाड़ा के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरि महाराज ने संन्यास दीक्षा दी। अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त में रविवार को उज्जैन में मंगलनाथ स्थित गंगाघाट पर मौन तीर्थ पीठाधीश्वर सुमनाजी महाराज से विधि विधान से दीक्षा लेकर हर्षा रिछारिया को संन्यासी जीवन ग्रहण कराया। संन्यास परंपरा के अनुसार, उन्हें शिखा और दंड त्याग की विधि कराई गई। साथ ही तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्म भी कराए गए, जो पूर्व जीवन के त्याग और नए आध्यात्मिक जीवन की शुरुआत का प्रतीक माने जाते हैं। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद हर्षा रिछारिया ने संन्यास ग्रहण किया और उन्हें नया नाम स्वामी हर्षानंद गिरि दिया गया।

# घुसपैठियों की सरकार बनाना चाहती है टीएमसी : मोदी

एजेंसी, झारग्राम।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के झारग्राम में विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बंगाल का यह चुनाव, इस धरती की समृद्ध विरासत को बचाने के लिए है, बंगाल की पहचान बचाने के लिए है। आज बंगाल पर उसकी पहचान खोने का खतरा मंडरा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यहां टीएमसी जिस रास्ते पर चल रही है, उसका एजेंडा बहुत खतरनाक है। टीएमसी घुसपैठियों के लिए, घुसपैठियों की सरकार बनाना चाहती है।

एक ऐसी सरकार जो सिर्फ घुसपैठियों का मजहब, घुसपैठियों की भाषा और घुसपैठियों के तौर-तरीकों की रक्षा करेगी। उस घुसपैठिया सरकार के लिए अगर कोई दुश्मन होगा तो यहां बैठे हुए भाई-बहन ही घुसपैठियों के दुश्मन होंगे। इसलिए बंगाल का हर समाज, हर वर्ग, हर



### न पढ़ाई, न कमाई, न दवाई और न सिंचाई, बंगाल बेहाल : मोदी

क्षेत्र इस बार ठान चुका है, संकल्प ले चुका है। उन्होंने कहा कि बंगाल का यह चुनाव इस भूमि की समृद्ध विरासत को बचाने के लिए है। यह बंगाल की पहचान को बचाने के लिए है।

आज बंगाल के अपनी पहचान खोने का डर मंडरा रहा है। टीएमसी का एजेंडा बेहद खतरनाक है। टीएमसी का उद्देश्य ऐसी सरकार बनाना है, जो मूल निवासियों के धर्म, भाषा और रीति-रिवाजों की रक्षा करने के बजाय घुसपैठियों के धर्म, भाषा और रीति-रिवाजों की रक्षा को प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा कि टीएमसी की निर्मम सरकार को आपने 15 साल दिए। 15 साल कम समय नहीं होता है। 15 साल में टीएमसी सरकार ने आपको क्या दिया, आदिवासी क्षेत्रों को क्या मिला? न पढ़ाई, न कमाई, न दवाई और न ही सिंचाई... यहां सब कुछ बेहाल है। घर बनवाने के लिए टीएमसी के गठबंधन पर निर्भर रहना पड़ता है। टीएमसी के सांसद और विधायक आपकी समस्याओं से बेपरवाह हैं। वे तो बस अपनी तिजोरियां भरने में व्यस्त हैं। बंगाल में टीएमसी के गुंडों ने आदिवासियों की हजारों एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया है।

### चुन-चुन कर लुटेरों का हिसाब किया जाएगा

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे लोग बताते हैं, यहां अगर एक बार बिजली चली जाए तो कई-कई दिन बाद आती है। कई बार आती ही नहीं। बिजली तो नहीं आती, लेकिन बिजली का भारी-भरकम बिल जरूर आता है। यहां आप अंधेरे में हैं और टीएमसी के नेताओं के बंगले-गाड़ियां चकाचक चमक रहे हैं। इसी कारण मोदी ने संकल्प लिया है, यहां के कोयले को लूटने वालों को, आपको अंधेरे में रखने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। चुन-चुन कर इन लुटेरों का हिसाब किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आपने पीएम बनाया है, अब यहां भी भाजपा का सीएम बनाइए। मैं आपको गारंटी देता हूं कि यहां बिजली भी पर्याप्त आएगी और बिजली के बिल से भी मुक्ति मिलेगी। एक तरफटीएमसी बिजली से जमकर मुनाफा कमा रही है, वहीं दूसरी तरफमोदी आपके बिजली बिल को शून्य करने में लगे हैं। मोदी ने बिजली बिल को शून्य करने की योजना लागू की है। यह प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रयास किया कि 2029 से महिलाओं को आरक्षण का फायदा मिलना शुरू हो जाए, लेकिन महिला विरोधी टीएमसी ने संसद में इसका विरोध किया।

# होर्मुज में ईरान की सख्ती, चीनी जहाज को भी लौटाया, बोले- बिना मंजूरी के प्रवेश नामुमकिन

एजेंसी, नई दिल्ली।

ईरान ने स्ट्रेट ऑफहोर्मुज से चीनी जहाज को भी वापस लौटा दिया है। इजाजत नहीं मिली तो जहाज को अपना रास्ता बदलना पड़ा। मुंबई स्थित ईरान के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। बताया गया कि ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से चीनी जहाज को वापस लौटा दिया। बिना मंजूरी किसी भी जहाज को इस समुद्री रास्ते से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

आगे लिखा कि 'सन प्रोफिट' नाम के चीनी जहाज को इजाजत नहीं मिलने के बाद रास्ता बदलना पड़ा। ईरान ने साफकिया कि वह किसी भी देश के जहाज को 'ब्लैंकेट अप्रूवल' (एक को अनुमति के आधार पर सभी को मंजूरी) नहीं देता। हर जहाज को अलग से मंजूरी लेनी होती है। शनिवार को ही भारत के दो जहाजों पर फायरिंग



की खबर आई थी। इसका संज्ञान लेते हुए भारत के विदेश मंत्रालय ने बयान भी जारी किया था। विदेश सचिव से ईरानी राजदूत को तलब किए जाने का इसमें जिक्र था और भारत की फिक्र से भी उन्हें अवगत कराया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर भारत की ईरानी राजदूत से हुई बात का जिक्र किया। बयान में लिखा- ÷नयी दिल्ली में ईरान के राजदूत को शनिवार शाम विदेश मंत्रालय ने विदेश सचिव के साथ एक बैठक के लिए बुलाया। इस बैठक के दौरान, विदेश सचिव ने होर्मुज स्ट्रेट में हुई गोलीबारी की घटना पर भारत की गहरी चिंता व्यक्त से अवगत कराया। इस फायरिंग की जद में भारत के झंडे वाले दो जहाज आए थे। व्यापारिक जहाजों पर गोलीबारी की इस गंभीर घटना पर अपनी चिंता दोहराते हुए, विदेश सचिव ने राजदूत से आग्रह किया कि वे भारत के विचारों को ईरान के अधिकारियों तक पहुंचाए, और होर्मुज स्ट्रेट से भारत आने वाले जहाजों को रास्ता देने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द फिर से शुरू करें। ईरान के राजदूत ने इन विचारों को ईरानी अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# चारधाम यात्रा : अब तक 19.52 लाख से अधिक पंजीकरण

एजेंसी, देहरादून।

उत्तराखंड की चारधाम यात्रा और हेमकुंड साहिब यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह व आस्था देखी जा रही है। इस साल चारधाम के लिए अब तक कुल 19.52 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने विभिन्न धामों के लिए पंजीकरण कराया हैं।

रविवार शाम पर्यटन विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक केदारनाथ धाम के लिए सबसे अधिक 6.80 लाख श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है,जबकि बद्रीनाथ के लिए 5.75 लाख, गंगोत्री के लिए 3.43 लाख, यमुनोत्री के लिए 3.33 लाख



और हेमकुंड साहिब के लिए करीब 19 हजार पंजीकरण दर्ज किए गए हैं। रविवार से गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का आगाज हो गया है। यात्रा के शुरुआती दिनों में ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के लिए 20 और 21 अप्रैल के लिए कुल 28,723 तीर्थयात्रियों का पंजीकरण कराया है।

# पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, 18 लोगों की मौत

एजेंसी, विरुधुनगर।

तमिलनाडु के जिला विरुधुनगर के कट्टुनारपट्टी में रविवार दोपहर को एक पटाखा फैक्टरी में आग लगने से 18 मजदूरों की मौत होने की खबर है, लेकिन प्रशासन ने मृतकों की संख्या की पुष्टि नहीं की है। इस हादसे में छह लोग घायल हुए हैं। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है। इस बीच मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने घटना में कई लोगों की मौत पर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है।

पुलिस के अनुसार कट्टुनारपट्टी में दोपहर में मजदूरों के काम करने के दौरान एक पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट के बाद आग लग गई, जिसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस



व दमकलकर्मियों का दल मौके पर पहुंचा और बचाव व राहत कार्य शुरू किया। इस हादसे में वहां काम कर रहे 18 मजदूरों की मौत होने की खबर है। इसके अलावा छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पटाखों के विस्फोट इतना भीषण था कि फैक्टरी के 4 कमरे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। धमाकों की आवाज लगभग 10 किलोमीटर तक सुनी गई। इस हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति मुख्यमंत्री स्टालिन ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि राहत कार्यों को तेज करने और प्रभावित परिवारों को सांत्वना देने के लिए मंत्री केकेएसएसआर रामचंद्रन और थंगम तेनारासु को तुरंत घटनास्थल पर जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जिला कलेक्टर से संपर्क कर सभी पीड़ितों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# मैसूरु : कावेरी नदी में डूबने से 6 लोगों की मौत, उर्स कार्यक्रम के दौरान हुआ हादसा

एजेंसी, मैसूरु।

कर्नाटक के मैसूरु जिले के केआर नगर क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें कावेरी नदी में डूबने से छह लोगों की मौत हो गई। यह घटना अर्केश्वर मंदिर के पास स्थित पुराने एडथोरे अर्केश्वर स्वामी मंदिर क्षेत्र में हुई। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिवारों को 5-5 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है।

यहां स्थित हजरत खादर लिंगवल्ली दरगाह में उर्स कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम परिवार शामिल होने पहुंचे थे।



कार्यक्रम के दौरान आठ लोग कावेरी नदी में उतरे और तैरने का प्रयास किया, लेकिन नदी की तेज धारा और गहराई के कारण छह लोग पानी में फंस गए और बाहर नहीं निकल सके। स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया और दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घायलों को आगे के इलाज के लिए मैसूरु के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# कानपुर में खौफनाक वारदात, फ्लैट में 2 जुड़वां बेटियों की गला रेतकर हत्या, पिता गिरफ्तार

एजेंसी, कानपुर।

नगर के नौबस्ता थाना क्षेत्र स्थित अपने फ्लैट में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी नाबालिग जुड़वां बेटियों की रविवार तड़के धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना रविवार तड़के नौबस्ता थाना क्षेत्र के किदवई नगर स्थित त्रिमूर्ति अपार्टमेंट में हुई। आरोपी की पहचान शशि रंजन मिश्रा (48) के रूप में हुई है, जो मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव है। उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के मुताबिक त्रिमूर्ति अपार्टमेंट में मिश्रा अपनी पत्नी रेशमा, 11 वर्षीय जुड़वां बेटियों और छह वर्षीय बेटे के साथ रहता था। पुलिस



आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि पुलिस प्रतिक्रिया वाहन (पीआरवी) को सुबह लगभग साढ़े चार बजे जुड़वां बहनों की हत्या की सूचना मिली। फ्लैट पर पहुंचने पर, पीआरवी कर्मियों ने दोनों लड़कियों को खून से लथपथ मृत पाया, जबकि आरोपी अंदर मौजूद था। मूल रूप से बिहार के रहने वाले मिश्रा ने खुद घटना की सूचना दी। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। लाल ने कहा कि प्रथम दृष्टया पिता मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत हो रहा है, जांच जारी है। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक टीमों ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य एकत्र किए हैं, साथ ही खोजी कुत्तों की एक टुकड़ी को भी बुलाया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि लड़कियों पर उस समय हमला किया गया जब वे गहरी नींद में सो रही थीं। मकसद अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस घर के अंदर हुई इस घटना के क्रम की भी जांच कर रही है, जिसमें यह भी शामिल है कि उस समय मौजूद मां रेशमा को अपराध की जानकारी कैसे हुई। रेशमा सदमे में है और उनसे अभी तक पूछताछ नहीं की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच की जा रही है।

**बयान** | पश्चिम एशिया हालात के बीच ईंधन आपूर्ति सामान्य

# जहाजों पर गोलीबारी को लेकर ईरान से जताई चिंता : केंद्र

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है तथा नागरिकों को किसी प्रकार की घबराहट में खरीदारी करने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही, दो भारतीय जहाजों पर हुई गोलीबारी की घटना को लेकर भारत ने ईरान के राजदूत को तलब कर गहरी चिंता व्यक्त की है। सरकार ने बताया कि ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री संचालन और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, देशभर में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंधन किया गया है। मंत्रालय ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें, अफवाहों से बचें और एलपीजी बुकिंग के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें। मंत्रालय के अनुसार, घरेलू एलपीजी की आपूर्ति को प्राथमिकता दी गई है और देशभर में इसकी आपूर्ति सामान्य बनी हुई है।

18 अप्रैल को 53.5 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की गई। एलपीजी वितरकों के पास कहीं भी कमी की स्थिति नहीं है और ऑनलाइन बुकिंग का अनुपात बढ़कर 98 प्रतिशत तक पहुंच गया है। सरकार ने बताया कि वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को पूर्व स्थिति के लगभग 70 प्रतिशत तक बहाल किया गया है, जबकि अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और औद्योगिक क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रवासी श्रमिकों के लिए 5 किलोग्राम वाले छोटे सिलेंडरों की आपूर्ति को दोगुना किया गया है और इसके लिए देशभर में जागरूकता शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में भी आपूर्ति




सामान्य है और घरेलू पीएनजी तथा परिवहन क्षेत्र के सीएनजी उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। मार्च 2026 से अब तक 4.85 लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन सक्रिय किए गए हैं, जबकि 39 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने एलपीजी कनेक्शन छोड़कर पीएनजी को अपनाया है। मंत्रालय ने बताया कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर कार्य कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। पेट्रोल और डीजल की खुदरा आपूर्ति सामान्य है तथा कीमतों में कोई वृद्धि नहीं की गई है। उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सरकार ने उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती भी की है। पश्चिम एशिया में समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर भी सरकार सतर्क है। भारतीय ध्वज वाला कच्चा तेल टैंकर 'देश गरिमा' 31 भारतीय नाविकों के साथ सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है और 22 अप्रैल को मुंबई पहुंचने की संभावना है। वहीं, दो भारतीय जहाजों पर हुई गोलीबारी की घटना को लेकर भारत ने ईरान के राजदूत को तलब कर गहरी चिंता व्यक्त की है। सरकार ने बताया कि जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए देशभर में कार्रवाई जारी है। 18 अप्रैल को 2400 से अधिक छापेमारी की गई, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने कई एलपीजी वितरकों पर दंडात्मक कार्रवाई की है।

# लाठी-डंडों व चाकू से पत्रकार को किया घायल

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार
- पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की दबिश




**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के खोड़ारे थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक पत्रकार पर जानलेवा हमले की सनसनीखेज घटना सामने आई है।अल्वीपुर नरहरपुर गांव निवासी राजेश चतुर्वेदी पर उस समय हमला किया गया,जब वह मसकनवा बाजार से अपना काम निपटाकर घर लौट रहे थे।

बताया जा रहा है कि दौलतपुर ग्रंट प्राथमिक पाठशाला के पास पहले से घात लगाए बैठे आरोपी अहमद और उसके साथियों ने राजेश की मोटरसाइकिल रोक ली।इसके बाद उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की गई और विरोध करने पर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया गया।हमले में राजेश चतुर्वेदी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको गंभीर चोट आई है, जबकि शरीर पर कई चोटों के निशान भी हैं।पीड़ित ने आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान हमलावर उनकी सोने की अंगूठी भी छीन ले गए।

घायल को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां उनका इलाज जारी है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। थाना अध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि आरोपी अहमद के खिलाफ जानलेवा हमले सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित कर दी गई हैं और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण भी कराया है और मामले की जांच जारी है।

इस वारदात के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। वर्तमान में राजेश चतुर्वेदी का गोंडा के मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है जहां चिकित्सकों ने उनका परीक्षण करने के बाद उन्हें इलाज के लिए भर्ती कर लिया है ।

# आरटीआई के जरिए आउटसोर्सिंग भर्तियों पर मांगी गई जानकारी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में आउटसोर्सिंग के माध्यम से हुई नियुक्तियों पर सवाल उठने लगे हैं। यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रोहित मिश्रा ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जनसूचना अधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजकर भर्तियों से संबंधित विस्तृत जानकारी मांगी है।

आरोप लगाया गया है कि आउटसोर्सिंग संस्था के माध्यम से हुई नियुक्तियों में नियमों और मानकों का पूरी तरह पालन नहीं किया गया। भर्ती प्रक्रिया में जारी विज्ञापनों की प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाए, जिसमें शैक्षिक योग्यता, चयन प्रक्रिया, अनुभव और वरीयता के मानदंड स्पष्ट हों।इसके अलावा चयनित अभ्यर्थियों की नामावली, उनकी शैक्षिक योग्यता, अनुभव प्रमाण पत्र तथा चयन से संबंधित अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां भी उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

आवेदन में यह भी पूछा गया है कि जिन अभ्यर्थियों ने पात्रता पूरी की थी, उन्हें साक्षात्कार के लिए क्यों नहीं बुलाया गया। उल्लेख किया है कि भर्ती प्रक्रिया में प्राप्त सभी आवेदनों की सूची और उनकी जांच का विवरण सार्वजनिक किया जाए, ताकि चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने नियमानुसार निर्धारित समयावधि में सूचना उपलब्ध कराने की मांग की है। जनसूचना अधिकारी की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि, मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग में हलचल तेज हो गई है और जल्द ही इस पर स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# महिला रेल कर्मचारियों के लिए निःशुल्क एक दिवसीय जंगल सफारी का सफल आयोजन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज 'कर्मचारी कल्याण निधि' के अंतर्गत कतर्नियाघाट वन्य जीव संरक्षण अभ्यारण्य के लिए एक दिवसीय निशुल्क जंगल सफारी का आयोजन किया गया।

इस कर्मचारी भ्रमण शिविर में गोण्डा एवं बलरामपुर परिक्षेत्र में यांत्रिक, कैरेज एंड वैगन, मेडिकल, वाणिज्य, इंजीनियरिंग, सिग्नल एवं दूरसंचार तथा विद्युत (लोको शेड) विभागों में कार्यरत 18 महिला रेल कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने कतर्नियाघाट में जंगल सफारी का उत्साहपूर्वक आनन्द लिया तथा जंगल में दुर्लभ वन्य जीवों और वनस्पतियों का अनुभव प्राप्त किया। इसके पूर्व सभी महिला रेल कर्मचारियों ने बिछिया रेलवे स्टेशन एवं मीटर गेज हेरिटेज टेऊन का अवलोकन किया। इस अवसर पर स्मृति स्वरूप रेलवे प्रशासन द्वारा सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह् व उपहार प्रदान किया गया। इस भ्रमण टूर का उद्देश्य महिला रेल कर्मचारियों को दैनिक कार्यों की व्यस्तता से अलग एक सकारात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करना था।

यात्रा के दौरान महिला कर्मचारियों के लिए आवश्यक सुविधाओं एवं सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए गए। इस अवसर पर मुख्य हित निरीक्षक मनीष कुमार श्रीवास्तव एवं संतोष कुमार गुप्ता की उपस्थिति में भ्रमण को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### सुजौली विद्यालय को मिला उत्कृष्ट शैक्षिक सहयोग सम्मान

*एनएमएमएस परीक्षा में 5 छात्रों की सफलता पर मिला सम्मान*



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद के मिहींपुरवा विकास खंड स्थित पी.एम.श्री. कम्पोजिट विद्यालय, सुजौली को उत्कृष्ट शैक्षिक सहयोग सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस) 2025-26 के तहत प्रदान किया गया है। विद्यालय के कुल पांच छात्र-छात्राओं ने इस प्रतिष्ठित एनएमएमएस परीक्षा में सफलता हासिल की है। यह सम्मान छात्रों का आवेदन कराने, उन्हें परीक्षा की तैयारी कराने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है। प्रधानाध्यापक श्रवन सिंह को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएस) के तहत कक्षा 8 के चयनित छात्रों को कक्षा 9 से 12 तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।इस उपलब्धि का प्रमाण-पत्र प्रयागराज से मनोविज्ञानशाला के निदेशक प्रताप नारायण सिंह, कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन के प्राचार्य अजय कुमार सिंह और साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा निदेशक अनिल भूषण चतुर्वेदी द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया गया।पी.एम.श्री. विद्यालय सुजौली की इस सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्रों और उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई दी है।

### पानी भरे गड्ढे में डूबकर बच्ची की मौत

*ईंट भट्टे पर नल से पानी पीने गई थी 5 साल की मासूम, पैर फिसलने से हुआ हादसा*



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पयागपुर इलाके में एक ईंट भट्टे पर पानी भरे गड्ढे में डूबने से पांच साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची नल से पानी पीने गई थी, तभी उसका पैर फिसल गया और वह गड्ढे में जा गिरी। यह घटना शनिवार शाम को हुई। रानीपुर इलाके के गौड़रिया ग्राम निवासी विक्रम नामक ग्रामीण पयागपुर थाना क्षेत्र में स्थित भट्टे पर ईंट पाथने का काम करता है। उसका परिवार भी वहीं रहता है। विक्रम की पांच वर्षीय बेटी नेहा शाम को भट्टे पर लगे नल से पानी पीने गई थी। काफी देर तक उसके वापस न लौटने पर पिता उसे ढूंढने निकला। उसने नेहा को पानी भरे गड्ढे में पड़ा देखा। अन्य लोगों की मदद से बच्ची को गड्ढे से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने रविवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत श्रद्धालुओं का दल निःशुल्क सोमनाथ मंदिर दर्शन यात्रा पर रवाना



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनपद में आयोजित हो रहे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व – अटूट आस्था के 1000 वर्ष कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा सोमनाथ मंदिर दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की निशुल्क यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट परिसर से श्रद्धालुओं के बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा के तहत जनपद से कुल 09 श्रद्धालु सोमनाथ मंदिर दर्शन के लिए रवाना हुए, जिनमें उत्कर्ष पांडे (ग्राम विशुनीपुर, बलरामपुर), राम उजागर (चंदनपुर, बलरामपुर), चंद्रभान (परसरामपुर थारू), तुलसीराम (भूसहर उचवा, पचपेड़वा), राम नोखाई (भगवानपुर कोडर), शिवपूजन (बिशनपुर विश्राम), कुलभूषण पांडे (इटियाथोक, गोंडा), अक्षत मिश्रा (नानपारा, बहराइच) एवं प्रियंका अग्रवाल (मटेरा बाजार, बहराइच) शामिल हैं। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि यह यात्रा श्रद्धालुओं को न केवल धार्मिक आस्था से जोड़ती है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना को भी सुदृढ़ करती है। उन्होंने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। उल्लेखनीय है कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन सोमनाथ मंदिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष एवं मंदिर के पुनरुद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जन-भागीदारी के साथ व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश की सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक चेतना एवं आस्था के प्रति जनजागरूकता को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### बहू-बेटी सम्मेलन में महिलाओं को किया जागरूक

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना सादुल्लानगर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.2 के तहत ग्राम मद्दौ भट्ठा में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम थाना अध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें महिला आरक्षी सीता गुप्ता ने महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न सामाजिक और कानूनी विषयों पर जागरूक किया। सम्मेलन में दहेज प्रथा, बाल विवाह और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दहेज लेना और देना दंडनीय है। इस दौरान सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई। महिलाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, यूपी आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 102/108, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में भी बताया गया।

# परिवार परामर्श केन्द्र में दो जोड़े एक साथ रहने को हुए राजी



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

रविवार जनपद गोण्डा के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में परामर्शदाताओं द्वारा बिछडे जोड़ों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया तथा 02 जोड़ों को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने हेतु राजी कर लिया गया।

**परिवार परामर्श केन्द्र में उपस्थिति सदस्यगण:-** शशि कुमार भारती, गंगाधर शुक्ल, राम मंगल मौर्या, संतोष ओझा, अनीता श्रीवास्तव, उक्ति डॉ0 उमा सिंह, अनीता यादव (प्रभारी निरीक्षक महिला थाना), उ0नि0 प्रतिभा सिंह (प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र), म0आ0 सीमा यादव, म0आ0 सरोजा, म0आ0 अनुप्रिया सिंह, म0आ0 नेहा सिंह आदि उपस्थित रहे।

# वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से किया मंत्रमुग्ध

- उप्रा विद्यालय अल्लीपुर में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव व मेधावी छात्र सम्मान समारोह

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के जरवल विकास क्षेत्र में ग्रामसभा अल्लीपुर स्थित सरकारी विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव व मेधावी छात्र सम्मान समारोह में छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। विकास खण्ड के सुदूर छोर पर स्थित विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम किसी कॉन्वेंट स्कूल से कमतर नही रहे। कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों का हुजूम बच्चों की हर प्रस्तुति पर तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन करता रहा।आयोजन के मुख्य अतिथि बीईओ जरवल ए बी सिंह रहे। शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्पण व दीप प्रज्जवलन से हुआ। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। बीईओ श्री सिंह ने समारोह में मौजूद ग्रामीणों से कहा कि बच्चों के सीखने की यात्रा में अभिभावक व शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने छात्रों की मंच पर आत्मविश्वास से लबरेज़ प्रस्तुति पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा कहा कि शिक्षक बच्चों के भाग्यविधाता होते हैं, जो इनके आत्मविश्वास को आकार देते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा पांचवी व आठवीं के मेधावी छात्रों को मेडल व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन एआरपी विनय शुक्ल ने किया। भूतपूर्व प्रधानाध्यापक अभिषेक श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। विद्यालय प्रभारी शिक्षक ओमप्रकाश गौतम ने आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर समाजसेवी सूरज सिंह, एआरपी अभिषेक श्रीवास्तव, सनत तिवारी, विनय सिंह, विनय श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान अल्लीपुर पारसनाथ, कोटेदार अख्तर अली, वरिष्ठ शिक्षक मुबस्सिर, मसीहुद्दीन, गौरव मिश्र, मालती गौतम, हसनैन, अरविंद सिंह, न्याय पंचायत के शिक्षक शिक्षिकायें, रसोइयागण समेत बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# एएसपी सिटी ने कोतवाली नगर, कोतवाली देहात व थाना दरगाह शरीफ का किया औचक निरीक्षण



**आयुष विक्रम सिंह ने चार्ज लेते ही थानों के निरीक्षण पर निकले, दिए आवश्यक निर्देश**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने कोतवाली नगर, कोतवाली देहात एवं कोतवाली दरगाह शरीफ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त समस्त थानों में थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, अभिलेखों के रख-रखाव, ड्यूटी/आगंतुक/अपराध रजिस्टर, मालखाना, हवालात एवं महिला हेल्प डेस्क की स्थिति का अवलोकन किया। अभिलेखों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया। साथ ही थाना परिसर की साफ-सफाई, पुलिस बल की उपस्थिति, बीट प्रणाली एवं गश्त व्यवस्था की समीक्षा कर प्रभावी पेट्रोलिंग एवं अपराधियों पर सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए।महिला संबंधी अपराधों के प्रति संवेदनशीलता बरतते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। एएसपी सिटी ने समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई को प्राथमिकता पर लेते हुए शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूर्ण सतर्कता एवं सक्रियता बनाए रखें।

# परशुराम जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

- हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग
- पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह भी हुए शामिल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर समेत ग्रामीण इलाकों में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह सहित कई प्रमुख हस्तियां भी विभिन्न आयोजनों में शामिल हुईं। परशुराम सेवा प्रकोष्ठ की ओर से एक मुख्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा मरी माता मंदिर से शुरू होकर रमपुरवा स्थित परशुराम मंदिर तक निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान पूरा मार्ग भगवान परशुराम के जयघोष से गूंज उठा। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ श्रद्धालु आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया और पुष्प वर्षा की। रमपुरवा स्थित परशुराम मंदिर पहुंचने पर भक्तों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की गई। इस अवसर पर समाज की सुख-समृद्धि और एकता के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। सवर्ण आर्मी प्रमुख सर्वेश पांडे की ओर से जनपद के पयागपुर इलाके में भी एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, पयागपुर के भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी, निशंक त्रिपाठी और ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र नाथ तिवारी ने समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विप्र समाज को लगातार बांटने की साजिशें की जा रही हैं, लेकिन यह बुद्धिजीवी समाज कभी विभाजित नहीं होगा। उन्होंने सभी से आपसी सहयोग और एकता बनाए रखने की अपील की।

# 80 साल पुराने कैलाशनाथ मंदिर में महंत का चुनाव

- जयरामदास उर्फ मुंशी बाबा को सौंपी गद्दी, कमेटी ने अंगवस्त्र पहनाकर किया सम्मानित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



सुजौली इलाके के कैलाशपुरी स्थित करीब 80 वर्ष पुराने त्यागी बाबा कैलाशनाथ मंदिर में शनिवार को महंत का चुनाव संपन्न हुआ। दो वर्ष बाद कमेटी के माध्यम से कराए गए इस चुनाव में जयरामदास उर्फ मुंशी बाबा को मंदिर का नया महंत चुना गया। चुने गए महंत को अन्तर्वेद महंत गोकुलदास ने विधिविधान के साथ महंत की गद्दी सौंपी।

प्रधान प्रतिनिधि चहलवा प्रीतम निषाद ने बताया कि नव नियुक्त महंत, त्यागी बाबा के शिष्य रहे हैं। कमेटी ने उन्हें अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित भी किया।मंदिर की अन्य व्यवस्थाओं के लिए कमेटी ने बाबा लाल साहब और बाबा बब्बनदास को जिम्मेदारी सौंपी है, जिन्हें महंत का सहयोगी बनाया गया है।

चुनाव के बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस दौरान कमेटी संरक्षक फत्ते नारायण चौधरी, अध्यक्ष राजेश महतो, पूर्व प्रधान राजेन्द्र भगत, राजेश मौर्य, प्रेम निषाद सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# परशुराम जयंती पर हजारों भक्तों ने निकाली शोभायात्रा

- मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की, समाज एकता का दिया संदेश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



परशुराम सेवा प्रकोष्ठ और परशुराम सेवा संस्थान के तत्वावधान में भगवान श्री परशुराम जयंती के अवसर पर एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

यह शोभायात्रा मरी माता मंदिर से प्रारंभ होकर रमपुरवा स्थित परशुराम मंदिर तक निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भगवान परशुराम के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ आगे बढ़ रहे थे, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया और पुष्प वर्षा कर श्रद्धा व्यक्त की।

रमपुरवा स्थित परशुराम मंदिर पहुंचने पर भक्तों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। इस अवसर पर समाज की सुख-समृद्धि और एकता के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र नाथ तिवारी ने समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विप्र समाज को लगातार बांटने की साजिशें की जा रही हैं, लेकिन यह बुद्धिजीवी समाज कभी विभाजित नहीं होगा। तिवारी ने सभी से आपसी सहयोग और एकता बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर अलंकार अग्निहोत्री और दिल्ली से कविता तिवारी ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। शोभायात्रा में परशुराम सेना प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न पांडेय, प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र नाथ तिवारी, देवेश चंद्र मिश्र मंजनू, डॉ. राजेश तिवारी, कृष्ण कुमार ओझा, राजकुमार बाजपेयी, चंद्र भूषण द्विवेदी, आदर्श शुक्ला, सुशील शुक्ला, भुवन मिश्रा, स्नेह शुक्ला, मनोज अवस्थी, दीपू मिश्रा, इंद्रेश मिश्रा, सूरज त्रिवेदी, अमित बाजपेयी, पुंडरीक पांडेय, पवन शुक्ला, राम बाबू दीक्षित, राहुल शुक्ला, नवीन शर्मा, देवेंद्र मिश्र, रत्नेश मिश्रा, अंशुमान शुक्ल सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़, डीजल-पेट्रोल की अफवाह

- अफवाह के कारण वाहन चालकों और किसानों की लंबी कतारें



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज क्षेत्र में रविवार को डीजल-पेट्रोल न मिलने की अफवाह के कारण पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह 5 बजे से ही लोग अपने वाहनों, स्कूली बसों और बाइकों के साथ तेल भरवाने के लिए कतारों में लग गए। नवाबगंज के बाबागंज-मल्हीपुर मार्ग पर स्थित नव्वागांव के विद्या फ्यूल भारत पेट्रोल पंप पर वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। पुलिस टीम की मदद से तेल वितरण किया जा रहा है, लेकिन अफरातफरी का माहौल बना हुआ है। तेल लेने आए लतीफ अहमद, सुनील कुमार, मुबारक अली, रियाज और राजेंद्र जैसे लोगों ने बताया कि वे दो दिनों से डीजल-पेट्रोल के लिए चक्कर काट रहे हैं और लंबी कतारों से परेशान हैं। नवाबगंज के भटपुरवा भारत पेट्रोल पंप पर भी ऐसी ही स्थिति है। दरअसल, डीजल-पेट्रोल उपलब्ध होने के बावजूद लोग भविष्य के लिए ड्रमों और गैलनों में अतिरिक्त तेल भरकर घरों में जमा कर रहे हैं, जिसके कारण कतारें लंबी हो रही हैं। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी ने स्पष्ट किया है कि डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं है।

# शिवा कॉलेज में अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी, संविधान व सामाजिक समरसता पर हुआ मंथन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**




विधानसभा क्षेत्र उतरौला स्थित शिवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के मान्यवर श्याम लाल वर्मा सभागार में 'डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान' के तहत एक भव्य विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही, जिससे पूरा सभागार खचाखच भरा नजर आया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती दद्दन मिश्रा रहे। संगोष्ठी का शुभारंभ भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया।

अपने संबोधन में दद्दन मिश्रा ने कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने देश को एक मजबूत और समावेशी संविधान प्रदान किया, जो हर नागरिक को समान अधिकार और न्याय की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है, जिससे हमें प्रेरणा लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए।

विधायक राम प्रताप वर्मा ने भी बाबा साहब के विचारों और उनके संघर्षमय जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और समाज के प्रत्येक वर्ग को उनके विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है।

जिला महामंत्री महेंद्र पाण्डेय ने डॉ. अंबेडकर के शिक्षा संबंधी विचारों को साझा करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज के उत्थान का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के प्रति सजग रहकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

संगोष्ठी में वरिष्ठ नेता सियाराम सरोज, विधानसभा संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष देवानंद गुप्ता, गन्ना चेयरमैन तोताराम वर्मा, युवा जिला अध्यक्ष संदीप वर्मा, जिला संयोजक अंकुर गुप्ता, फणींद्र कुमार गुप्ता,, रोहित गुप्ता सहित सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारी, सभासद, मातृशक्ति एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया और बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

# कम्पोजिट विद्यालय छतईडीह मै चोरो ने ताला तोड़कर उड़ाए हजारों का सामान

**महराजगंज तराई, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



एक सप्ताह पहले कंपोजिट विद्यालय पुरेबक्स छतईडीह में चोरो ने विद्यालय का ताला तोड़कर विद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए थे। विद्यालय कघ प्रधानाध्यापिका रूपवती पांडे ने थाना पर तहरीर दिया था। पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके जांच में जुट गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन चोरों को गिरफ्तार करके जेल भेजा। महराजगंज थाना क्षेत्र के पुरेबक्स छतईडीह में एक सप्ताह पूर्व कंपोजिट विद्यालय में विद्यालय के दरवाजे का ताला तोड़कर चोरों ने विद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक सामान इनवर्टर बैटरी गैस सिलेंडर खेलकूद सामग्री व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी की थी। पुलिस ने प्रधानाध्यापिका के तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच में जुट गई। रविवार को मुखबिर ने सूचना दिया कि तीन चोर चोरी का सामान बेचने की फिराक में जा रहे हैं। पुलिस टीम के उप निरीक्षक राम मोहन सिंह हेड कांस्टेबल विंध्याचल मिश्र व कांस्टेबल सुशील कुमार श्रीकांत निराला ने घेराबंदी करके दीपू वर्मा उर्फ टीपू पुत्र नागिने किशन बिहारी उर्फ पप्पू इकबाल उर्फ ननकने पुत्र नजीर निवासी छतईडीह थाना महराजगंज को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपी के पास विद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण साथ में मिले। थाना प्रभारी संतोष तिवारी ने बताया कि तीनों चोरों पर मुकदमा पंजीकृत करके न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# सदियों के आक्रमणों के बावजूद अडिग है सनातन आस्था-योगी

**▸ मुख्यमंत्री ने सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश का किया शुभारंभ**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अंतर्गत लखनऊ से सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी गौरवशाली सनातन विरासत और आधुनिक विकास के नए युग में एक साथ आगे बढ़ रहा है। सदियों के आक्रमणों के बावजूद सनातन आस्था अडिग रही और आज यतो धर्मस्ततो जयः के भाव के साथ पुनः अपने स्वाभिमान के शिखर पर स्थापित हो रही है। मुख्यमंत्री ने सोमनाथ मंदिर के



ऐतिहासिक पुनरुत्थान का उल्लेख करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल और राजेंद्र प्रसाद के योगदान को याद किया और कहा कि आज सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अभियान नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुका है।

इस अवसर पर उन्होंने सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा को रवाना करते हुए इसे भारत की आस्था, एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताया। यह हमारा सौभाग्य है कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और दृढ़ नेतृत्व में अपनी गौरवशाली विरासत के साथ-साथ आधुनिक विकास के नए युग में प्रवेश कर रहा है। आज का यह आयोजन इस बात का प्रतीक है कि भारत के शास्त्रों की मान्यता के अनुसार जैसे आत्मा अजर-अमर है, वैसे ही सनातन आस्था भी इस अजर-अमर पथ का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबने देखा है कि भारत की सनातन संस्कृति पर सदियों से हमले होते रहे, लेकिन हमलावर भारत की आस्था को न तो तोड़ पाए और न ही झुका पाए। 1000 वर्ष पहले द्वादश ज्योतिर्लिंगों में देवाधिदेव महादेव के प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ भगवान के मंदिर पर विदेशी आक्रांता महमूद गजनवी के नेतृत्व में कायराना हमला किया गया। आक्रांताओं ने भारत की धन-संपदा लूटी, मंदिरों को अपवित्र किया और सनातन आस्था पर प्रहार किया। लेकिन भारत के सनातन धर्म की अटूट आस्था भगवा पताका के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी रही। आज 1000 वर्ष बाद जब हम देखते हैं तो भारत की सनातन आस्था पूरी दृढ़ता से विश्व के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है, जबकि आक्रांताओं का कोई नामोनिशान इस धरती पर नहीं बचा है। यही है यतो धर्मस्ततो जयःका शंखनाद।

### अक्षय तृतीया पर मुख्यमंत्री ने दीं शुभकामनाएं

उत्तर प्रदेश में रविवार को अक्षय तृतीया का पर्व धूम-धाम से मनाया गया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। हालांकि, मथुरा समेत कई प्रमुख स्थानों पर सोमवार को भी यह पर्व मनाया जाएगा। उप्र के मुख्यमंत्री योगी ने अपने आधिकारिक एक्स खाते पर एक पोस्ट में कहा, समृद्धि, सौभाग्य और पुण्य प्राप्ति के प्रतीक पावन पर्व अक्षय तृतीया की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, भगवान श्री विष्णु जी एवं मां लक्ष्मी जी से प्रार्थना है कि यह पावन दिन सभी के जीवन में सुख, समृद्धि लाने के साथ मंगलमयता का संचार करे तथा हर घर को आनंद और उन्नति प्रदान करे।

# अब टेंशन नहीं, सरकार खरीद लेगी आलू

### मिलेंगे वाजिब दाम, यूपी के किसानों की बल्ले-बल्ले

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के आलू किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। केंद्र सरकार ने किसानों की समस्याओं को देखते हुए बड़े पैमाने पर आलू खरीद को मंजूरी दे दी है, जिससे राज्य के लाखों किसानों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के निर्णय के तहत उत्तर प्रदेश में 20 लाख टन आलू की खरीद को हरी झंडी दी गई है। यह खरीद श्वाजार हस्तक्षेप योजनाश् के तहत की जाएगी, जिसका उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना है। योजना अंतर्गत आलू की खरीद 6,500.90 रुपये प्रति टन के बाजार हस्तक्षेप मूल्य पर की जाएगी। इससे किसानों को खुले बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव और कीमत गिरने की स्थिति से राहत मिलेगी। इस बड़े पैमाने की खरीद के लिए सरकार पर लगभग 203.15 करोड़ रुपये का वित्तीय भार आने का अनुमान है।

अब किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और उन्हें सीधा लाभ मिलेगा।इस सरकारी खरीद से बाजार में बिचौलियों की भूमिका कम होगी और किसानों को उनकी मेहनत का सही मूल्य मिल सकेगा। फसल की कीमतों में स्थिरता आने की संभावना बढ़ेगी। यह फैसला न केवल आलू उत्पादक किसानों के लिए राहत लेकर आया है बल्कि इसे कृषि क्षेत्र में एक बड़ा सुधार भी माना जा रहा है। इससे किसानों की आय बढ़ाने और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी।

## खबरें एक नजर में

### राजधानी में तेज धूप ने किया परेशान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में अगले सात दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि कई जिलों में लू और गर्म रात की स्थिति बनी रह सकती है। मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा जारी दैनिक बुलेटिन के मुताबिक 25 अप्रैल तक बारिश के कोई आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने बताया कि 19 से 23 अप्रैल के बीच दक्षिणी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में दिन के समय कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी भागों में कुछ स्थानों पर गर्म रात की स्थिति भी रह सकती है। 24 और 25 अप्रैल को किसी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की गई है। प्रदेश में शनिवार को तापमान में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। बांदा 44.6 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म जिला रहा। इसके अलावा प्रयागराज में 43.2 डिग्री, झांसी में 43.1 डिग्री, वाराणसी में 43.0 डिग्री, सुल्तानपुर में 42.8 डिग्री, लखनऊ में 41.0 डिग्री और गोरखपुर में 40.7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार शुष्क हवाएं, तेज धूप और नमी में कमी के कारण तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच सकता है। दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई है।

### जैन मंदिर में अक्षय तृतीया पर्व मनाया, भगवान ऋषभदेव का अभिषेक, श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के गोमती नगर स्थित जैन मंदिर में अक्षय तृतीया का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान ऋषभदेव का अभिषेक और पूजन किया गया, जिसके साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में मुख्य शांति धारा पीसी जैन मंडी और डॉ. सारांश जैन परिवार द्वारा की गई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर भक्ति संगीत और मंत्रोच्चार से गूंज उठा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अक्षय तृतीया के दिन ही भगवान ऋषभदेव ने 13 महीने की कठोर तपस्या के उपरांत मुनि अवस्था में हस्तिनापुर के राजा श्रेयांश से गन्ने के रस के रूप में अपना प्रथम आहार ग्रहण किया था। इसी घटना को इस युग में दान की परंपरा की शुरुआत माना जाता है। अभिषेक जैन ने बताया कि जैन धर्म में दान को विशेष महत्व है, जिसे चार भागों में वर्गीकृत किया गया है, आहार दान, औषधि दान, अभय दान और ज्ञान दान। यह मान्यता है कि दान से धर्म साधना को बढ़ावा मिलता है, इसलिए इसे तीर्थ की संज्ञा भी दी जाती है। इसी परंपरा का पालन करते हुए मंदिर में श्रद्धालुओं को गन्ने का रस वितरित किया गया। डॉ. सारांश जैन और डॉ. तनुप्रिया जैन परिवार ने इस सेवा कार्य में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।इस अवसर पर मंदिर के मंत्री आलोक जैन, संदीप, रचित, अमित, विनय कपूर, जय कुमार, प्रकाश चंद, राकेश और दीपक सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में अनुशासन और भक्ति का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

### धार्मिक स्थलों के लिये नि:शुल्क सोलर का प्रस्ताव रखा एचआईक्यू ने

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एच. आई क्यु. ग्रुप आफकम्पनीज की समाजिक बिंग खिदमत फाउन्डेशन ने सभी धर्मो से सम्बन्धित धार्मिक स्थलों पर बिजली आपूर्ति हेतु नि:शुल्क सोलर प्लांट लगाने का एक प्रोजेक्ट,प्रोपजल प्रदेश सरकार को भेजने का निर्णय लिया है। एच आई क्यु कम्पनी के डायरेक्टर कैफइजलाल ने बताया कि प्रदेश में सभी धर्मों से सम्बन्धित धार्मिक स्थलों पर उनकी प्रबन्ध समीति की इच्छा और अनुमति से उनकी कम्पनी नियमानुसार अपने नि:शुल्क खर्चे पर सोलर प्लांट लगायेगी। कैफइजलाल ने बताया उनकी कम्पनी एचआईक्यु ने सोलर प्लांट से सम्बन्धित प्रोजेक्ट,प्रोपोजघ्ल तैयार किया है जिसको शीघ्र ही मंजूरी के लिये प्रदेश सरकार को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश सरकार अनुमति देती है तो नियमानुसार सभी धर्मो से सम्बन्धित धार्मिक स्थलों जैसे मन्दिर मस्जिद, गुरुद्वारे एवं चर्च आदि में वहां की प्रबन्ध समीति की इच्छा और अनुमति से नि:शुल्क सोलर प्लांट लगाया जाएगा। कैफइजलाल ने कहा कि सोलर प्लांट से धार्मिक स्थल की बिजली आपूर्ति तो पूर्ण रूप से निशुल्क होगी ही साथ दूसरे जरूरतमंद नागरिकों को भी बिजली विक्रय की जा सकेगी जिससे धार्मिक स्थल की आय में इजाफा होगा। उन्होंने कहा उस आयु से धार्मिक स्थलों की अन्य आवश्यक्ताओं को पूर्ण किया जा सकेगा।

### बीजेपी की दोहरी नीति अब ज्यादा दिन चलने वाली नही-लोकदल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव के समय महिलाओं के नाम पर राजनीति करना और बाद में वास्तविक अधिकारों से वंचित रखना, यह दोहरी नीति अब ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं की आड़ में अपनी ओझिल राजनीति को आगे बढ़ा रही है, लेकिन देश की महिलाएं अब जागरूक हैं और समय आने पर ऐसी राजनीति को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएंगी। सुनील सिंह ने स्पष्ट कहा कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण पर्याप्त नहीं है। आधी आबादी महिलाओं की है, इसलिए उन्हें 50 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। केवल कानून बनाकर राजनीतिक लाभ लेना, लेकिन जमीनी स्तर पर महिलाओं को अवसर न देना, यह महिलाओं के साथ अन्याय है। पुरुष नेताओं की मानसिकता आज भी नहीं बदली है और वे अपनी सीटें छोड़ना नहीं चाहते।

# नारी को नारा बनाकर भ्रम फैलाना चाहती थी भाजपा, विपक्ष ने रोका खेल : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

**▸ महिलाओं के अधिकार के नाम पर भाजपा राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश में**



राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं के अधिकार के नाम पर भाजपा राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है, जबकि वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा नारी को नारा बनाकर भ्रम फैलाना चाहती थी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ दल महिलाओं के नाम पर केवल नारेबाजी कर रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। भाजपा महिलाओं को सशक्त बनाने के बजाय उन्हें राजनीतिक मुद्दा बनाकर पेश करना चाहती है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार देश में जनगणना तक नहीं करा पा रही है, तो महिला आरक्षण को प्रभावी तरीके से लागू करने की बात कैसे कर सकती है? उनके मुताबिक, जनगणना के बिना नीतिगत फैसलों की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं।

यदि जनगणना कराई जाती है तो स्वाभाविक रूप से जातीय जनगणना की मांग भी उठेगी, लेकिन केंद्र सरकार इस दिशा में आगे बढ़ने से बच रही है। उनका आरोप था कि सरकार समाज के विभिन्न वर्गों को उनका वास्तविक अधिकार देने के प्रति गंभीर नहीं है।

सपा प्रमुख ने यह भी कहा कि आधी आबादी को अधिकार देने की बात करने से पहले यह स्पष्ट होना चाहिए कि उस प्रतिनिधित्व का आधार क्या होगा और उसका निर्धारण कैसे किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान में विपक्ष ही देश के विविध वर्गों की आवाज बनकर उभर रहा है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल पहले समाज को छोटे-छोटे वर्गों में विभाजित करता है और फिर उनमें भय का माहौल बनाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करता है।

उन्होंने इसे डर और भ्रम की राजनीति करार दिया और कहा कि अब जनता इस रणनीति को समझ चुकी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा का तथाकथित सीएमएफ (क्रिएट मिस्ट्रस्ट एंड फियर) फार्मूला अब अप्रासंगिक हो चुका है और जनता इसे नकार रही है। उनके अनुसार, महिला आरक्षण विधेयक के जरिए भाजपा महिलाओं के बीच विभाजन पैदा करना चाहती थी, लेकिन विपक्ष की एकजुटता ने इस प्रयास को विफल कर दिया।

# बाजार खाला में मांझे से बुजुर्ग घायल, कटा गला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधाानी लखनऊ के हैदरगंज, बाजार खाला मार्ग पर एक बार फिर प्रतिबंधित कांच लेपित मांझे ने कहर बरपाया। रविवार को खुर्जा निवासी एक बुजुर्ग का गला मांझे से कट गया। गनीमत रही कि हेलमेट की बेल्ट होने से बड़ा हादसा टल गया।

घायल बुजुर्ग ने बताया कि वह दोपहर के समय बाइक से गुजर रहे थे, तभी अचानक उनकी गर्दन पर तेज दर्द महसूस हुआ। कुछ समझ पाते उससे पहले ही मांझे ने गले को काट दिया। बुजुर्ग के मुताबिक, अगर उन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता तो चोट और गंभीर हो सकती थी। हेलमेट की बेल्ट ने मांझे को पूरी तरह गले तक पहुंचने से रोका और बड़ा हादसा टल गया कांच लेपित चाइनीज मांझे पर साल 2017 से प्रतिबंध लगा हुआ है, लेकिन इसके बावजूद शहर में इसकी बिक्री और इस्तेमाल धड़ल्ले से जारी है। यह मांझा न सिर्फ इंसानों बल्कि पक्षियों के लिए भी जानलेवा साबित हो रहा है। लगातार हो रही घटनाओं के बाद एक बार फिर प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि अगर सख्ती से रोक लगाई जाए तो ऐसे हादसों को रोका जा सकता है। विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों ने अपील की है कि बाइक सवार हमेशा हेलमेट पहनें और ऐसे खतरनाक मांझे के इस्तेमाल व बिक्री की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके।

# क्या सिर्फ डिम्पल यादव को संसद जाने का हक है : बेबी रानी

**▸ नारी शक्ति वंदन संशोधन विधयेक गिरने पर विपक्ष पर भड़कीं महिलाये**
**▸ विपक्षी दलों पर महिलाओं का हक छीनने का आरोप**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधयेक गिरने के बाद उत्तर देश भर में विरोध देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश की महिलाएं भी इसे नारी विरोधी बता रहीं हैं। यह विधेयक लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने से जुड़ा था, ऐसे में विपक्ष पर महिलाओं का हक मारने का आरोप लग रहा है।विपक्षी दलों ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधयेक को पारित नहीं होने दिया। उत्तर प्रदेश में राजनीति से लेकर तमाम क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं ने इसे विपक्ष की चुनावी हार की शुरुआत बताया। भाजपा महिला नेताओं का कहना है कि सपा-कांग्रेस समेत विपक्ष केवल अपने घर की महिलाओं को ही लोकसभा और विधानसभा में देखना चाहता है। ये परिवारवाद से ग्रस्त हैं और विपक्ष को आगामी चुनावों में आधी आबादी का हक छीनने का नुकसान उठाना पड़ेगा। पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ की महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से विपक्ष घबराया हुआ है। यह विधेयक मुस्लिम महिलाओं के खिलाफनहीं है। पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ही मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक जैसी कुप्रथा से आजादी मिली।कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य ने कहा कि कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी का महिला विरोधी चेहरा सामने आ गया है। आखिर अखिलेश यादव महिलाओं को संसद में क्यों नहीं देखना चाहते? क्या सिर्फयादव परिवार की डिम्पल यादव को ही संसद में जाने का अधिकार है? क्या ये अधिकार देश और उत्तर प्रदेश की आम महिलाओं को नहीं मिलना चाहिए? राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम बोली,आज राष्ट्रपति एक महिला हैं, देश के कई उच्च पदों पर महिलाएं काम कर रहीं हैं और देश के विकास में अपना योगदान दे रहीं हैं। प्रधानमंत्री ने महिलाओं के हित में जितना काम किया है, उतना इतिहास में कभी नहीं हुआ। मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक जैसी निंदनीय कुप्रथा से आजादीमिली। अब जब देश की संसद में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी को सुनिश्चित करने का वक्त आया तो विपक्ष ने अपना महिला विरोधी चेहरा दिखा दिया। वही राज्यमंत्री रजनी तिवारी बोली,प्रधानमंत्री मोदी ने जिस भारत का सपना देखा है और जिस पर वे लगातार काम कर रहे हैं, उसमे अड़ंगा लगाना जैसे विपक्ष का मूल व्यवहार बन गया है। समाजवादी पार्टी मुख्यमंत्री योगी की महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं से वैसे ही घबराई हुई है और ऐसे में अगर महिलाओं को आरक्षण मिलता है तो प्रधानमंत्री ने जिस सशक्त भारत का सपना देखा है, वह पूरा होता। इसे विपक्ष और अखिलेश यादव पूरा होते देखना नहीं चाहते।

# सपा कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज में अपर्णा यादव के खिलाफ शिकायत दी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज कोतवाली में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के खिलाफ शिकायत दी। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की मांग की है। ऐसा न होने पर महा आंदोलन का ऐलान किया है। सपाइयों ने कहा कि अपर्णा यादव ने महिला आरक्षण बिल को लेकर विधानसभा के सामने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का झंडा जलाया था। इससे दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हुई हैं। सपा के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप कुमार कुमार ने कहा कि विरोध के नाम पर किसी भी पार्टी का झंडा जालना बेहद निंदनीय है। पार्टी के झंडे से करोड़ों कार्यकर्ताओं की भावनाएं जुड़ी होती हैं। महिला आरक्षण बिल के नाम पर विरोध करते हुए विधान सभा के सामने हमारी पार्टी का झंडा जलाया गया, जिसके बाद से हम सभी आहत हैं। हमने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है, अगर कार्रवाई नहीं हुई तो महा आंदोलन होगा। प्रदीप ने कहा कि झंडा जलाने के बाद तमाम कार्यकर्ता बेहद आक्रोशित हैं। झंडे में साइकिल के निशान के साथ हमारे नेताजी मुलायम सिंह यादव और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तस्वीर थी। इससे प्रदेश और देश का माहौल बिगड़ सकता है। इसलिए हम चाहते हैं कि संबंधित घटना में कानूनी कार्रवाई की जाए। सपा के साथ जो कांग्रेस का झंडा जलाया गया है, उसमें तीन रंग थे जो तिरंगा का स्वरूप है। कम से कम विरोध करते समय इसका ध्यान रखना चाहिए था। सपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि किसी पार्टी का झंडा नहीं जला सकते हैं। इससे बहुत ही गलत संदेश जाता है। इससे ये भी पता चलता है कि आप को देश के कानून की जानकारी नहीं है। सबसे दुखद है कि विधानसभा के सामने यह घटना हुई। राजनीति में शिष्टाचार की रेखा को पार करके काम किया गया है। राजनीति अपनी जगह है। विरोध का भी एक पैमाना होता है। विरोध करने का अधिकार सबको है, मगर भावनाओं को ध्यान में रखना जरूरी है। प्रदेश-देश का अमन चौन ना बिगड़े इसलिए कार्रवाई जरूरी है।

# राष्ट्र के लिए प्रेरक होता है पीएम का प्रत्येक कार्यक्रम : धर्मपाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने वाराणसी में 28 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर वाराणसी महानगर एवं जिला इकाइयों की बैठक की।

महिला सशक्तिकरण को समर्पित कार्यक्रम की जिम्मेदारी मातृशक्ति को सौंपते हुए विशेष रूप से महिला सहभागिता को केंद्र में रखा गया। कार्यक्रम की रूपरेखा, जनसंपर्क अभियान, बूथ स्तर तक की जिम्मेदारियों एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा कीतथा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों को दायित्व निर्वहन पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ करने का मंत्र देते हुए जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने महिला मोर्चा की पदाधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का प्रत्येक कार्यक्रम राष्ट्र के लिए प्रेरक होता है। उन्होंने आह्वान किया कि मातृशक्ति संगठनात्मक शक्ति और परिश्रम के साथ तैयारियों में जुटें ताकि यह कार्यक्रम नारी सामर्थ्य का उदाहरण बन सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की योजनाओं और नीतियों को महिलाओं की आर्थिक समृद्धि एवं सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित किया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प भी संसद में प्रस्तुत किया। जिस संकल्प को सपा और कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों दलों ने अपने महिला विरोधी एजेंडे के कारण साकार नहीं होने दिया। प्रदेश महामंत्री संगठन ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम की कमान जब मातृशक्ति संभालेगी, तब यह आयोजन महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण बनेगा। यह कार्यक्रम इस सत्य को भी स्थापित करेगा कि भारत की नारी नेतृत्व करने में पूर्णतः सक्षम है।बैठक में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, भाजपा महानगर अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### योगी से मिले पंकज चौधरी, हुई चर्चा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बीजेपी के सूबाई दफ्तर पहुंचे। बीजेपी कार्यकर्ताओं में उनसे मिलने की होड़ लगी थी। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि आज लखनऊ स्थित भाजपा कार्यालय में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने अपने सूबाई पार्टी दफ्तर में मुख्यमंत्री का स्वागत किया।इस दौरान दोनों लीडरों के बीच प्रदेश के विकास, जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। पार्टी के भावी कार्यक्रमों और नीतियों पर गहन विचार विमर्श किया गया।

**राहत** | **रूपांतरण अवधि में उपभोक्ताओं को राहत, 45 दिन तक नहीं होगा डिस्कनेक्शन**

# टेक्निकल कमेटी की रिपोर्ट आने तक स्मार्ट मीटर पर रोक

**▸ सुदृढ़, पारदर्शी और उपभोक्ता हितैषी विद्युत व्यवस्था के लिए सरकार प्रतिबद्ध : शर्मा**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने शक्ति भवन में समीक्षा बैठक में विद्युत व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, उपभोक्ता हितैषी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

ऊर्जा मंत्री ने विशेष रूप से स्मार्ट मीटर व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में गठित तकनीकी समिति जब तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर देती और उसकी जांच नहीं हो जाती, तब तक पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी। श्री शर्मा ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए कहा कि जहां स्मार्ट मीटर अभी तत्काल में लगे हैं, वहां लगभग 15 दिन की कन्वर्जन अवधि तथा उसके बाद 30 दिन यानी कुल लगभग 45 दिन तक किसी भी उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है कि जीरो बैलेंस होने की स्थिति में अधिकतम 3 दिन या 2 किलोवाट भार तक विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं



होगी, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

उपभोक्ताओं को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 5-स्तरीय एसएमएस अलर्ट प्रणाली लागू की जाएगी, जिसके तहत बैलेंस 30 प्रतिशत होने पर पहला, 10 प्रतिशत पर दूसरा, बैलेंस समाप्त होने पर तीसरा, डिस्कनेक्शन से एक दिन पूर्व चौथा तथा डिस्कनेक्शन के बाद पांचवां संदेश भेजा जाएगा। मंत्री ने निर्देश दिए कि रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में बैलेंस नेगेटिव होने पर किसी भी स्थिति में बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके।

मंत्री ने डिस्कॉम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाए। ट्रांसफार्मर बदलने में किसी प्रकार की देरी न हो तथा ढीले तारों और स्पार्किंग की समस्याओं को तत्काल ठीक किया जाए। अनुरक्षण कार्यों में तेजी लाकर दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जाए। जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन डिस्कनेक्ट हुए हैं, उनसे फोन कॉलिंग के माध्यम से संपर्क स्थापित कर समस्याओं का समाधान किया जाए। उपभोक्ता संतुष्टि सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।बैठक में ऊर्जा मंत्री ने दोहराया कि प्रदेश सरकार विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में निरंतर प्रभावी कदम उठाए जाते रहेंगे।इस बैठक में अपर मुख्य सचिव अध्यक्ष आशीष गोयल, डीजी विजलेंस जय नारायण सिंह, डिस्कॉम के एमडी सहित अन्य जनपदस्तरीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

# भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ कैंट क्षेत्र स्थित सहसोवीर मंदिर,कृष्णा नगर में भगवान परशुराम के पावन जन्मोत्सव एवं मंदिर निर्माण के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य भजन संध्या एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति के तत्वाधान में अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ।

मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों एवं विद्युत सज्जा से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और दिव्य हो उठा। भगवान परशुराम जी के विग्रह का विशेष श्रृंगार किया गया तथा विधि-विधान से आरती एवं भोग अर्पण किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से आरती में भाग लेकर भगवान से सुख-समृद्धि एवं देश-प्रदेश की उन्नति की कामना की। भगवान परशुराम जी के इस मंदिर का निर्माण प्रो. रीता बहुगुणा जोशी और उनके पुत्र मयंक जोशी के प्रयासों से कराया गया था, जो आज क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। मंदिर निर्माण के 5 वर्ष पूर्ण होने पर समिति द्वारा विशेष उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें भजन संध्या मुख्य आकर्षण रही। कार्यक्रम में हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति की उपाध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री उ.प्र., प्रो. रीता बहुगुणा जोशी और मयंक जोशी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में उन्होंने भगवान परशुराम जी के आदर्शों-धर्म, साहस और न्याय को समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर मेयर लखनऊ सुषमा खर्कवाल, अलका दास, निर्मला पंत,ऋचा जोशी और रेणुका टंडन सहित अनेक विशिष्ट जन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने भगवान परशुराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा आयोजन की सराहना की।भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक भजनों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे और जय परशुराम के जयघोष से पूरा वातावरण गूंजता रहा।

कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आयोजन की सुव्यवस्था एवं सफल संचालन के लिए समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनकर उभरा।

# मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया ओवर हेड टैंक का निरीक्षण, पाई खामियां

- जल निगम अधि.अभि. के न आने पर किया जवाब-तलब
- पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़कों को तत्काल दुरुस्त कराने के दिए निर्देश

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांग जन सशक्तिकरण मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जल मिशन योजनांतर्गत बनाए गए ओवर हेड टैंक का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जल निगम के एक्सियन की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए जवाब तलब किए जाने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री श्री कश्यप रविवार दोपहर बारह बजे नगर पालिका हॉकी ग्राउंड पहुंचे। यहां बनाए गए 1875 के एल क्षमता बाले ओवर हेड टैंक का अवलोकन किया। टैंक की टेस्टिंग किए जाने के मंत्री के के सवाल पर जल निगम के अधिकारी बगलें झांकते नजर आए। उन्होंने ओवर हेड टैंक को मुकम्मल कर टेस्टिंग किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही नगर में जल मिशन योजना के तहत डाली गई पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़कों को अति शीघ्र दुरुस्त करने की भी सख्त हिदायत दी। बता दें कि जल मिशन योजना के अंतर्गत करीब 32 करोड़ रुपए की लागत से नगर को बेहतर पेयजल आपूर्ति के मद्देनजर नगर में तीन ओवर हेड टैंक के अलावा करीब 85 किलो मीटर पाइप लाइन डाले जाने का प्राविधान किया गया है। जिसमें पिछले दो सालों में अभी तक टैंक और पाइप लाइन का काम पूरा नहीं हो सका है। राजनपुर रोड स्थित ओवर हेड टैंक निर्माण की गति वेहद धीमी है। जबकि जलकर प्रांगण में भी टैंक निर्माण अभी मुकम्मल नहीं हो सका है। किसी भी निरीक्षण के लिए हॉकी ग्राउंड स्थित ओवर हेड टैंक को रंगाई पुताई कराकर फिलहाल दुरुस्त करा दिया गया है। जिसकी टेस्टिंग के लिए पानी भरे जाने पर टैंक में कई स्थानों पानी का तेज रिसाव होता देखा गया है। इस मौके पर पहुंचे व्यापार मंडल अध्यक्ष (कंछल गुट) सौरभ गुप्ता रवि ने मंत्री जी को अवगत कराया कि नगर की खोदी गई सड़कों बेहद दयनीय हालत में हैं। जिनपर आए दिन स्कूली बच्चों के रिक्शे हों या अन्य वाहन पलटने और लोगों के चोटिल होने का सिलसिला जारी है। इस पर मंत्री जी ने जल निगम अधिकारियों को त्वरित संज्ञान लेते हुए सड़कें दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए करीब आधा घंटे के निरीक्षण के बाद मंत्री जी गंतव्य को रवाना हो गए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम जीत सिंह राय, ईओ सत्येंद्र प्रकाश, सीओ ज्योति यादव, कोतवाल जुगुल किशोर पाल समेत जल निगम के जेई हितेश गुप्ता व पालिका का जलकल स्टाफ मौजूद रहा।

# सरकारी भूमि को निजी बताकर तीन लाख ठगने का आरोप

- दो अधिवक्ता समेत चार लोगों ने संयुक्त रूप से दी पुलिस को तहरीर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर पंचायत की भूमि कोनिजी भूमि बताकर दो अधिवक्ताओं समेत चार लोगों को साझेदारी में बिक्री हेतु किए गए करारनामा की बाबत बतौर बयाना तीन लाख रुपए ठगे जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित साझेदारों की ओर से संयुक्त हस्ताक्षर युक्त पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। नगर के अधिवक्ता अफजाल खां, अधिवक्ता आशीष रस्तोगी, रजत गुप्ता व रहीस खां ने संयुक्त रूप से पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि नगर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी चांद मियां पुत्र अहमद हुसैन से एक किता आराजी स्थित ग्राम कटरा बाहर चुंगी परगना कटरा तहसील तिलहर के गाटा संख्या 727 रकबा 0.6480 हेक्टेयर कुल भूमि में से 1/3 भाग क्रय करने के लिए बतौर बयाना तीन लाख रुपए (चेक व नगद) चांद मियां को दिये थे। चांद मियां ने करारनामा लिख दिया था। क्रेता साझेदारों ने बताया कि उन्हें बाद में पता चला कि जो भूमि चाँद मिया ने उन्हें बिक्री के लिए दिखाई थी। वह नगर पंचायत कटरा के अधिकार क्षेत्र में है। आरोप है कि चाँद मियां ने धोखाधड़ी कर उक्त लोगों से तीन लाख रुपए ठग लिया है ।रुपया मांगने पर चाँद मियां लड़ाई झगड़े पर अमादा हो जाता है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

# सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की बैठक संपन्न

- सरकार द्वारा सीनियर सिटीजन की अनदेखी पर व्यक्त किया रोष

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की मासिक बैठक को एसपी हिंदू इंटर कॉलेज की पुरानी बिल्डिंग में सरोज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। बैठक का संचालन सचिव सर्वेश कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक में सीनियर सिटीजन के परिचय पत्र, रेलवे, बस में सीनियर सिटीजन को किराए में छूट दिए जाने व अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। सरकार द्वारा सीनियर सिटीजन की अनदेखी किए जाने पर रोष भी व्यक्त किया गया। बैठक के समापन से पूर्व संजीव सक्सेना की भाभी एवं विष्णु प्रकाश गुप्ता के छोटे भाई की बहू के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त की गई। बैठक में सम्मानित वक्ताओं हरचरण मिश्रा, अतुल कुमार गुप्ता, बाबूराम, राणा परवीन, राम लडैते यादव, जागेश कुमार पाली, ओंकार सिंह चौहान, हरिराम शर्मा, बीके सक्सेना, महेंद्र कुमार कंचन, केके सक्सेना, हसीब, संत कुमार विश्वकर्मा, भूपेंद्र निगम, सहित सम्मानित पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

# चर्चित सतीश गंगवार हत्याकांड में छह साल बाद 25-25 हजार के इनामी पत्नी व बहनोई गिरफ्तार

- खाने में जहर देकर व गला दबाकर की गई थी सतीश की हत्या
- दो साल तक नोएडा में तथा चार साल हिमाचल प्रदेश में रहे हत्यारोपी सुनीता व कपिल

**मनोज प्रबल**



**तिलहर-शाहजहांपुर।** प्रेम प्रसंग के चलते नंदोई संग मिलकर पति को मौत देने के मामले में वांछित फरार होकर नाम बदल कर नोएडा व हिमाचल प्रदेश में रह रहे 25 - 25 हजार के इनामी हत्यारे प्रेमी जोड़े को बजरिए सर्विलांस पुलिस ने धर दबोचा। जिन्हें कोर्ट में पेश किए जाने की प्रक्रिया जारी है। गौर तलब है कि कोतवाली क्षेत्र के गांव समधाना निवासी लेखराज के बेटे सतीश गंगवार की गांव रानी खिरिया मझरा पिपरा निवासी राजेंद्र फौजी की बेटी सुनीता गंगवार के साथ शादी हुई थी। सतीश तिलहर के मोहल्ला मधुवन कॉलोनी में रहकर प्रोपर्टी डीलिंग का काम करता था। सतीश की वहन की गांव राजनपुर में मोरध्वज के बेटे कपिल गंगवार के संग शादी हुई थी । सो कपिल का सतीश के घर आना जाना था। इसी दौरान कपिल और सुनीता की आंखे चार हो गई , फिर क्या था। अंधे प्यार में कपिल व सुनीता ने 22 मई 2019 को घर पर ही योजनाबद्ध ढंग से सतीश को जहर खिलाने के बाद उसका गला दबाकर हत्या कर दी। मृतक के पिता लेखराज ने घटना की पुष्टि होने के बाद 27 दिसंबर 2020 में अपने दामाद कपिल गंगवार व बहू सुनीता के अलावा संदेह के आधार पर प्रेमपाल व वीरावती के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना में प्रेमपाल व वीरावती को घटना में संलिप्त न पाए जाने पर उन्हें केश से निकाल दिया गया। जबकि कपिल गंगवार व सुनीता की संलिप्तता पाई गई। इसी बीच कपिल व सुनीता फरार हो गए। हत्याकांड में वांछित फरार होने पर तत्कालीन एसपी ने पांच फरवरी 2025 को दोनो को भगोड़ा घोषित करते हुए उन दोनों पर 25 - 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया। नवागत एसपी सौरभ दीक्षित के धर पकड़ अभियान के चलते एसओजी व सर्विलांस टीम के साथ ही कोतवाली पुलिस हरकत में आ गई। अंततः रविवार को सुबह साढ़े दस बजे इनामिया हत्यारोपी कपिल गंगवार व सुनीता गंगवार को सरऊ पुलिया के समीप हाइवे से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि फरारी के दौरान हत्यारोपी कपिल व सुनीता करीब दो वर्ष तक नोएडा में नाम बदलकर रहे। इसके बाद दोनों ने पकड़े जाने के भी से ठिकाना बदल दिया। और करीब चार साल तक दोनों हिमाचल प्रदेश में रहे। हाल ही में वह दोनों तिलहर क्षेत्र में आए और पकड़े गए। छह साल से फरार हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में सर्विलांस टीम प्रभारी मनोज कुमार, एसआई नेहा सैनी, हेड कांस्टेबिल विपिन कुमार, कांस्टेबिल विशाल, मुकुल खोखर शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### भगवान परशुराम एक जाति के नहीं, बल्कि सर्वसमाज के आराध्य हैं: शैलेन्द्र पाण्डेय



**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** कस्बे के बाबा विश्वनाथ इंटर कालेज में आयोजित भगवान परशुराम के जन्मोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पत्रकार शैलेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि भगवान परशुराम को एक जाति और धर्म में समेट देना वास्तव में भगवान परशुराम का सम्मान नहीं अपमान है। वे समस्त सृष्टि के पालनहार और रक्षक थे। श्री पाण्डेय ने कहा कि हमारे धर्म शास्त्रों में कहा गया है कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम सृष्टि के पालनहार थे। भगवान विष्णु पृथ्वी पर दैत्य दानवों के अत्याचार बढ़ जाने पर कभी परशुराम के रूप में तो त्रेता में भगवान श्रीराम और द्वापर में श्रीकृष्ण के रूप में पृथ्वी पर जन्म लिया था। इसलिए भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम समस्त सृष्टि के रक्षक थे। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों ने समाज में एक मिथक ऐसा फैलाया कि भगवान परशुराम ने 21 बार क्षत्रियों का नाश किया। ऐसा नहीं है, भगवान परशुराम ने क्षत्रियों का नहीं, बल्कि आततायइयों का नाश किया था। वे समस्त सृष्टि के रक्षक और पालनहार थे। ऐसे महापुरुष समय समय पर दैत्य दानवों का नाश करने के लिए पृथ्वी पर जन्म लेते रहे हैं और जन्म लेते रहेंगे। कार्यक्रम में जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा से टिकट की दावेदार ठाकुर अपूर्वा सिंह, हाकिम सिंह, पवन गुप्ता, बृजनंदन तिवारी, शिवप्रसाद पाण्डेय, एडवोकेट भगवती सहाय पाण्डेय, पत्रकार शिवशंकर दीक्षित, त्रिवेणी सहाय पाण्डेय, मनोज पांडेय, कालेज प्रबंधक विनय कुमार पाण्डेय आदि बड़ी संख्या में सर्वसमाज के पथ प्रदर्शक उपस्थित रहे।

### अम्बेडकर प्रतिमा को लेकर उबाल, छावनी में तब्दील हुआ राजपुर नगला



**शाहजहांपुर।** मदनापुर ब्लॉक क्षेत्र के राजपुर नगला गांव में शनिवार रात बाबा अम्बेडकर की एक प्रतिमा का हाथ तोड़ दिया गया, जिससे गांव में तनाव फैल गया। यह प्रतिमा ग्राम समाज की जमीन पर बिना अनुमति के स्थापित की गई थी। घटना की सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी प्रभात राय और अन्य अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और विवादित प्रतिमा को वहां से हटवाकर किसी अज्ञात स्थान पर पहुंचा दिया। इस मामले को लेकर रविवार को दूसरे दिन भी गांव में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। एहतियात के तौर पर गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है। प्रतिमा स्थापित करने वाले ग्रामीणों ने बताया कि इसी साल अम्बेडकर जयंती 14 अप्रैल को इस प्रतिमा को गांव की अन्य बिरादरी के लोगों के सहयोग से लगाया गया था। बताया कि वह जमीन भी किसी की नहीं है। पंचायत भवन के पीछे खाली पड़ी जमीन पर प्रतिमा लगाई थी। इस जमीन का उपयोग वह लोग उपले थोपने के लिए करते हैं। शनिवार रात गांव के ही दो-तीन युवकों ने प्रतिमा का हाथ तोड़ दिया। इसकी सूचना डायल 112 पर दी गई। अधिकारियों के साथ यहां पहुंची पुलिस ने रात में ही प्रतिमा को उखड़वाकर गाड़ी से कहीं पहुंचा दिया।''एसपी ग्रामीण दीक्षा भवरे ने बताया कि बीती रात ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि ग्राम प्रधान ने अपने सहयोगी के साथ राजनीति लाभ लेने के लिए सरकारी जमीन पर बगैर अनुमति के महापुरुष की प्रतिमा स्थापित की है। ग्राम प्रधान और उसके सहयोगी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

### पति सहित आठ लोगों पर दहेज का मुकदमा हुआ पंजीकृत

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र सिधौली के नौगवा जसवंत नगर निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी सत्यम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी प्रेम प्रसंग के चलते बीते 5 मार्च 2025 को थाना क्षेत्र पुवायां के बाबा ब्रह्मदेव स्थान ग्राम मरोरी जपती में हुई थी। शादी का पंजीकरण 4 अप्रैल 2025 को रजिस्ट्रार पुवाया में कराया गया। शादी के बाद कुछ दिन तक सब कुछ ठीक-ठाक चला रहा। कुछ समय बाद पति सत्यम सिंह व उसके परिवार के विमला देवी, सलोनी देवी जेठानी, रामपाल, जय राम सिंह ,नन्हे सिंह, आदि लोग अतिरिक्त दहेज में मोटरसाइकिल , चैन ,अंगूठी, की मांग करने लगे जब पत्नी ने यह बात अपने मायके पक्ष को बताई तो उन्होंने अतिरिक्त दहेज देने में असमर्थता जाहिर की दहेज न मिलने से नाराज वर पक्ष के लोग लक्ष्मी देवी को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे और बिना कारण मारने पीटने लगे साथ ही भूखा प्यासा भी रखने लगे। पीड़िता यह सोचकर सब कुछ सहन करती रहे कि आगे चलकर सब कुछ ठीक हो जाएगा पर दहेज लोभी कहां मानने के बीते 28 अगस्त 2025 को पति अपने परिवार वालों के साथ पत्नी लक्ष्मी देवी को बिना कारण गंदी-गंदी गालियां देने लगा जब उसने विरोध किया तो पति सत्यम विमला देवी,सलोनी, उर्वेश, भगवान देई , आदि सभी लोग लात घूंसे से उसको मारने पीटने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे ।पति ने सिधौली जाने वाले किसी वाहन पर बैठा कर उसको छोड़ दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सत्यम सिंह पुत्र बृजपाल सिंह ( पति), विमला देवी पत्नी बृजपाल सिंह (सास), सलोनी देवी पत्नी प्रशांत सिंह (जेठानी) रामपाल सिंह ,जयराम ,नन्हे सिंह, पुत्रगण गंगाराम, उर्वेश सिंह पुत्र रामपाल सिंह, भगवान पुत्र नरसिंह ,आदि के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

# ब्राह्मण समाज ने धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम का प्रकट्योत्सव

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जी का प्रकट्योत्सव परशुराम धाम शाहजहांपुर में धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान परशुराम को वेद मंत्रोच्चारण के साथ पंच स्नान (गंगाजल, दूध, दही, घृत शहद आदि से) कराकर नवीन वस्त्र धारण कराए गए, तत्पश्चात आचार्य मुन्ना लाल मिश्र ने लोक कल्याण की भावना से यज्ञ हवन कराया तथा माल्यार्पण आदि से पूजन किया। इसके बाद हुई संक्षिप्त विचार गोष्ठी का आयोजन संरक्षक डॉ सत्यप्रकाश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए भगवान परशुराम धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित केशव चंद्र मिश्र ने कहा कि चिरंजीवी भगवान परशुराम का अवतार धरती पर ऐसे समय में हुआ जब सर्वत्र अनाचार और अत्याचार व्याप्त था तब उन्होंने अन्याई और दुष्ट शासकों का अंत अपने परशु अस्त्र द्वारा किया। उनका अवतरण अक्षय तृतीया को हुआ जो सनातन का एक विशिष्ट और अद्वितीय पर्व है। आज के दिन जो भी पुण्यदि सद्कार्य मानव के द्वारा किए जाते हैं सर्वदा अक्षय रहते हैं, इसलिए चिरंजीवी भगवान परशुराम जी का प्राकट्योत्सव सभी सनातन धर्मियों को उत्साह पूर्वक मनाना चाहिए। इस अवसर प्रमुख रूप से केशव चंद्र मिश्र, राकेश कुमार पांडेय, डॉ केके शुक्ल, सुमित चतुर्वेदी, राजेश दीक्षित, देवेश बाजपेई, आशुतोष शुक्ल, आरेंद्र मिश्र, रवि मिश्र, सुशील दीक्षित, आदि गणमान्य जन उपस्थिति रहे।

# संविलयन विद्यालय ररुआ में शिक्षा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




न्याय पंचायत ररुआ के शिक्षा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन संविलयन विद्यालय ररुआ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बंडा ओमप्रकाश के द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि, ग्राम प्रधान एवं वरिष्ठ शिक्षकों का माल्यार्पण एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत ररुआ विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत व सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके उपरांत सेवानिवृत शिक्षक वीरपाल व नरेश चंद्र श्रीवास्तव के द्वारा शिक्षा चौपाल कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश द्वारा न्याय पंचायत ररुआ के विद्यालयों में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों तथा शिक्षामित्रों एवं कायाकल्प के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन गुरेन्द्र सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान ररुआ चमन सिंह वर्मा, ग्राम प्रधान नटीउरा जसप्रीत कौर, ग्राम प्रधान कैथ भगौतीपुर गुरजंट सिंह, हरबंस सिंह राना ग्राम प्रधान बालेमऊ, अनूप सिंह ग्राम प्रधान नवदिया इसके साथ ही न्याय पंचायत ररुआ के समस्त शिक्षक संकुल एवं सभी विद्यालयों से शिक्षकों ने एवं सभी विद्यालय से शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

## महिला के कुंडल नोचे

**पुवायां,शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव धारा निवासी ओमकार पुत्र घासीराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार की शाम लगभग साढे तीन बजे उनकी पत्नी राम मूर्ति गांव के बंजारे बाबा के स्थान के पास भैंस चरा रही थी। तभी बाइक सवार दो लोग आए और उनमें से एक व्यक्ति बाइक से उतर कर आया और झपट्टा मार कर उसने पत्नी के कुंडल नोच लिए। जिसके बाद बाइक पर बैठकर दोनों व्यक्ति फरार हो गए। जिनकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चल सका। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# परशुरामपुरी पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, भगवान परशुराम के चरणों में मत्था टेका

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



आगामी चुनावों की आहट के बीच उत्तर प्रदेश की सियासत अब मंदिरों और महापुरुषों की जन्मस्थली के इर्द-गिर्द सिमटने लगी है। इसी कड़ी में रविवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जलालाबाद स्थित परशुरामपुरी पहुंचे। परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में अजय राय ने न केवल धार्मिक अनुष्ठान किए, बल्कि अपनी उपस्थिति से जिले के सियासी समीकरणों को भी गरमा दिया है। ध्भक्ति और शक्ति का संगम रविवार को जब अजय राय का काफिला परशुरामपुरी पहुंचा, तो कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारों के साथ उनका स्वागत किया। मंदिर के मुख्य पुजारी के सानिध्य में अजय राय ने पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की। ध्कार्यक्रम के दौरान अजय राय के साथ मंच पर कांग्रेस की स्थानीय और प्रादेशिक लीडरशिप का जमावड़ा रहा। मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, वरिष्ठ नेता आलोक शर्मा, रामजी अवस्थी, गौरव त्रिपाठी, तनवीर सफद्दर, फरमान खान और पूनम पांडे समेत भारी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे। स्थानीय प्रशासन को भी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा नरेंद्र मोदी महिला आरक्षण की बात कर रहे हैं, वो कभी अपनी पत्नी को सम्मान नहीं दे पाए। वो अपनी पत्नी को अपने घर के अंदर स्थान नहीं दे पाए, वो महिला आरक्षण की बात कर रहे हैं। महिलाओं के सम्मान की पहचान पत्नी के साथ व्यवहार से की जाती है। अजय राय ने लोगों से अपील करते हुए कहा-प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर पत्नी को घर में स्थान देने के लिए कहें।

# फॉर्मर रजिस्ट्री न बनने की शिकायत पर रात में ही एडीएम पहुंचे गांव

- प्रकाश व्यवस्था करके लगायी चौपाल, सुनी सैकड़ों ग्रामीणों की समस्याएं
- लापरवाही बरतने वाला लेखपाल हुआ निलम्बित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एडीएम वित्त अरविंद कुमार को ग्राम चंदौरा बहादुर परगना कांट तहसील सदर के ग्राम से शिकायत मिली कि ग्राम में फॉर्मर रजिस्ट्री का न तो कैंप लग रहा है और न ही उनकी फॉर्मर रजिस्ट्री बनाया जा रहा है। शिकायत का संज्ञान लेकर एडीएम रात 8 बजे मौके पर पहुंच गए,एडीएम को देख लगभग सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए। फिर पंचायत भवन में ही प्रकाश की व्यवस्था करके रात्रि चौपाल लगाकर एक-एक ग्रामीण व्यक्ति की समस्याओं को गंभीरता से सुना और नोट किया। जिसमें ग्रामीण विकास द्वारा अपने भाई के ऐक्सिडेंट में मृत्यु होने पर कृषक दुर्घटना नहीं हो पाई की बात, संगीता द्वारा विरासत और फॉर्मर रजिस्ट्री, गीता देवी पति के एक्सीडेंट पर मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना, वारिसान, फॉर्मर रजिस्ट्री न बनने, रामनिवास द्वारा कुरा बंटवारा न करने। वहीं सोनेलाल यादव, रामनरेश, लंकुश, संतोष, शांति देवी, बुधा, रामनिवास, राममिलन, अनिल, काफी संख्या में लोगों द्वारा बताया गया कि लेखपाल फॉर्मर रजिस्ट्री का कैंप 1 अप्रैल से चल रहा है, प्रत्येक दिन कैंप लगाने का निर्देश दिया गया है, लेकिन लेखपाल द्वारा कैंप में मात्र एक दिन आए है और वहां काफी संख्या में लोगों का विरासत नहीं हुई है, आय जाति ,निवास , प्रमाण पत्रों को मनमाने तरीके से बनाने, कृषक दुर्घटना की फाइल रिपोर्ट लगाने, गौशाला की जमीन की पैमाईश न करने आदि कई गंभीर आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए जिसका संज्ञान लेते हुए एडीएम ने प्रकरण की गंभीरता लेते हुए तत्काल ग्राम चंदौरा बहादुर में तैनात लेखपाल आशीष कुमार यादव को निलंबन की रिपोर्ट डीएम को सौंपी। जिसके परिणामस्वरूप एसडीएम सदर द्वारा लेखपाल को सस्पेंड कर दिया गया है। एडीएम वित्त ने बताया कि डीएम द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री की समीक्षा लगातार की जा रही है। 30 अप्रैल तक पंचायत भवन पर कैंप लगाकर कर फॉर्मर रजिस्ट्री का काम किया जा रहा है। जहां लेखपाल, पंचायत सहायक, जनसेवा केंद्र के लोग बैठ रहे हैं तथा उनका सहयोग हेतु ग्राम प्रधान और कोटेदार भी निर्देशित किया गया। ऐसे में किसी के द्वारा लापरवाही बरती जाएगी तो उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई किया जाएगी।

# रोलर की चपेट में आने से बाइक सवार दादी-पोते की मौत

- पुलिस ने दोनों के शवों को पीएम के लिए भेजा, मचा कोहराम

**सिंधौली, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।**







पति के साथ बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में जा रही दादी-पोते की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। घटना की वजह बाइक का अनियंत्रित होना बताया जाता है। जिस कारण सड़क पर गिरे दोनों लोग सामने से आ रहे रोलर की चपेट में आ गए। घटना के बाद चालक रोलर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। थाना क्षेत्र के गाँव दिलावरपुर निवासी 59 वर्षीय गुड्डी देवी अपने पति ओमप्रकाश और 4 वर्षीय पोते अभि के साथ बाइक पर सवार होकर रविवार की दोपहर अपनी रिश्तेदारी में गोला गोकरणनाथ जा रही थीं। रास्ते में शेखूपुर गाँव के समीप स्थित पंचायत घर के सामने बाइक के पिछले पहिए के सामने पत्थर आ जाने कारण बाइक अनियंत्रित हो गयी। जिस कारण पीछे बैठी महिला तथा आगे बैठा बालक सड़क पर गिर गया। इसी दौरान चेना रुरिया की तरफ से आ रहे रोड रोलर की चपेट में आने से दोनों की मौके पर मृत्यु हो गयी। घटना देख आसपास के लोग मौके पर आ गए। चालक रोलर को छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह मौके पर पहुँचे और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पेड़ से टकराई कार, चार घायल, दो गंभीर




**खुटार शाहजहांपुर।** क्षेत्र के प्रीतमपुर जंगल में शनिवार शाम एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। घायलों की पहचान राहुल गौतम (30) पुत्र रघुवनदयाल, विपिन कुमार (36) पुत्र छेदालाल, जितेंद्र कुमार (28) पुत्र श्रीपाल, निवासीगण ग्राम टेरा थाना सिधौली, तथा चालक लवलेश कुमार (35) पुत्र राधेश्याम निवासी शाहाबाद, जनपद हरदोई के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि अन्य दो का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही उप निरीक्षक सुभाष चंद्र अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल लेकर मामले की जानकारी जुटाई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सभी युवक एक इंगेजमेंट समारोह से लौट रहे थे। इसी दौरान प्रीतमपुर जंगल के पास वाहन का संतुलन बिगड़ गया, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार तेज रफ्तार या चालक की लापरवाही दुर्घटना का संभावित कारण हो सकता है।

## बीटीसी शिक्षक संघ ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को साउथ सिटी कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी अनूप वर्मा के आवास पर उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य के नेतृत्व में शिक्षकों ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य ने प्रदेश अध्यक्ष को बताया की 1 सितंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सभी सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य कर दी जो 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त है सभी के लिए टीईटी परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा। जबकि 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षक निर्धारित योग्यता प्राप्त कर बेसिक शिक्षा विभाग में कार्य कर रहे हैं। 20 से 25 साल सेवा कर चुके हैं अब टीईटी परीक्षा लेना न्याय संगत नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने जो आदेश का अनुपालन करने के लिए नियम बनाए हैं उसमें संशोधन कर इन नियमों को समाप्त किया जाए जिसमें लाखों लाख तक शिक्षक गुणवत्ता के लिए कार्य करें ना की स्वयं की परीक्षा के लिए व्यस्त रहें। उत्तर प्रदेश में 1.86 लाख शिक्षक प्रभावित हैं। जबकि पूरे देश में 25 लाख के आसपास शिक्षकों के साथ अन्याय हो रहा है। सभी शिक्षकों की ओर से मांग है कि टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त किया जाए, हमारी आवाज संसद तक पहुंचे इसलिए आपके माध्यम से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संबोधित ज्ञापन दे रहे हैं। इस मौके पर प्रदीप जायसवाल वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ, जिला उपाध्यक्ष दाताराम वर्मा, रामासरे वर्मा, रश्मि वर्मा तोताराम वर्मा, अजय वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# शाहजहांपुर में बोले अजय राय, कांग्रेस इस देश का डीएनए

- जो व्यक्ति अपनी पत्नी का सम्मान नहीं कर पाया, वह देश की महिलाओं के आरक्षण, नारी शक्ति वंदन की बात कर रहा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शाहजहांपुर पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा द्वारा कांग्रेस पर बोले जा रहे, हमले पर पलटवार करते हुए कहा कि जो व्यक्ति अपनी पत्नी का सम्मान नहीं कर पाया। वह देश की महिलाओं के आरक्षण, नारी शक्ति वंदन की बात करता है। उन्होंने आगे बोला कि मोदीजी का भाषण हताशा व निराशा भरा था।यह दिखावटी महिला बिल लेकर आए, वह पूरे देश को भ्रमित करने वाला था। मोदी तीन चुनाव लड़े गुजरात में जहां उन्होंने अपनी पत्नी का जिक्र नहीं किया था। जब वह लोकसभा लड़ने वाराणसी आए तो इन्होंने डरकर 2014 में शादीशुदा वाला शपथ पत्र भरा। भाजपा का महिला बिल झूठा है, कांग्रेस को पानी पीकर इसलिए कोस रहे हैं कि जो हमारे नेता राहुल गांधी है, वह आंख में आंख डालकर बात करते हैं। जब आंख डालकर बात करते हैं तो, मोदी ऊपर नीचे देखने लगते हैं, क्योकि राहुल गांधी चट्टान की तरह खडे है। जनता सब देख रही है, वह भाजपा को विदा करेगी और उखाड़ के फेकेगी।कांग्रेस वजूद मे थी, कांग्रेस का वजूद कभी खत्म नहीं हो सकता है। दस मोदी आ जाए, आज पूरी भाजपा कांग्रेस युक्त हो गई है, भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेसियों को तोड़ कर अपने यहां भर्ती कर लिया। कांग्रेस इस देश की आत्मा में है, डीएनए है कांग्रेस! उत्तर प्रदेश की महिलाओं से अपील करते हुए कहा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वो लोग पत्र लिखे और मोदी से कहे कि वह अपनी पत्नी को सम्मान के साथ घर में स्थान दे। जो महिलाएं विपक्ष का पुतला फूंक रही है, वह भाजपा की सदस्य हैं। आमजन जान गया है, जो अपनी पत्नी को सम्मान नहीं दिया है, वह झूठ बोलने का कार्य कर रहा है। बता दें कि सोमवार को अजय राय शाहजहांपुर में एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने जलालाबाद परशुरामपुरी में भगवान परशुराम मंदिर जाकर मत्था टेका। वहां से सीधे वह टाउनहॉल स्थित शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। साथ ही एक लोदीपुर में भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कन्याभोज कराया।

# धर्म परिवर्तन के उद्देश्य से आयोजित की जा रही थी प्रार्थना सभा

- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य सहित दो लोगों को किया गिरफ्तार

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के गांव पकड़िया हकीम निवासी गुड्डू पुत्र मिदई के मकान में आर्थिक स्थिति से कमजोर हिंदुओं के ईसाई धर्म परिवर्तन के उद्देश्य से लगभग आठ माह से प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही थी। जिसकी शिकायत गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा तहरीर देकर पुलिस से की गई। इसके बाद रविवार को पुलिस गांव पकड़िया हकीम पहुंची। जहां गुड्डू के मकान में पुरुष महिलाएं और लड़कियां भारी संख्या में मौजूद थी। और मकान में लगी एलइडी टीवी पर ईसाई धर्म की चर्चा को देखा जा रहा था। इसी मकान से एक डायरी बरामद की गई। जिसमें ईसा मसीह द्वारा बताए गए सिद्धांत लिखे हुए थे। पुलिस द्वारा जब मौजूद लोगों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि ईसा मसीह की पूजा करने से सभी रोग दोष दूर हो जाते हैं। इसलिए हम सब लोग ईसा मसीह के धर्म को मानते हैं। इसके बाद पुलिस ने रचित पुत्र गुड्डू तथा बटेश्वर निवासी पकड़िया हकीम को गिरफ्तार कर लिया और कोतवाली ले आई। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक से जानकारी करनी चाही तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। सब इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ. वरुण गुप्ता का नाम गिनीज बुक में दर्ज

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




कहते हैं कि अगर इरादे फौलादी हों और लक्ष्य पर नजर हो, तो मंजिल खुद-ब-खुद कदम चूमती है। तहसील क्षेत्र के जलालाबाद नगर के मोहल्ला दयालनगर निवासी डॉ. वरुण गुप्ता ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया है। उन्होंने अपनी बौद्धिक क्षमता और ज्ञान के दम पर अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराकर अंतरराष्ट्रीय पटल पर जनपद का मान बढ़ाया है। रामकिशोर गुप्ता के पुत्र डॉ. वरुण गुप्ता शुरू से ही मेधावी रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि की जानकारी मिलते ही उनके पैतृक आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। डॉ. वरुण को यह सम्मान उनके द्वारा दिए गए एक विशेष शोधपरक लेक्चर के लिए दिया गया है, जिसे विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ मानकों पर खरा पाया गया। नगर वासियों और क्षेत्रीय बुद्धिजीवियों ने डॉ. वरुण की इस सफलता को युवाओं के लिए एक नजीर बताया है। लोगों का कहना है कि डॉ. वरुण ने यह साबित किया है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। छोटे कस्बे से निकलकर वैश्विक स्तर पर रिकॉर्ड बनाना गौरव की बात है। जैसे ही डॉ. वरुण का नाम विश्व रिकॉर्ड में शामिल होने की खबर क्षेत्र में फैली, खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशियां बांटीं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# पर्यावरण संरक्षण पर निबंध स्लोगन प्रतियोगिताएं कराई जाएगीः ललिता

- पर्यावरण संरक्षण सप्ताह के दूसरे दिन ऑफीसर कॉलोनी में पौधारोपण



**शाहजहांपुर।** लायन क्लब शक्ति शाहजहांपुर के द्वारा पर्यावरण संरक्षण सप्ताह के दूसरे दिन ऑफीसर कॉलोनी तथा पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में सीओ सदर प्रियंक जैन की पत्नी शिखा जैन के साथ संस्था के सदस्यों ने पौधारोपण किया। इसके साथ ही लोगों को पर्यावरण पर जागरूक किया गया। शिखा जैन और लायन क्लब अध्यक्ष ललिता यादव ने लोगों को पौधारोपण करने तथा अपने पर्यावरण को साफ रखने के लिए तथा पॉलीथीन का उपयोग न करने के लिए कहा। लायन ललिता यादव ने बताया कि हमारे क्लब के द्वारा लगातार पौधारोपण तथा पर्यावरण पर लोगों को जागरुक करते रहेंगे। लायन ललिता यादव ने बताया कि लायन इंटरनेशनल क्लब के द्वारा एनवायरमेंट वीक्स आफ सर्विस 18 अप्रैल से 26 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। जिसमें लगातार पौधा रोपण विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण पर निबंध स्लोगन प्रतियोगिताएं कराई जाएगी। जगह-जगह पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने समाज के अन्य लोगों से भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाई जा रही, मुहिम में जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे लिए वरदान होते हैं। इनके संरक्षण, सम्मान के लिए हम सभी का दायित्व है कि कम से कम पांच पेड़ अवश्य लगाएं और उनकी देखभाल कर उनको जीवनदान दे। हरा भरा वातावरण समाज में खुशहाली लाता है, बीमारियों की रोकथाम करता है।

# परशुराम जन्मोत्सव पर सपा नेता कुंवर जयेश प्रसाद ने किया आयोजन, भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

- पिता एवं ताऊजी के आशीर्वाद से आज भी बुजुर्गों का मिल रहा है आशीर्वादः जयेश प्रसाद

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता एवं पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद ने अपने प्रतिष्ठान पर आयोजन किया। सर्वप्रथम पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद एवम जीवेश प्रसाद ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर आरती की इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में उमड़ी भीड़ ने साफ संकेत दिया कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रसाद परिवार एक बार फिर पूरे प्रभाव के साथ सक्रिय हो चुका है। जनसैलाब को देखकर विरोधी खेमे में भी हलचल तेज हो गई है और क्षेत्रीय राजनीति में चर्चाएं बढ़ गई हैं। इस दौरान कुंवर जयेश प्रसाद ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का स्नेह और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने साधु-संतों को भोजन कराकर आशीर्वाद लिया और समाज के विभिन्न वर्गो से जुड़े लोगों का सम्मान किया। कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद उनके छोटे भाई कुँ. जीवेश प्रसाद और पुत्र जागृत प्रसाद सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने परिवार से जुड़े रहे पूज्यजनों को माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। यह आयोजन केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि राजनीतिक रूप से भी अहम माना जा रहा है। जिस तरह से इस कार्यक्रम में जनसैलाब उमड़ा, उसने स्पष्ट कर दिया कि क्षेत्र में प्रसाद परिवार का प्रभाव मजबूत है और आने वाले चुनावों में यह एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व एमएलसी ने बताया कि यह बुजुर्ग युवाओं की जो भीड़ है यह हमारे ताऊ कुँ. जितेंद्र प्रसाद एवम पिता कुँ.जयेंद्र प्रसाद जी का आशीर्वाद है जिस कारण आप सभी का प्यार आज भी मिल रहा है।

# महाऋषि कश्यप की जयंती पर कटरा पहुंचे प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




श्रीरामलीला मेला मैदान में आयोजित महाऋषि कश्यप की जयंती पर कश्यप ऋषि के चित्र के समक्ष जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने द्वीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि वैदिक पुराणों के अनुसार श्रष्टि की संरचना में महाऋषि कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सप्तऋषियों में कश्यप महाऋषि श्रष्टि के आधार स्तम्भ हैं। उन्होंने कहा श्रष्टि की संरचना में विद्वान महाऋषि कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कश्यप समाज के लोगों से कश्यप महाऋषि के जीवन आदर्शों का अनुसरण करने का आहवाहन करते हुए कहा कि महाऋषि कश्यप के बताए हुए रास्ते पर चल कर ही जीवन सफल हो सकता है। प्रभारी मंत्री ने कहा महाऋषि कश्यप की जयंती का कार्यक्रम मनाने का कार्य पहली बार राजेश कश्यप व उनकी टीम ने किया है मैं यह चाहता हूं यह कार्य हमेशा यूं ही चला रहे रुकना नहीं चाहिए। इस दौरान वीर एकलव्य फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश कश्यप ने प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप एवँ सासंद अरुण कुमार सागर का माल्यार्पण करके जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सासंद अरुण कुमार सागर, जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्रप्रकाश गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष भाजपा प्रत्याशी सोनम गुप्ता, सर्वेश कश्यप, राजीव कश्यप, राजेश कश्यप, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र गुप्ता, एडवोकेट अमित मिश्रा, ओमकार कश्यप, प्रधान बबलेश कश्यप ने विचार रखे और महाऋषि कश्यप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की है।

# स्लम एरिया में बच्चों के लिए वॉलीबॉल मैच का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मेरा युवा भारत के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर गठित यूथ क्लबों की श्रृंखला में मानवता यूथ क्लब द्वारा मलिन बस्ती क्षेत्र में बच्चों के लिए नियमित खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बच्चों के लिए वॉलीबॉल मैच आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मैच में एक टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही संस्था द्वारा चलो स्कूल चले हम अभियान भी संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न पिछड़ी बस्तियों में जाकर बच्चों को चिन्हित किया जा रहा है, ताकि उनका स्कूलों में प्रवेश सुनिश्चित कराया जा सके और उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। ज्ञात हो कि मानवता वेलफेयर सोसायटी पिछले 5 वर्षो से मलिन बस्तियों में बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने का सतत कार्य कर रही है। संस्था द्वारा बच्चों का स्कूलों में प्रवेश मानवता की पाठशाला' का संचालन, विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा पर्वो को मलिन बस्तियों में मनाकर उनमें सामाजिक सहभागिता की भावना विकसित की जा रही है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए मेरा युवा भारत से संबद्ध मानवता यूथ क्लब का गठन किया गया है, जिसके माध्यम से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए नियमित रूप से फुटबॉल, वॉलीबॉल, टेनिस, खो-खो आदि खेलों का आयोजन किया जाता है। संस्था के संस्थापक अमित श्रीवास्तव ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। साथ ही शिक्षा के बिना उनका भविष्य अधूरा है, इसलिए हम खेल के साथ-साथ उन्हें स्कूल से जोड़ने का भी निरंतर प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम में संस्था सदस्य दिव्यांशी मिश्रा, वैष्णवी सक्सेना, नीरा श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## महिला आरक्षण के मायने तभी जब सभी को समान मौके मिलें

महिला आरक्षण को विधायिकाओं में महिलाओं के अल्प-प्रतिनिधित्व को दूर करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है। लेकिन उत्सव के बीच एक असहज करने वाली चुप्पी भी मौजूद है और यह चुप्पी इस मूल प्रश्न पर है कि ये महिलाएं कौन होंगी, और उससे भी अधिक महत्वपूर्ण, कौन नहीं होंगी? भारतीय राज्य ने ऐतिहासिक रूप से असमानता की बहुस्तरीय प्रकृति को स्वीकारा है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण का संवैधानिक प्रावधान किसी दया या कृपा का परिणाम नहीं था, बल्कि उस गहरी संरचनात्मक वंचना की स्वीकृति था, जिसने सदियों तक इन समुदायों को सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनीतिक रूप से हाशिए पर रखा। लेकिन जब बात महिलाओं के आरक्षण की आती है, तो एक खतरनाक सरलीकरण सामने आता है, मानो महिलाएं एक समान श्रेणी हों, जिनके अनुभव और अवसर एक जैसे हों। वास्तविकता यह है कि समाज में सत्ता के ढांचे- पितृसत्ता, जाति और वर्ग- अलग-अलग नहीं चलते, बल्कि एक-दूसरे में गुंथे हुए हैं। एक दलित महिला का जीवन-अनुभव एक सवर्ण महिला से भिन्न होता है। एक आदिवासी महिला के सामने आने वाली चुनौतियां लैंगिक आधार पर ही नहीं समझी जा सकतीं। इन अंतरों को नजरअंदाज करना, विधायी सुविधा के नाम पर सामाजिक यथार्थ को मिटा देना है। यही कारण है कि कोटा के भीतर कोटा की मांग महज तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि प्रतिनिधित्व की अवधारणा को सार्थक बनाने का प्रयास है। इसके अभाव में यह लगभग तय है कि आरक्षण का लाभ मुख्यत: उन महिलाओं तक सीमित रह जाएगा, जो पहले ही अपेक्षाकृत सशक्त हैं- सवर्ण, शहरी और राजनीतिक रूप से जुड़ी हुई। हाशिये के समुदायों की महिलाओं के लिए राजनीति में प्रवेश की बाधाएं- आर्थिक संसाधनों की कमी, सामाजिक नेटवर्क का अभाव, दलगत समर्थन की सीमाएं, गहरे पैठे जातिगत पूर्वग्रह- सिर्फ आरक्षण की घोषणा से समाप्त नहीं होतीं। बल्कि प्रतिस्पर्धा के इस नए परिदृश्य में वे और अधिक तीव्र हो सकती हैं। इस परिदृश्य में एक गंभीर आशंका उभरती है- महिला सशक्तीकरण का नारा कहीं अभिजात्य वर्ग की शक्ति को और सुदृढ़ करने का माध्यम न बन जाए। यह आशंका काल्पनिक नहीं है। स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण के अनुभव इस दिशा में महत्वपूर्ण संकेत देते हैं। पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी निश्चित रूप से बढ़ी, लेकिन अनेक अध्ययनों ने यह भी दिखाया कि इसका लाभ अकसर प्रभावशाली सामाजिक समूहों की महिलाओं तक ही सीमित रहा। वंचित समुदायों की महिलाएं या तो इससे बाहर रहीं या सत्ता के स्थापित ढांचों के भीतर प्रतीकात्मक उपस्थिति तक सीमित हो गईं। प्रतिनिधित्व इस बात का प्रश्न है कि कौन बोल रहा है, किसके अनुभवों को स्थान मिल रहा है और किन मुद्दों को प्राथमिकता दी जा रही है। किसी महिला का निर्वाचित पद पर होना अपने आप में सभी महिलाओं के हितों का प्रतिनिधित्व नहीं करता। प्रतिनिधित्व तभी सम्भव है जब विविध सामाजिक पृष्ठभूमियों की महिलाएं निर्णय-प्रक्रिया का हिस्सा बनें। यही वह बिंदु है जहां कोटा के भीतर कोटा की आवश्यकता स्पष्ट हो जाती है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए आनुपातिक आरक्षण सुनिश्चित करना किसी प्रकार का विभाजन नहीं, बल्कि लोकतंत्र को अधिक समावेशी और न्यायसंगत बनाने का प्रयास है। यह इस मूल सत्य की स्वीकृति है कि समानता का अर्थ केवल अवसरों की औपचारिक उपलब्धता नहीं, बल्कि उन बाधाओं को पहचानना और दूर करना भी है, जो विभिन्न समूहों को अलग-अलग तरीकों से प्रभावित करती हैं। इसके विरोध में तर्क दिया जाता है कि इससे व्यवस्था अत्यधिक जटिल हो जाएगी। लेकिन जटिलता को अन्याय का औचित्य नहीं बनाया जा सकता। भारतीय संविधान ने दिखाया है कि वह सामाजिक वास्तविकताओं की जटिलताओं को समाहित करने में सक्षम है। कोटा के भीतर कोटा केवल सीटों का पुनर्वितरण नहीं करता, बल्कि शक्ति के संतुलन को बदलने का प्रयास करता है। साथ ही, यह महिलाओं की श्रेणी के भीतर भी मौजूद असमानताओं को भी उजागर करता है। कहीं आरक्षण का लाभ मुख्यत: उन महिलाओं तक ही सीमित नहीं रह जाए, जो पहले ही अपेक्षाकृत सशक्त हैं- सवर्ण, शहरी और राजनीतिक रूप से जुड़ी हुई। तब हाशिये के समुदायों की महिलाओं का सशक्तीकरण कैसे होगा?

# विपक्ष की दुविधा : आगे कुआं, पीछे खाई

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तर पर भारत की संसद में चल रहा 16 से 18 अप्रैल 202 भारतीय संसद का विशेष सत्र जिसमें लाया गया 131 वां संशोधन बिल 54 वोट से गिरा महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन बिल पर 21 घंटे की चर्चा के बाद इसपर वोटिंग हुई, लोकसभा में 528 सांसदों ने वोट डाले, जिसमें पक्ष में 298, विपक्ष में सटीक 230 वोट पड़े ज़ो केवल एक सामान्य विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक राजनीति के गहरे रणनीतिक, संवैधानिक और वैचारिक संघर्ष का प्रतीक बन गया। वर्तमान घटनाक्रम केवल एक घरेलू राजनीतिक विवाद नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, संवैधानिक व्याख्याओं और राजनीतिक रणनीति का ऐसा संगम बन गया है, जिसपर पूरी दुनियाँ की निगाहें टिकी हुई हैं। विशेष सत्र के दौरान केंद्र सरकार द्वारा तीन महत्वपूर्ण विधेयकों महिला आरक्षण (नारी शक्ति वंदन अधिनियम), परिसीमन (डेलिमिटेशन) और केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़े संशोधन को एक साथ पेश करना और फिर 16 अप्रैल 2026 को देर रात्रि रूल 66 को निलंबित करने का कदम भारतीय संसदीय इतिहास में एक असाधारण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है।इसपर विपक्ष की तीखी प्रतिक्रिया, संसदीय नियमों का प्रयोग और रूल 66 का निलंबन इन सभी ने इस पूरे घटनाक्रम को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना दिया।

यह घटनाक्रम केवल कानून बनाने की प्रक्रिया नहीं है,बल्कि सत्ता और विपक्ष के बीच रणनीतिक टकराव, राजनीतिक गणित, और संवैधानिक व्याख्याओं का एक जटिल खेल बन चुका है। मैं यह मानता हूं कि सरकार ने जिन तीन विधेयकों को एक साथ पेश किया है, वे अपने आप में बेहद महत्वपूर्ण हैं। पहला, नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण कानून), जो संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान करता है।दूसरा, परिसीमन विधेयक, जो लोकसभा और विधानसभा सीटों के पुनर्निर्धारण से जुड़ा है। तीसरा, केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित संशोधन विधेयक, जो प्रशासनिक और प्रतिनिधित्व संरचना को प्रभावित करता है। इन तीनों विधेयकों का एक साथ प्रस्तुत होना संयोग नहीं, बल्कि एक सुविचारित रणनीति प्रतीत होता है। सरकार का दावा है कि यह व्यापक सुधार का हिस्सा है, जबकि विपक्ष इसे राजनीतिक पैकेजिंग कह रहा है। साथियों बात अगर हम रूल 66 क्या है और क्यों बना विवाद का केंद्र? इसको समझने की करेंतो लोकसभा की कार्यप्रणाली में रूल 66 एक तकनीकी लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण प्रावधान है। यह नियम उन परिस्थितियों में लागू होता है, जब एक विधेयक दूसरे विधेयक पर निर्भर होता है। यदि आश्रित विधेयक पारित नहीं होता, तो मूल विधेयक भी निष्प्रभावी हो सकता है। सरकार ने इसी नियम को निलंबित करने का प्रस्ताव लाकर पूरे खेल की दिशा बदल दी सामान्यतः प्रत्येक विधेयक पर अलग- अलग चर्चा और मतदान होता है, जिससे सांसद अपनी स्वतंत्र राय दे सकते हैं। लेकिन 'रूल 66' के निलंबन के बाद यह बाध्यता समाप्त हो जाती है। इसका सीधा अर्थ यह है कि अब तीनों विधेयकों को एक साथ, एक ही प्रस्ताव के रूप में पारित कराया जा सकता।

साथियों बात अगर हम सरकार का मास्टरस्ट्रोक : संयुक्त मतदान की रणनीति को समझने की करें तो सरकार ने जिस रणनीति का उपयोग किया है,उसेराजनीतिक विश्लेषक मास्टरस्ट्रोक कह रहे हैं। तीनों विधेयकों को एक ही प्रस्ताव में जोड़कर सरकार ने विपक्ष के लिए विकल्पों को सीमित कर दिया है। अब विपक्ष के सामने केवल दो ही रास्ते हैं, या तो तीनों विधेयकों के पक्ष में वोटकरें या तीनों के खिलाफ। यह रणनीति विपक्ष को एक धर्मसंकट में डालती है। यदि विपक्ष परिसीमन का विरोध करता है,तो उसे महिला आरक्षण के खिलाफ भी वोट देना पड़ेगा। और यदि वह महिला आरक्षण का समर्थन करता है, तो परिसीमन भी सटीक रूप से ही स्वतः पारित हो जाएगा।

साथियों बात अगर हम विपक्ष की दुविधा : आगे कुआं, पीछे खाई इसको समझने की करें तो,विपक्ष,विशेष रूप से इंडिया गठबंधन, इस स्थिति में फंस गया है जहां हर विकल्प राजनीतिक नुकसान की ओर ले जाता है। विपक्ष का रुख स्पष्ट है कि वह महिला आरक्षण के पक्ष में है, लेकिन परिसीमन को लेकर गंभीर आपत्तियां हैं, खासकर दक्षिण भारत के राज्यों के संदर्भ में। विपक्ष का तर्क है कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन करने से दक्षिणभारत के राज्यों को नुकसान होगा, क्योंकि उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण में बेहतर प्रदर्शन किया है। ऐसे में सीटों का पुनर्वितरण उन्हें कम प्रतिनिधित्व की ओर ले जा सकता है। अब रूल 66 कैंसिल करने से विपक्ष को तीनों विधायकों को एक साथ मतदान करना पड़ेगा अगर वह यस में बदनाम करते हैं तो परिसीमन बिल भी पास होगा ना में मतदान करते हैं तो महिला आरक्षण का अपने आप ही विरोध होगा। साथियों बात अगर हम संख्या बल का गणित : सरकार के सामने चुनौती इसको समझने की करें तो, संविधान संशोधन विधेयकों को पारित करने के लिए विशेष बहुमत की आवश्यकता होती है यानी उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों का दो-तिहाई समर्थन। लोकसभा में कुल 540 सीटें हैं, जिनमें से 3 खाली हैं। ऐसे में 360 वोटों की जरूरत होती है। एनडीए के पास



लगभग 293 सांसद हैं, जो आवश्यक संख्या से काफी कम है। इस स्थिति में सरकार को या तो विपक्ष के कुछ सांसदों का समर्थन चाहिए या फिर अनुपस्थित रहने वाले सांसदों की संख्या बढ़ानी होगी, ताकि आवश्यक बहुमत का आंकड़ा कम हो सके।

साथियों बात अगर हम अधिसूचना विवाद : कानून लागू या बचाने की कोशिश? इसको समझने की करें तो इस पूरे घटनाक्रम का सबसे विवादास्पद पहलू है 16 अप्रैल 2026 को जारी की गई अधिसूचना, जिसके तहत 2023 में पारित संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम को लागू करने की तारीख तय की गई। यह अधिसूचना ऐसे समय पर जारी की गई,जब संसद में उसी कानून में संशोधन पर बहस चल रही थी। विपक्ष ने इसे आधी रात का फैसला और हताशापूर्ण प्रयास करार दिया है। कांग्रेस नेता ने इस कदम पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि कोई कानून संशोधन के अधीन है, तो उसे बिना नए विधायी समर्थन के लागू करना संवैधानिक रूप से संदिग्ध है।उन्होंने 'रूल 66' का हवाला देते हुए कहा कि यदि आश्रित विधेयक पारित नहीं होता, तो मूल कानून भी निष्प्रभावी हो सकता है। ऐसे में नियम को निलंबित कर अधिसूचना जारी करना कानून को बचाने का प्रयास प्रतीत होता है।

साथियों बात अगर हम टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी का 17 अप्रैल 2026 को संसद में अपने विचारों के दौरान शाब्दिक हमला : चैरिटी बिगन्स एट होम इसको समझने की करें तो तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि महिला आरक्षण की बात करने से पहले भाजपा को अपने संगठन और सरकार में महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देना चाहिए। उन्होंने 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग करते हुए यह भी कहा कि मंत्रिमंडल और यहां तक कि प्रधानमंत्री पद भी रोटेशन के आधार पर महिलाओं को दिया जाना चाहिए। उनके इस बयान ने सदन में तीखी बहस और हंगामा पैदा कर दिया। साथियों बात अगर हम परिसीमन विवाद : उत्तर बनाम दक्षिण का नया विमर्श इसको समझने की करें तो परिसीमन का मुद्दा भारत में लंबे समय से संवेदनशील रहा है। 1971 की जनगणना के आधार पर सीटों का निर्धारण स्थगित किया गया था, ताकि जनसंख्या नियंत्रण को प्रोत्साहन मिल सके। अब जब परिसीमन की बात फिर उठी है, तो दक्षिण भारत के राज्यों को डर है कि उनकी सीटें कम हो सकती हैं, जबकि उत्तर भारत के राज्यों को लाभ मिल सकता है। यह विवाद क्षेत्रीय असंतुलन और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के नए सवाल खड़े करता है। साथियों बात अगर हम लोकतंत्र बनाम रणनीति : क्या यह उचित है? इसको समझने की करें तो, इस पूरे घटनाक्रम ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है, क्या संसदीय नियमों का इस तरह उपयोग (या दुरुपयोग) लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप है? सरकार का तर्क है कि वह सुधारों को तेज़ी से लागू करना चाहती है और तकनीकी बाधाओं को हटाना आवश्यक है। वहीं विपक्ष का कहना है कि यह संसदीय प्रक्रिया को कमजोर करने और बहस को सीमित करने का सटीक रूप से प्रयास है।

साथियों बात अगर हम इस पूरे प्रकरण को वैश्विक परिप्रेक्ष्य : भारत की लोकतांत्रिक छवि पर असर इसको समझने की करें तो, भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र माना जाता है। ऐसे में संसद में होने वाली हर बड़ी घटना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा का विषय बनती है।

यदि यह घटनाक्रम पारदर्शिता, बहस और सहमति के बिना आगे बढ़ता है, तो यह भारत की लोकतांत्रिक छवि को प्रभावित कर सकता है। वहीं, यदि सरकार सफलतापूर्वक इन सुधारों को लागू कर देती है, तो यह निर्णायक नेतृत्व का उदाहरण भी बन सकता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सियासी शतरंज का निर्णायक मोड़, संसद में चल रहा यह संघर्ष केवल तीन विधेयकों का नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली, संवैधानिक मर्यादाओं और राजनीतिक रणनीति का परीक्षण है। रूल 66 का निलंबन, संयुक्त मतदान, अधिसूचना का समय ये सभी कदम एक जटिल राजनीतिक शतरंज के हिस्से हैं, जहां हर चाल का दूरगामी प्रभाव है। 131 वां संशोधन बिल 54 वोट से गिरा महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन बिल पर 21 घंटे की चर्चा के बाद इसपर वोटिंग हुई, लोकसभा में 528 सांसदों ने वोट डाले, जिसमें पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े ज़ो आने वाले दिनों में यह स्पष्ट होगा कि यह रणनीति सरकार के लिए जीत का रास्ता बनती है या विपक्ष इसे लोकतांत्रिक मुद्दा बनाकर राजनीतिक लाभ उठाता है। लेकिन इतना तय है कि यह घटनाक्रम भारतीय संसदीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज होगा।

विचार

# स्टार्टअप की दुनिया और आज का नया भारत

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

भारत आज एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां नवाचार और उद्यमिता राष्ट्र निर्माण की धुरी बन चुकी हैं। देश में स्टार्टअप्स की तेजी से बढ़ती संख्या, उनके द्वारा सृजित रोजगार और वैश्विक स्तर पर उनकी पहचान इस बात का प्रमाण है कि भारत एक नए 'आर्थिक युग' में प्रवेश कर चुका है।

इस संदर्भ में कहना होगा कि 16 जनवरी 2016 को शुरू की गई स्टार्टअप इंडिया पहल ने इस परिवर्तन को दिशा और गति प्रदान की है। इस पहल का उद्देश्य एक ऐसा मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना था, जहां नए विचारों को पंख मिलें, निवेश को प्रोत्साहन मिले और उद्यमियों को हर स्तर पर सहयोग प्राप्त हो सके। केंद्र की मोदी सरकार ने समय को पहचानते हुए नीतियों को सरल बनाया, वित्तीय सहायता, कर में छूट और बाजार तक पहुंच जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया और एक नया क्षितिज अपने देश के युवाओं के लिए खोल दिया, जिनके लिए नवाचार से उद्यमिता में सफलता जैसे कोई स्वप्न था!

वस्तुतः आज इस यात्रा का परिणाम हमारे सामने मौजूद है। वित्त वर्ष 2025-26 में 55,200 से अधिक स्टार्टअप्स को राज्यवार मान्यता मिल गई है। कह सकते हैं कि वर्ष 2026 से शुरू हुई स्टार्टअप्स की यात्रा में यह किसी एक वर्ष में अब तक की सर्वाधिक संख्या है। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 36,400+ स्टार्टअप्स की तुलना में 51.6 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है। यह आंकड़ा निश्चित ही उस विश्वास और ऊर्जा का प्रतीक है, जो वर्तमान भारत के युवाओं में दिखाई दे रही है।

यही कारण है, रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी स्टार्टअप्स ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 4,99,400 प्रत्यक्ष नौकरियां सृजित हुईं हैं, आंकड़ा कहता है कि यह पिछले वर्ष की तुलना में 36.1 प्रतिशत अधिक हैं। 31 मार्च 2026 तक कुल 2.23 लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स ने 23.36 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं।

देश के विभिन्न राज्यों में स्टार्टअप्स का विस्तार भारत के संतुलित विकास की कहानी कहता है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और गुजरात जैसे राज्य इस क्षेत्र में अग्रणी बनकर उभरे हैं। इन राज्यों में हजारों स्टार्टअप्स सक्रिय हैं, जिनके माध्यम से सिर्फ लाखों भारतीयों को ही नहीं, कई विदेशियों को भी रोजगार मिल रहा है। इसमें अच्छी बात यह भी है कि अब छोटे शहरों और दूरदराज के क्षेत्रों से भी स्टार्टअप्स उभर रहे हैं, जो भारत के आर्थिक विकास को व्यापक और समावेशी बना रहे हैं।

सरकार की विभिन्न योजनाएं इस विकास को मजबूत आधार प्रदान कर रही हैं। फंड ऑफ फंड्स फॉर स्टार्टअप्स (एफएफएस) के तहत 7,000 करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया जा चुका है, जिससे 1,420 से अधिक स्टार्टअप्स में 26,900 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश संभव हुआ है। इस सफलता को देखते हुए 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ एफएफएस 2.0 की शुरुआत की गई है, जो भविष्य में और अधिक स्टार्टअप्स को सहयोग प्रदान करेगा। क्रेडिट गारंटी स्कीम फॉर स्टार्टअप्स (सीजीएसएस) का विस्तार भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। गारंटी कवर को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जिससे स्टार्टअप्स के लिए पूंजी जुटाना आसान हो गया है। 2025-26 तक 1,250 करोड़ रुपये से अधिक के ऋणों की गारंटी दी जा चुकी है, जो इस योजना की प्रभावशीलता को दर्शाता है।

स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (एसआईएसएफएस) के तहत 219 इनक्यूबेटरों के माध्यम से 3,400 से अधिक स्टार्टअप्स को 605 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की गई है। कहना होगा कि यह योजना उन स्टार्टअप्स के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो शुरुआती चरण में होते हैं और जिन्हें वित्तीय सहायता की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। वहीं, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी यह क्रांति स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। 1.07 लाख से अधिक स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला निदेशक या भागीदार है, जिसे आंकड़ों के हिसाब से हम कुल स्टार्टअप्स का लगभग 48 प्रतिशत मान सकते हैं। यह संख्या बता रही है कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी अब नेतृत्व की भूमिका में है। यह परिवर्तन सामाजिक और आर्थिक दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण है।

यही कारण भी है जो नवाचार के क्षेत्र में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्टार्टअप्स द्वारा दायर पेटेंट आवेदनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि इसका साक्षात प्रमाण है। वित्त वर्ष 2024-25 में जहां 2,850+ पेटेंट आवेदन दायर किए गए थे, वहीं 2025-26 में यह संख्या बढ़कर 4,480 हो गई है। कुल मिलाकर 19,400 से अधिक पेटेंट आवेदन दाखिल किए जा चुके हैं, जो यह दर्शाता है कि भारत अब नवाचार के क्षेत्र में भी अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस (GeM) ने भी स्टार्टअप्स को नई संभावनाएं प्रदान की हैं। 38,600 से अधिक स्टार्टअप्स इस प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं, जिससे उन्हें सरकारी खरीद में भाग लेने का अवसर मिला है। 2025-26 में 1,40,260 से अधिक ऑर्डर दिए गए, जिनका कुल मूल्य 19,190 करोड़ रुपये से अधिक रहा। यह सरकारी समर्थन का सशक्त उदाहरण है, जिसने स्टार्टअप्स को बाजार तक पहुंचने में मदद की है।

अब यदि इस पूरे परिदृश्य को व्यापक दृष्टि से देखें, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि भारत ने अपनी विशाल जनसंख्या को एक उत्पादक शक्ति में बदलने की दिशा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। युवाओं की ऊर्जा, सरकार की नीतियां और तकनीकी प्रगति, वस्तुतः इन तीनों के समन्वय ने भारत को आज वैश्विक स्तर पर इस दिशा में एक नई पहचान दिलाई है। आज भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम में शामिल होकर वैश्विक नवाचार के मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम और अधिक सशक्त होगा, जो देश को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। एक तरह से देखें तो वर्तमान भारत में स्टार्टअप क्रांति न सिर्फ आर्थिक विकास की कहानी है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में मजबूत और निर्णायक कदम है; कहना होगा कि एक ऐसा कदम, जोकि आने वाली पीढ़ियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहा है और भारत दिनो-दिन सशक्त हो रहा है, अर्थ के साथ वैश्विक प्रभाव में भी।

साहित्य



## कविता - भीड़ में भी तनहा...!

**संजय एम तराणेकर**

भीड़ में बैठे %हम% सभी, फिर भी तनहा-से,
हाथों में दुनिया, लेकिन रिश्ते हैं अधूरे-से।
स्क्रीन की चमक में है खोई हर एक नजर,
यहाँ पास होकर भी दूर हैं दिल के सफ़र।

कभी बातें थीं-हँसी, किस्सों की महफ़िल,
अब इमोजी में सिमट गया हर एक दिल।
क्लिकों में बंधी है खुशियाँ, स्वाइप में दर्द,
डिजिटल जग में खोया अपनापन अदद।

डोपामाइन की दौड़ में भागता हर इंसान,
क्षणिक सुख के पीछे भूल गया पहचान।
शांत सुकून जो मिलता था बातों के संग,
अब वही सुकून ढूंढे यह थका हुआ अंग।

ना ही तकनीक दोषी, ना ही ये समय बुरा,
बस संतुलन का रास्ता हो गया है धुंधला।
कभी रख दो फोन, देखो अपनों की ओर,
वहीं मिलेगा इस जीवन का असली शोर।

आओं चलो फिर मिलकर बैठें, बातें करें,
स्क्रीन से बाहर भी कुछ नवद रिश्ते गढ़ें।
भीड़ में ना खोए रहे ये 'सामूहिक एकांत',
दिल से दिल जुड़े, करें शुरुआत सुखान्त।



## राशिफल

**मेषः-** कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**वृषभः-** नैतिक-अनैतिक आदि के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा। आलस्य कतई न करें।

**मिथुनः-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीनता न आने दें। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का योग है।

**कर्कः-** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी।

**सिंहः-** रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। असीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्याः-** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। आप धैर्य से समय का इंतजार करें। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें।

**तुलाः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे।

**वृश्चिकः-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नहीं देता है। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मकरः-** प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे। किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याएं आएंगी।

**कुंभः-** राजनीतिक सरगर्मियों से व्यस्तता बढ़ेगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

**मीनः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

# वृद्ध हमारे समाज का अनुभव समृद्ध भाग, इनकी देखभाल हमारा कर्तव्य

*हृदयनारायण दीक्षित*

अमेरिका की समाज व्यवस्था व्यक्तिवादी है। संयुक्त परिवार व्यवस्था नहीं है। अमेरिका में रहने वाले तमाम भारतवासी हमारे परिचित हैं। वे अपने पुत्रों के किस्से सुनाते हुए भावुक हो जाते हैं। आँखें छलछला जाती हैं। ताजा घटना ने मुझे मर्माहत किया है। मेरे एक मित्र के दोनों पुत्र परिवार सहित अमेरिका में कार्यरत हैं। जीवन के अंतिम दिनों में पत्नी के साथ अकेले रह गए। बीमारी के समय न तो संतानें साथ थीं और न उचित देखभाल का सहारा मिला। निधन के उपरांत एक पुत्र और दूसरे की पत्नी औपचारिक रूप से आए। किंतु अंतिम संस्कार तक में वह श्रद्धा परंपरा का भाव नहीं। अस्पताल से सीधे श्मशान ले जाकर बिना विधि-विधान के अंत्येष्टि कर दी गई। घर तक लाना आवश्यक नहीं समझा गया। घटना बदलते पारिवारिक मूल्यों और वृद्धों की उपेक्षा का मार्मिक उदाहरण है।

मृत्यु जीवन का अंत है। वृद्धावस्था जीवन ऊर्जा का अवसान है। क्या मृत्यु दुख देती है या नहीं देती? यह प्रश्न अनुत्तरित है। मृत्यु का अनुभव अज्ञात है लेकिन वृद्धावस्था के कष्ट सर्वविदित हैं। बुद्ध की कथा में भी वृद्ध दर्शन की अनुभूति है। ऋग्वेद में 100 शरद् जीवन की स्तुति है। इस स्तुति में 'पश्येम शरदः शतं-100 वर्ष देखने की भी इच्छा है। दीनहीन न होने की भी स्तुति है। वृद्धावस्था में दृष्टि सहित अधिकांश इन्द्रियां काम नहीं करती। बुढ़ापे के कष्टों की ओर वैदिक समाज का ध्यान गहरा है। जीवन अमूल्य है। वृद्ध हमारे समाज का अनुभव समृद्ध भाग हैं। उनके जीवन को कष्टरहित बनाना समाज का कर्तव्य है। वृद्धों की सेवा उनके पुत्रों-पौत्रों का प्रथम वरीयता वाला दायित्व है। यह राष्ट्र राज्य का भी कर्तव्य है। राष्ट्र राज्य सतर्क है। इस पर कानून भी है लेकिन समाज इस महत्वपूर्ण समस्या पर सजग व सतर्क नहीं है। भारतीय समाज जीवन संयुक्त परिवारों में विकसित हुआ है। ऐसे परिवारों के सुख-दुख साझा रहे हैं। वृद्ध अपने बड़े परिवारों में आनंदित रहते हैं लेकिन अब संयुक्त परिवारों की परंपरा टूट गई है। सब एकाकी रहना चाहते हैं। वृद्ध अकेले हो रहे हैं। वे उपयोगी नहीं माने जाते। वे अशक्त हैं। आधुनिक उपयोगितावाद के कारण वृद्धावस्था के शारीरिक कष्टों में अब मानसिक संताप भी जुड़ गए हैं। ज्यादातर वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं। संवेदनाएं कुचालक हो रही हैं। सभी प्राणी काल के भीतर है। मनुष्य भी। जन्म और शैशव ऊषाकाल है। बचपन संभावनाओं का बीज है। संभावना का बीज फूटता है। जीवन ऊर्जा से भरी-पूरी तरूणाई आती है। तरूणाई भी स्थिर नहीं है। 40-50 शरद् पूर्णिमा आई, गई। जीवन का संध्या काल आया। ऊर्जा घटी, शरीर टूटा। प्राचीन कवि बता गए है-शीर्यते इति शरीरं। जो शीर्ण होता रहता है, वह शरीर है। शरीर सतत् क्षरणशील है। 60 वर्ष के आसपास आ जाती है वृद्धावस्था। आयुर्वेद के ग्रंथ शारंगधर संहिता में मनुष्य शरीर के क्षरण का सुंदर उल्लेख है। लिखा है कि प्रत्येक 10 वर्ष बाद भाव ह्रास के लाक्षणिक परिवर्तन आते हैं। जीवन के पहले 10 वर्ष में मनमौजी वाल्यावस्था का ह्रास होता है। फिर अगले 10 वर्ष में वृद्धि का ह्रास होता है। वृद्धि रूक जाती है। फिर अगले 10 वर्ष में कान्ति चेहरे की दीप्ति का ह्रास, फिर आगे के 10 वर्ष में धारणा का ह्रास होता है। 5वें दशक में सौन्दर्य का ह्रास और छठे में दृष्टि का ह्रास बताया गया है। 7वें दशक में ऊर्जाबल का ह्रास, फिर पराक्रम और बुद्धि का ह्रास होता है। आधुनिक विज्ञान ने इस ह्रास को घटाया है लेकिन प्रकृति के नियम अपना काम करते ही हैं। वृद्ध होना सबकी नियति है। बुढ़ापा अभिशाप नहीं है। वृद्धों के पास संसार के जीवन्त अनुभवों का कोष होता है। अनुभव का कोष महत्वपूर्ण है। वृद्ध के पास दिशा होती है, युवक के पास गति और ऊर्जा। वृद्धों के दिशा दर्शन में ही युवकों की गति उपयोगी है। माता-पिता भी मार्गदर्शक संरक्षक होते हैं। वे न होते तो हम न होते। ऋग्वेद में पृथ्वी माता है, आकाश पिता है। इस उदाहरण में विराट पृथ्वी और अनंत आकाश की तुलना माता-पिता से की गई है। माता-पिता से हमारे अंतर्सम्बंध एकात्म है। वे जनक है। वे हमारा भविष्य संवारने में जुटे दो देव हैं। वे प्रतिपल प्यार और शुभांशंसा उड़ेलने वाले शक्ति केन्द्र हैं। उनका आदर और सम्मान हमारा कर्तव्य है। ऋषि की इच्छा है कि हम पृथ्वी को मां जैसी और आकाश को पिता जैसी प्रतिष्ठा दें। ऋग्वेद (10.22.3) में इन्द्र से कहते हैं ''जैसे पिता अपने पुत्र को संरक्षण देता है आप हमें वैसे ही संरक्षण दें- पिता पुत्रमिव प्रियम।'' यहां पिता का संरक्षण सबसे बड़ा है। ऋषि की कामना है कि इन्द्र भी उसे पिता जैसा संरक्षण दें। हाथ पकड़े रहें, हम गिरे तो वे तत्काल उठा लें। एक अन्य मंत्र में इन्द्र से प्रार्थना है कि आप हमें पिता की तरह बुद्धि दें-प्रमतिपितेव। इन्द्र ज्ञानी हैं। यह समाज की मान्यता है लेकिन पिता द्वारा दी गई बुद्धि की बात ही दूसरी है। ऋषि पिता की बुद्धि को श्रेय जानता है। देव सामाजिक मान्यता हैं। पिता यथार्थ हैं। प्रत्यक्ष संरक्षक व सुखदाता है। सोम से स्तुति है, ''हमें वैसे ही सुखी रखो, जैसे पिता पुत्र को सुखी रखता है।÷ सुख कई तरह का होता है। प्रिय का मिलन सुख है। प्रकृति की अनुकूलता सुख है। इच्छा का पूरा होना भी सुख है लेकिन ऋषि पिता द्वारा दिए गए सुख से सराबोर है।

माता-पिता बचपन में पोषण देते हैं, पढ़ाते हैं-सिखाते हैं। वे स्वयं की चिन्ता नहीं करते अपना भविष्य नहीं देखते। हम सबके सुखद भविष्य का तानाबाना बुनते हैं। हम तरूण होते हैं, पिता वृद्ध होते हैं। हम तरूणाई से और परिपक्व होते हैं, पिता और वृद्ध होते हैं। जब हम तेज रफ्तार जीवन की गतिशीलता में होते हैं, तब माता-पिता उठते ही गिर पड़ते हैं। वे बचपन में हमको गिरने से बचाते थे। ऋषि को स्मृति में ऐसे तमाम प्रसंग हैं। एक ऋषि अग्नि से स्तुति करते हैं, ''हमें वैसे ही उछालो जैसे हमारे पिता हमको उछालते थे।'' बचपन में माता-पिता हमको उछालते थे। हम उनकी गोद में गिरते थे। खिलखिलाते-हंसते थे। क्या उन्हें हम उनकी वृद्धावस्था में अपनी गोद में बैठा सकते हैं? अधिकांश वृद्ध माता-पिता जीवन की सांझ में निराश हैं। पुत्र अपने काम में व्यस्त हैं। माता-पिता अकेले हैं। कुछेक को दवा-भोजन मिलता है लेकिन प्रेम नहीं। उन्हें वृद्धावस्था में संरक्षण की जरूरत है। लेकिन कमाऊ पुत्र डांट रहे हैं, वृद्ध व्यथित हैं। सरकारें वृद्धाश्रम बना रही हैं। यह राष्ट्रव्यापी समस्या है। इसका उपचार प्राचीन संस्कृति और वैदिक सभ्यता है। भारत के अपने इतिहास में माता-पिता के आदर व श्रद्धा वाला संस्कारी समाज था। वैसा ही संस्कारी समाज बनाने के लिए माता-पिता का संरक्षण पाना और वृद्धावस्था में उन्हें संरक्षण देना कोई बड़ा काम नहीं है। यह सांस्कृतिक प्रश्न है। सामाजिक प्रश्न है और पारिवारिक आनंद की प्राप्ति का मार्ग भी है।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### पति सहित चार पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के हसनापुर की रहने वाली एक विवाहिता ने दहेज में ?50000 की नगदी और बाइक मिलने की मांग पूरी न होने के कारण पति सहित चार ससुराली जनों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के हसनापुर गांव की रहने वाली नीलम पुत्री अवधेश के अनुसार उसका विवाह पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम अनंगपुर में सुनील कुमार पुत्र बृजेश कुमार के साथ हुआ था जिसमें उसके पिता ने हैसियत के हिसाब से दहेज दिया। लेकिन ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज के रूप में ?50000 की नकदी और एक बाइक की मांग करने लगे। नीलम के अनुसार जब उसने मायके वालों की हैसियत न होने की बात कही गई तो उसे मारा पीटा गया। 8 अप्रैल को पति सुनील, ससुर बृजेश, सास माधुरी, देवर अंकित ने उसे मारा पीटा और कहा कि जब तक वह दहेज नहीं लायेगी तब तक उसे घर में नहीं रखा जाएगा। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर जांच पड़ताल जा रही है।

### अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाहाबाद हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला नई बस्ती निवासी एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी कर रही है। नई बस्ती निवासी विजयपाल 40 वर्ष पुत्र लालाराम शराब पीने का आदी था। परिजनों के अनुसार रविवार को अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई तुरंत उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर जामा मस्जिद चौकी इंचार्ज अस्पताल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

### तालाब में मिला युवक का शव, सिहारी गांव में सनसनी

**माधौगढ़ (जालौन)।** तहसील क्षेत्र के सिहारी गांव में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब 19 वर्षीय युवक का शव गांव के तालाब में तैरता हुआ मिला। मृतक की पहचान ओम जी उर्फबेटू पुत्र ध्रुव सिंह निवासी सिहारी के रूप में हुई है। रविवार सुबह करीब 10 बजे कुछ ग्रामीणों की नजर तालाब में पड़े शव पर पड़ी। देखते ही देखते यह खबर पूरे गांव में फैल गई और मौके पर भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकलवाया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है, वहीं पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस के अनुसार मामले की गहन जांच की जा रही है और सभी संभावित पहलुओं पर विचार किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### अपना दल एस कार्यकर्ता 28 को धूमधाम से मनायेंगे स्थापना दिवस




**उरई (जालौन)।** रविवार को अपना दल (एस) के जिला कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिल कुदारी ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झांसी मंडल के क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद बाबूजी बोहरा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर युवा मंच के प्रदेश महासचिव ओंकार सिंह ठाकुर एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहित राठौर ने प्रतिभाग किया। बैठक में 28 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाये जाने का निर्णय लिया गया। संगठनात्मक बैठक में जिला कार्यकारिणी की नवीन घोषणा के उपरांत सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों के स्वागत और सम्मान समारोह की रूपरेखा तय की गई। पार्टी अपना स्थापना एवं जन्मोत्सव आगामी 28 अप्रैल को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान पार्टी की नीतियों और नेतृत्व में आस्था जताते हुए बैठक के दौरान दर्जनों लोगों ने अपना दल (एस) की सदस्यता ग्रहण की। बैठक के अंत में जिला अध्यक्ष अनिल कुदारी ने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों को सफ्ल बनाने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। बैठक में शैलेंद्र सिंह पटेल, शीलू बिरगुंवा जिला उपाध्यक्ष, पवन गुप्ता नगर अध्यक्ष उरई, अंकित यादव जिलाध्यक्ष युवा मंच, रामशंकर पाल प्रधान जिलाध्यक्ष पंचायत मंच, श्यामसुंदर कुशवाहा जिला महासचिव, नरेश कुमार वर्मा जिलाध्यक्ष व्यापार मंच, अनिल कुशवाहा जिला कार्यकारी सदस्य अपना दल सोनेलाल सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्रीबांके बिहारी मंदिर में जलाभिषेक एवं पूजन कार्यक्रम सम्पन्न



**फतेहपुर।** शांति नगर स्थित सिद्धपीठ श्री बांके बिहारी मंदिर में बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वावधान में जलाभिषेक एवं पूजन कार्यक्रम विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर मुख्य जजमान प्रदीप गर्ग एवं सुनीता गर्ग रहे, जिनके श्रद्धा, समर्पण और आयोजन में सक्रिय योगदान ने पूरे कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरोवर से पवित्र जल लाकर की गई, जिसे प्रदीप गर्ग एवं सुनीता गर्ग ने पूरे विधि-विधान के साथ भगवान को अर्पित करते हुए जलाभिषेक सम्पन्न कराया। बांके बिहारी मंदिर में इस दौरान भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां हर भक्त प्रभु की भक्ति में लीन नजर आया। अन्य भक्तों में प्रमुख रूप से हरिओम रस्तोगी, मोनू रस्तोगी, सुशील मिश्रा (एडवोकेट), संजीव अग्रवाल, मनीष गुप्ता, मनीष मिश्रा, संजय पांडेय अभिनव यादव, बबलू गुप्ता, संजीव चौरसिया, अनिल सिंह गौतम, कविता रस्तोगी, कल्पना सिंह, रीता सिंह, रश्मि अवस्थी एवं खुशी सैनी की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने पूरे आयोजन में उत्साह और भक्ति का वातावरण बनाए रखा। इस दौरान वेदियों की स्थापना एवं कलश स्थापना का कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। जजमानों द्वारा भगवान कामतानाथ बाबा का विधिवत पूजन-अर्चना कर जलाभिषेक एवं दिव्य स्नान कराया गया। पूरे आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और भक्ति का प्रेरणादायक संदेश भी दिया।

### सीबीसीटी स्कैन मशीन का हुआ भव्य उद्घाटन



**फतेहपुर।** मुराईनटोला पुलिस चौकी के सामने साईं स्पेशलाइज्ड डेंटल हॉस्पिटल में सीबीसीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन डॉक्टर सिद्धार्थ सिंह प्रोफेसर ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजिस्ट लखनऊ के द्वारा फीता काट कर किया गया। इस दौरान संचालक डॉक्टर रवि नाथ गुप्ता ने बताया कि यह मशीन फ्तेहपुर की पहली स्कैन मशीन है इस आधुनिक मशीन से जबडो का स्कैन किया जाता है और 24 घंटे के अंदर उसकी रिपोर्ट भी दे दी जाती है। उन्होंने कहा पहले लोगों को प्रयागराज कानपुर लखनऊ सीबीसीटी के लिए जाना पड़ता था लेकिन अब फ्तेहपुर में ही यह सुविधा उपलब्ध है अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस मशीन के फ्तेहपुर में लगने से लोगों का समय और पैसा दोनों बचेगा। इस अवसर पर डॉक्टर हरीतमा गुप्ता, डॉक्टर अंजली सिंह, डॉक्टर अरुण शर्मा मौजूद रहे। वही डॉक्टर रवी नाथ गुप्ता ने यह भी बताया कि अब मुंह से संबंधित किसी भी जांच के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है साई स्पेशलाइज्ड डेंटल हॉस्पिटल में सारी सुविधाएं उपलब्ध है।

### ट्रेन के नीचे गिरी महिला की हुई दर्दनाक मौत



**महोबा।** थाना चरखारी अंतर्गत बमहौरी कला मठयाई गांव की एक महिला की उस समय मौत हो गई जब वह पति के साथ उपचार कराने ट्रेन से जा रही थी चढ़ते समय पैर फिसलने से वह नीचे चली गई, आनन- फानन में जीआरपी और आरपीएफ थाना पुलिस द्वारा उसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया है। बताया है कि चरखारी थाना क्षेत्र के बमहौरी कला मठियाई गांव निवासी सरोज 36 वर्ष अपने पति सुनील और बेटे के साथ इलाज कराने मऊरानीपुर जाने के लिए रेलवे स्टेशन महोबा प्लेटफार्म नंबर एक पर ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने से नीचे चली गई, आनन- फानन में जीआरपी और आरपीएफ थाना पुलिस द्वारा उसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

### थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**पनवाड़ी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पनवाड़ी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। प्रभारी निरीक्षक बीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा उपनिरीक्षक सनय कुमार व हेड कांस्टेबल विजय सिंह ने कार्यवाही करते हुए एक वारण्टी अभियुक्त आजाद पुत्र प्रहलाद राजूपत निवासी ग्राम सलैया खालसा, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा, उम्र करीब 28 वर्ष को संबंधित मु.नं. 477/2021, अ.सं. 47/2020 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत न्यायालय अपर सिविल जज (जू.डि.) महोबा द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के अनुपालन में गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# संडीला में परशुराम जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन, जुटे श्रद्धालु व गणमान्य

**संडीला, हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



परशुराम जयंती के पावन अवसर पर संडीला क्षेत्र में भव्य आयोजन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में भगवान परशुराम के जीवन, आदर्शों और उनके द्वारा स्थापित धर्म व न्याय की परंपराओं पर विस्तार से चर्चा की गई।आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम केवल एक धार्मिक प्रतीक नहीं बल्कि न्याय, पराक्रम और सत्य के प्रतीक हैं। उनके आदर्श आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं।कार्यक्रम में आशीष अवस्थी प्रशांत त्रिपाठी राजा मिश्रा, विनोद पांडे, अजय द्विवेदी, राहुल द्विवेदी, पंकज तिवारी, सुनील कुमार मिश्रा (एडवोकेट, लखनऊ), डॉ. नीरज शुक्ला (लखनऊ), आकाश पांडे, जगत द्विवेदी, विवेक द्विवेदी, आशीष द्विवेदी, अतुल तिवारी, संजय शुक्ला, शुभम शुक्ला (दलेलनगर), वेद मिश्रा, वंदना तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।इस दौरान भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया। अंत में सभी ने समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## सवायजपुर तहसील में दिखा बदलाव, एसडीएम मयंक कुंडू की पहल से व्यवस्था हुई सुदृढ़



**सवायजपुर हरदोई।** जनपद हरदोई की सवायजपुर तहसील में उप जिलाधिकारी मयंक कुंडू के कार्यभार संभालने के बाद से व्यवस्थाओं में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। उनकी कार्यशैली और नवाचारों ने तहसील की कार्यप्रणाली को अधिक सुव्यवस्थित और जनहितकारी बना दिया है विशेष रूप से समाधान दिवस के दौरान की गई व्यवस्थाएं चर्चा का विषय बनी हुई हैं। एसडीएम मयंक कुंडू ने विभिन्न विभागों जैसे राशन कार्ड, स्वास्थ्य (दवाई), राजस्व और अन्य सेवाओं से संबंधित स्टॉल लगवाकर लोगों को एक ही स्थान पर सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की है। इससे फरियादियों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो रहा है। इसके अलावा तहसील सभागार की सूरत भी पूरी तरह बदल दी गई है। नए पंखे, पर्दे, काउंटर, माइक और कुर्सियों की व्यवस्था कर आधुनिक और सुविधाजनक माहौल तैयार किया गया है, जिससे अधिकारियों और आम जनता दोनों को सुविधा मिल रही है स्थानीय लोगों का कहना है कि इन बदलावों से तहसील में कामकाज पहले की तुलना में अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी हुआ है।कुल मिलाकर, एसडीएम मयंक कुंडू की पहल से सवायजपुर तहसील में प्रशासनिक कार्यों में सुधार के साथ-साथ आम जनता को भी सीधा लाभ मिल रहा है।

## युवती की हत्या में आरोपी का नामजद पिता गिरफ्तार



**हरदोई।** मल्लवा थाना के ग्राम गढ़ी रसूलपुर में 13 अप्रैल को युवती की हत्या में नामजद दूसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पचीस हजार के इनामी मुख्य आरोपी को पुलिस पूर्व में जेल भेज चुकी है। प्राप्त विवरण में 13 अप्रैल को मल्लावां क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गढी रसूलपुर में शिल्पी कुशवाहा पुत्री रामरहीश की ऋषभ द्विवेदी पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम गढी रसूलपुर थाना मल्लावां द्वारा फावडे से वार कर हत्या कर दी गयी है। प्राप्त सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का नियमानुसार पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेजा गया। वादी की तहरीर के आधार पर थाना मल्लावां पर आरोपी और उसके पिता के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी व क्षेत्राधिकारी बिलग्राम के नेतृत्व में टीमें गठित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। उप निरीक्षक शिवाकांत पाण्डेय द्वारा उक्त अभियोग से संबंधित नामजद प्रमोद पुत्र प्यारे लाल निवासी ग्राम गढी रसलपर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। 15 अप्रैल को उक्त अभियोग से संबंधित मुख्य आरोपी ऋषभ द्विवेदी को आला कत्ल फावडा सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा चुका है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बुध बाजार में एक 57 वर्षीय महिला की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला बुध बाजार निवासी साजिदा 57 वर्ष पुत्री अंसार रविवार को शाम 4:00 बजे अचानक तबीयत खराब हुई तो परिजन तत्काल सीएचसी लाये जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दिनदहाड़े गोली मारकर महिला को किया घायल, आरोपी गिरफ्तार

▸ तगादा करने गई थी महिला

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



मझिला थाना के ग्राम कोरिगवां में उधारी के रूपये वापस मांगने पर पिता पुत्र ने दिन दहाड़े एक महिला को गोली मारकर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस के अनुसार महिला की हालत खतरे से बाहर है। आरोपी पिता पुत्र को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। प्राप्त विवरण में कोरिगवा निवासी शिवानी पत्नी दीपू ने अपने पारिवारिक ब्रजेश पुत्र भगन्नू को पूर्व में मकान बनवाने के लिए पचास हजार रूपए उधार दिए थे। अपनी जरूरत पर शिवानी ने शनिवार की शाम करीब चार बजे ब्रजेश से रूपये वापस मांगे तो आरोपी ब्रजेश ने अपने पुत्र उमेश के साथ मिलकर शिवानी को जान से मार डालने के इरादे से तमंचे से गोली मारकर घायल कर दिया और फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरबी 112 ने घायल महिला को पिहानी स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहाँ से इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर एएसपी/ सीओ सर्किल शाहाबाद आलोक राज नारायण ने जिला अस्पताल पहुँच कर घायल महिला से घटना की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा दिए। मझिला पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र को हिरासत में ले लिया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछ ताछ की जा रही है।

# भगवान परशुराम प्रकट्योत्सव पर निकली शोभायात्रा, उमड़ा जनसैलाब

▸ ठड़ेश्वरी मंदिर से शुरू हुई यात्रा का सिटी सेंटर में हुआ समापन
▸ परशुराम का जीवन जीवन त्याग, तपस्या, शौर्य और धर्म की रक्षा का प्रतीकः पं. अभिषेक दीक्षित

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



रविवार को भगवान परशुरामजी के पावन प्रकट्योत्सव के शुभ अवसर पर समस्त ब्राह्मण समाज द्वारा एक ऐतिहासिक भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। नगर के प्रमुख मार्गो से निकली इस शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय रंग में रंग दिया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु, युवा वर्ग और मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की जिससे आयोजन की भव्यता देखते ही बनती थी। शोभायात्रा में भगवान परशुराम जी की आकर्षक एवं मनमोहक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालु, हाथों में ध्वज लिए युवा और भक्ति गीतों पर झूमते समूहों ने पूरे माहौल को ऊर्जा और आस्था से भर दिया। ढोल-नगाड़ों बैंड-बाजों और भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनि से नगर की गलियां गूंज उठीं जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर समाज के गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा की सहमति के साथ बस स्टैंड चौराहे के मध्य ÷फ्रसा परशुराम चौक÷ के प्रतीक स्वरूप फ्रसा स्थापित किया गया जो समाज की आस्था और भगवान परशुराम जी के प्रति श्रद्धा का प्रतीक बन गया। अंत में समस्त ब्राह्मण समाज ने इस भव्य आयोजन को सफ्ल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। समाज के सभी लोगों की सहमति से एवं ब्राहमण समाज के अपार जन सैलाब की भावनाओ को देखते हुये सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा की एक राय के साथ चौराहे के बीच में फ्रसा परशुराम चौक के प्रतीक के रूप में लगाया गया। इस मौके पर सदर विधायक ने ऐलान किया कि आज से यह चौराहा परशुराम चौक के नाम से जाना जायेगा। विधायक की घोषणा होने के बाद ब्राहमण समाज के लोगों ने इसका एक स्वर से स्वागत किया।

## रामपुरा-ऊमरी में धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम जयंती



▸ वैदिक ऋचाओं से गूंजा वातावरण

**रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के प्रकट्य दिवस पर विकासखंड रामपुरा क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। नगर पंचायत रामपुरा स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम अवतरण दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। ग्राम कस्बा निवासी पंडित ओमप्रकाश द्वारा विधि-विधान से वैदिक ऋचाओं के उच्चारण के बीच हवन-पूजन कराया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में राजेंद्र त्रिपाठी (फ्तेहपुरा), विजय द्विवेदी (जगम्मनपुर), कमलेश पाठक, पवन सीरोठिया, अरविंद सिंह भदौरिया, प्रशांत त्रिपाठी, देवी शरण मिश्रा (प्रधानाचार्य), मनीष मोनस, मयंक चतुर्वेदी, संतोष प्रजापत, भाजपा मंडल अध्यक्ष हिमांशु चिरवारिया, अंकुर मिश्रा, अजय पुरवार, अभिषेक पांडे, इच्छानंदन उपाध्याय, अन्नू मुढोतिया, मनीष तिवारी (कर्रा), शुभम त्रिपाठी, राजेश कुमार मिश्रा (डिकोली), विवेक गुवरेले, अवधेश कुमार सहित करीब एक सैकड़ा लोग मौजूद रहे। इसीक्रम में नगर ऊमरी में नगर पंचायत कार्यालय परिसर में भगवान परशुराम जयंती का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान नगर में ब्राह्मण धर्मशाला निर्माण एवं भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापना की रूपरेखा भी तैयार की गई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मोहन तिवारी ने धर्मशाला निर्माण के लिए अपने बाग की भूमि दान करने की घोषणा की, जिससे उपस्थित लोगों में उत्साह का माहौल बन गया। इसके बाद कई लोगों ने भामाशाह की भूमिका निभाते हुए आर्थिक सहयोग की घोषणा की। कार्यक्रम में राजेंद्र पांडे (धूता), प्रदीप तिवारी, श्याम बाबू तिवारी, बाबा पहलवान दास, श्यामाचरण चतुर्वेदी, परमात्मा शरण फौजी, जितेंद्र शुक्ला (पूर्व चेयरमैन), विजय द्विवेदी, आनंद तिवारी, डॉ. मनोज तिवारी, मनीष दुबे, लवकुश त्रिपाठी, गोपाल द्विवेदी, आशीष तिवारी, पवन मुखिया, मनोज तिवारी (सभासद) सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों द्वारा अतिथियों को ओम अंकित पट्टिका भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रमों के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति, श्रद्धा और धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा।

# झूठे आरोपों का सपा सुप्रीमो दे प्रमाण, राजनीति से ले लूंगा संन्यासः पूर्व मंत्री

▸ पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ दायर करेंगे मानहानि का मुकदमा
▸ आर्यन चाय वाले के साथ मारपीट करने वाले मुस्लिम हैं इसलिए दे रहे है झूठे बयान

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



खागा तहसील के चौकी चौराहे पर खुली चाय की दुकान पर हुए विवाद के बाद खाद्य विभाग के छा पे ने अब राजनीतिक रूप ले लिया है। रविवार को चाय दुकानदार आर्यन यादव से सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने लखनऊ में मुलाकात कर उसे चाय बनाने के नए बर्तन दिए। इसके बाद उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा के पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह पर कछुआ तस्करी, मोरंग माफ्यिा जैसे कई आरोप लगाया। पूर्व मुख्यमंत्री के इन बयानों को सिरे से खारिज करते हुए पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी भैया ने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के पास अगर इन आरोपों का कोई भी साक्ष्य है तो उसे सार्वजनिक करें वह तत्काल राजनीति से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने कहा कि वह दस दिन के अंदर सपा सुप्रीमो के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे। पूर्व मंत्री ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि आर्यन चाय वाले के साथ मारपीट और शिकायत करने वाले मुस्लिम है इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री ने उनका नाम नहीं लिया। क्यों कि दोनों पक्ष उनके वोटर और सपोटर है। आर्यन चाय वाले की दुकान से केवल सैंपल लिया गया है उसकी दुकान को सील भी नहीं किया गया। इसी बाद भी सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव झूठे बयानबाजी कर रहे है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े नेता इस तरह झूठे बयान देना शोभा नहीं देता है। टीआरपी बढ़ाने के लिए ऐसे बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में उनके मंत्री ही मोरंग माफ्यिा थे। सपा सरकार में ही तस्करी और माफ्यिा गिरी होती थी। योगी सरकार ने पूरी तरह माफ्यिा राज को खत्म कर जनता को भयमुक्त समाज देने का काम किया है। उनकी राजनीतिक छवि को धूमिल करने के लिए इस तरीके का षड्यंत्र किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय ब्राम्हण महासंघ ने मनाया परशुराम जन्मोत्सव

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ (अ) के तत्वाधान में भगवान परशुराम के पावन जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर जनपद स्थित ग्राम शाह के भैंसेश्वर बाबा मंदिर से अत्यंत भव्य, मनोहारी एवं अनुकरणीय शोभा यात्रा का आयोजन अनुपम उत्साह, उल्लास एवं गहन श्रद्धाभाव के साथ संपन्न हुआ। उक्त आयोजन में क्षेत्रीय जनसमुदाय की अभूतपूर्व सहभागिता परिलक्षित हुई, जिसके परिणामस्वरूप समग्र परिवेश आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक गरिमा एवं सामाजिक समरसता के पवित्र भावों से आप्लावित हो उठा। कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं भगवान परशुराम के विधिपूर्वक पूजन-अर्चन के साथ भैंसेश्वर बाबा मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात वहीं से शोभा यात्रा का शुभारंभ करते हुए ग्राम के प्रमुख मार्गो से अत्यंत सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं गरिमामय रीति से संचालित की गई। यात्रा के दौरान भक्तिभाव से ओत-प्रोत गायन, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान परशुराम जी के आदर्शो, उनके अद्वितीय पराक्रम तथा धर्मसंरक्षण के सिद्धांतों का प्रभावशाली एवं भावपूर्ण संप्रेषण किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह के अंतर्मन को गहन रूप से स्पंदित किया। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ (अ) की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति एवं सर्वानुमोदन के साथ अनिल त्रिपाठी 'मनीष भैया' को संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष, पंडित अंकित दीक्षित को राष्ट्रीय महासचिव घोषित किया गया। यह घोषणा संगठन के सुदृढ़ीकरण, विस्तार एवं समग्र समाजोत्थान की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक मानी जा रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत समाज के विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान प्रदान करने वाले अनेकानेक विशिष्ट समाजसेवियों, विद्वतजनों एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर विधिवत् सम्मानित किया गया, जिससे उनके उल्लेखनीय कार्यों के प्रति कृतज्ञता एवं आदराभिव्यक्ति प्रकट की जा सके। इस गरिमामय आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक एवं अभिनेता गौरव पंडित की सुसज्जित एवं गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही विशिष्ट अतिथियों के रूप में माननीय गिरीश चंद्र मिश्रा (उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी, राज्य मंत्री स्तर, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार), आदित्य पाण्डेय जी पूर्व विधायक, अमित तिवारी ब्लॉक प्रमुख भिटौरा, अभिषेक त्रिवेद्वी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, आशीष मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, प्रमोद द्विवेदी पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, मनोज शुक्ल पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अनुराग नारायण पुत्तन मिश्र महामंत्री बार एसोसिएशन, गणेश प्रसाद तिवारी उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन, अनुराग मिश्रा शिक्षक नेता, पंकज त्रिवेदी जिला महामंत्री भाजपा, प्रबुद्धजन एवं समाज के अग्रणी व्यक्तित्वों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक अभिवर्धित की। अंत में आयोजक मंडल द्वारा समस्त अतिथियों, सहभागियों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए यह दृढ़ संकल्प व्यक्त किया गया कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से समाज में जागरूकता, एकात्मता एवं सांस्कृतिक चेतना का निरंतर संवर्धन किया जाता रहेगा।

# श्रद्धाभाव से मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती

**समृद्धि न्यूज़, रामनगर बाराबंकी।** नगर पंचायत के सभागार मे भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर पंडित भोलानाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं डा संजय तिवारी के संचालन मे आयोजित भव्य सम्मान समारोह का श्री गणेश चेयरमैन रामशरण पाठक ने दीप प्रज्जवलित कर किया।श्री पाठक ने व्यापार मंडल के अध्यक्ष रविकांत पांडेय और समाजसेवी पवन कुमार ओझा को अच्छे आयोजन की बधाई दी।आयोजको की ओर से क्षेत्र के बुजुर्गो को अंगवस्त्र और भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया।वन विभाग के दरोगा सचिन और दुर्गेश यादव ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी के हाथो से सैकड़ों पौधों का टी गार्ड



सहित वितरण कराया।मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने कहाकि समाज में बुजुर्गो का सम्मान सर्वोपरि है।उन्होने युवाओं से आह्वान करते हुए कहाकि भगवान परशुराम से सीख लेकर राष्ट्र प्रगति में अग्रणी भूमिका निभाये।चेयरमैन श्री पाठक ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन सत्य साहस और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।बुजुर्ग समाज की धरोहर है उनके अनुभव से ही नई पीढ़ी को सही दिशा मिलती है।ऐसे आयोजन समाज में संस्कार और आपसी सम्मान को मजबूत करते हैं।इस मौके पर रामलखन शुक्ला,प्राचार्य डॉ कौशलेंद्र विक्रम मिश्र,सतीश शुक्ला,भाजपा नेत्री अल्का मिश्रा,कमलेश पांडेय,देवीसरन मिश्रा,शिक्षक रहे कृष्ण दत्त पांडे,किन्नर ललिता तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सिरौलीगौसपुर संवाददाता के अनुसार सिरौलीगौसपुर के अतिथि गृह में आयोजित भगवान परशुराम जयंती में मुख्य अतिथि के रुप मे पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह शामिल हुए और भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। रविवार को सिरौलीगौसपुर के अतिथि गृह भवन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णानंद अवस्थी ने की, जबकि राजेश द्विवेदी संयोजक रहे। अजय सिंह गुरुजी और राम लखन शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।अपने संबोधन में पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह ने कहा कि भगवान परशुराम को केवल एक जाति से जोड़ना गलत है। वे सर्व समाज के देवता थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि परशुराम जी ने अधर्म पर उतरे क्षत्रियों का मान-मर्दन किया था।इस अवसर पर प्रधान दया शंकर शुक्ल, अमित पांडे, रामसागर कनौजिया, प्रहलाद कुमार विमल ,अनिल कनौजिया ,प्रेम शंकर तिवारी, शेषनारायण पांडे, संदीप वर्मा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भगवान परशुराम के जयकारों के साथ हुआ।

## मैरिज लॉन के पास पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**फतेहपुर बाराबंकी।** फतेहपुर थाना क्षेत्र के मिठवारा गांव में एक युवक का शव आरके मैरिज लॉन के पास स्थित आम के पेड़ से लटका मिला।सुबह स्थानीय लोगों ने शव देखा जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।मृतक की पहचान मोहब्बतपुर मजरे मिठवारा गांव निवासी 29 वर्षीय इंद्रजीत पुत्र राम प्रकाश के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही फतेहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।परिवार के सदस्य रो-रोकर बेहाल हैं।युवक द्वारा उठाए गए इस कदम के पीछे के कारणों का तत्काल पता नहीं चल



सका है।कोतवाल अमित सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था।उसकी पत्नी मायके से ससुराल नहीं आ रही थी जिसके कारण युवक ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है।हालांकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही हो पाएगा।पुलिस सभी पहलुओं से मामले की गहन जांच कर रही है।पुलिस आसपास के लोगो और मृतक के परिजनो से पूछताछ कर रही है ताकि घटना की सच्चाई सामने आ सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, पत्नी की हालत नाजुक

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना संग्रामपुर क्षेत्र से एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना की खबर सामने आई है। बाइक सवार दीपक कुमार पुत्र नंदलाल कोरी उम्र 22 वर्ष निवासी तिहाईतनपुर की सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। बताया जा रहा है कि दीपक अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से अमेठी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान अमेठी-प्रतापगढ़ मार्ग पर संग्रामपुर मोड़ के पास एक स्कूली छात्रा की साइकिल को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि दीपक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल पत्नी को जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। परिजनों के मुताबिक, दीपक दो भाइयों में सबसे छोटा था।

# उ.प्र. गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष व सदस्य ने संयुक्त रूप से विभिन्न गो आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़**

**बाराबंकी।** उ0प्र0 सरकार के निर्देश पर जनपद में संचालित गो आश्रय स्थलों के निरीक्षण तथा गो संरक्षण कार्य के अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा हेतु पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महेश कुमार शुक्ल उपाध्यक्ष, एवं दीपक गोयल, सदस्य, उ0प्र0 गो सेवा आयोग शुक्रवार को जनपद भ्रमण पर रहे। उपाध्यक्ष एवं सदस्य द्वारा संयुक्त रूप से जनपद बाराबंकी के भ्रमण के दौरान अस्थायी गो आश्रय स्थल जमीन हुसैनाबाद, विकास खण्ड हैदरगढ़, वृहद गो संरक्षण केन्द्र कन्धईपुर, विकास खण्ड बनीकोडर, अस्थायी गो आश्रय स्थल मानपुर, विकास खण्ड हरख, वृहद गो संरक्षण केन्द्र निबलेट, ग्राम मोहिउद्दीनपुर, विकास खण्ड बंकी तथा कान्हा गौशाला, मंझलेपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गो आश्रय स्थलों में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी



गयी तथा संरक्षित निराश्रित गोवंश के भरण पोषण हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा/साईलेज, पशु आहार एवं पीने हेतु स्वच्छ पेयजल उपलब्ध पाया गया। माननीय उपाध्यक्ष द्वारा ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत गो आश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित गोवंशों को हीट स्ट्रोक/लू से बचाव हेतु शेड के चारों तरफ जूट/टाट के बोरे लगाए जाने तथा उस पर नियमित रूप से पानी के छिड़काव के निर्देश दिए गए। साथ ही साथ टीन शेड के नीचे इंसुलेटर के रूप में थर्माकोल आदि लगाए जाने के निर्देश दिए गए।

जनपद के गो आश्रय स्थलों के निरीक्षण के डी0आर0डी0ए0 सभागार, बाराबंकी में जनपदीय स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक आहूत की गयी। बैठक में सर्वप्रथम उपाध्यक्ष द्वारा उपस्थित अधिकारीगणों से परिचय प्राप्त किया गया तथा एक दूसरे को सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में संचालित गो आश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुये ऐसे गो आश्रय स्थल जिनमें 100 से कम गोवंश संरक्षित है, को अन्यत्र स्थानान्तरित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष द्वारा जनपद के व्यवसायियों, पशुपालकों एवं गणमान्य व्यक्तियों से भूसा दान हेतु अपील की गयी। बैठक में मुख्य रूप से अपर निदेशक ग्रेड-2, पशुपालन विभाग, अयोध्या मण्डल, अयोध्या, अपर जिलाधिकारी(न्यायायिक), उप जिलाधिकारी(न्यायायिक) रामसनेहीघाट, परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, जिला उद्यान अधिकारी, क्षेत्रीय वनाधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी व पशु चिकित्साधिकारी, सहायक विकास अधिकारी एवं अन्य जनपद/तहसील/विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## खबरें एक नजर में

### अक्षय तृतीया पर रेलवे स्टेशन पर चला जनजागरूकता अभियान




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में उप जिलाधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में अक्षय तृतीया के अवसर पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत गौरीगंज रेलवे स्टेशन पर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य बाल विवाह जैसी कुप्रथा के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 भारत में बाल विवाह को रोकने, पीड़ितों को संरक्षण देने तथा दोषियों को दंडित करने का प्रमुख कानून है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस कानून का पालन करें। चाइल्ड हेल्पलाइन की रुचि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह के लिए न्यूनतम आयु लड़कियों के लिए 18 वर्ष तथा लड़कों के लिए 21 वर्ष निर्धारित की गई है। इसका उल्लंघन करने पर दोषियों को 2 वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। केस वर्कर बेबी सिंह ने उपस्थित लोगों को विभिन्न टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों–181, 1098, 112, 1090 और 1076–की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर गौरीगंज के बाल कल्याण दरोगा एवं आरपीएफ जवान भी मौजूद रहे और अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया।

### एलपीजी उपभोक्ताओं के साथ गैस एजेंसी के कर्मी कर रहे मनमानी

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** क्षेत्र में गैस उपभोक्ताओं के साथ हो रही लापरवाही और कथित अनियमितताओं का मामला सामने आया है। मुल्क राज भारत गैस एजेंसी, सड़वा भेलू से जुड़ा एक ताजा प्रकरण उपभोक्ता अधिकारों पर सवाल खड़े कर रहा है। ग्राम अंगदपुर निवासी अनामिका, पत्नी हरिशंकर (उपभोक्ता आईडीः 1194 041 69) ने 13 मार्च को गैस सिलेंडर बुक कराया था। आरोप है कि उन्हें 22 मार्च को एजेंसी द्वारा सिलेंडर लेने के लिए बुलाया गया। पीड़ित के पति हरिशंकर के अनुसार, एजेंसी पहुंचने पर कर्मचारी अनिल कुमार ने उनका मोबाइल लेकर ओटीपी प्राप्त कर लिया, लेकिन गैस सिलेंडर देने के बजाय उन्हें वापस कर दिया गया।

## वायर के कई ड्रम राख, गेहूं का खेत भी चपेट में आया

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिला मुख्यालय गौरीगंज के मुंशीगंज रोड स्थित पावर हाउस में रविवार दोपहर भीषण आग लग गई जिससे परिसर में रखे वायर के कई ड्रम जलकर राख हो गए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि वे पास के गेहूं के खेत तक फैल गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना देने के काफी देर बाद भी फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंची। इस दौरान आग फैलकर बगल में खड़े गेहूं के खेत तक पहुंच गई। हालांकि, खेत मालिकों ने कड़ी मशक्कत के बाद अपने खेत की आग बुझाने में सफलता पाई। मिली जानकारी के अनुसार अचानक लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप लेते हुए वहां रखे वायर के ड्रमों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची लपटें और काले धुएं का गुबार दूर से दिखाई दे रहा था। कर्मचारियों ने तत्काल फायर ब्रिगेड और विद्युत विभाग को सूचना दी। समय रहते बिजली आपूर्ति बंद कर दिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## अग्निकांड के पीड़ितों को एसडीएम ने वितरित किया राहत सामग्री

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज और तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने मौके पर पहुंचकर डेंरे राजा और बाराइन गांव के आग पीड़ितों को तिरपाल और राशन उपलब्ध कराया।शनिवार को डेंरे राजा और बाराइन गांवों में अज्ञात कारणो से छप्परनुमा घरो में आग लग गई थी।आग पर समय रहते काबू पा लिया गया लेकिन डेंरे राजा निवासी सतनाम घर का सामान निकालते समय झुलस गए।कई परिवारों का घर-गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया।अग्निकांड की सूचना पर लेखपाल विकास मिश्रा ने तत्काल नुकसान का आकलन किया था।रविवार को उपजिलाधिकारी अनिल



कुमार सरोज और तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा,लेखपाल विकास मिश्रा के साथ प्रभावित गांवों में पहुंचे।डेंरे राजा गांव में रुखसार पत्नी सतनाम और बाराइन गांव में अखिलेश कुमारी पत्नी रामू को तिरपाल और राशन सामग्री प्रदान की गई।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने कहा कि प्रशासन पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद करेगा।उन्होंने यह भी बताया कि राजस्व टीम नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर रही है।

### धूमधाम से अक्षय तृतीया एवं परशुराम जयंती मनाई गई

**डलमऊ समृद्धि न्यूज़।** अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती के अवसर पर राम जानकी मंदिर डलमऊ में हिंदू सनातिनियों द्वारा भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना करते हुए परशुराम जयंती मनाई गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद नगर पंचायतअध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ ने बताया यह दिन हमें आत्मविवेचन की प्रेरणा देता है। अक्षय आत्मतत्त्व पर दृष्टि रखने का दृष्टिकोण देता है भगवान परशुराम भगवान विष्णु के अवतार, धर्म और न्याय के रक्षक परशुराम ने अधर्म और अन्याय के विरुद्ध शस्त्र उठाकर धर्म की स्थापना की उनका जीवन हमें साहस, तप और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर संतोष त्रिवेदी शुभम गौर बॉबी पंडित पुरुषोत्तम शुक्ला आशु तिवारी राजकुमार त्रिवेदी छोटू पंडा टेसू दीक्षित आदि के साथ अन्य क्षेत्रीय सनातनी मौजूद रहे।

## कलम शक्ति ट्रस्ट की गठित हुई टीम, पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

**लालगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के लगन उत्सव लॉन में कलम शक्ति ट्रस्ट की पहली बैठक का आयोजन बहुत ही भव्य तरीके से किया गया। जिसमें प्रथम रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य कलम शक्ति ट्रस्ट द्वारा बनाई गई संस्था को आगे बढ़ाने को लेकर हर विषय में चर्चा की गई और संस्था की आगे की रूपरेखा भी तैयार की गई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे वाईपी सिंह द्वारा मंच पर विराजमान रहे रमेश बहादुर सिंह संरक्षक ,चंद्रशेखर शरण सिंह सलाहकार अजय सिंह संस्थापक को माल्यार्पण करवाया गया । टीम के सभी



सदस्यों को कलम शक्ति ट्रस्ट द्वारा बनाए गए नियम व शर्तो के विषय में जानकारी दी गई और मौजूद पदाधिकारी को सम्मानित भी किया गया । कलम शक्ति ट्रस्ट द्वारा कोर कमेटी के सदस्यों को माला पहनाकर नियुक्ति पत्र भी वितरित किया गया सम्मानित भी किया गया। रमेश बहादुर सिंह ने बताया कि हम लोगों को बहुत ही निष्पक्ष तरीके की पत्रकारिता करनी चाहिए और किसी भी एक पक्षी पार्टी की खबर को नहीं प्रकाशित करना चाहिए जब तक दोनों पक्षों की बात की पुख्ता जानकारी सही से न हो, चंद्रशेखर शरण सिंह ने बताया कि हमें कानून को अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए और अपने आप को सुरक्षित करके पत्रकारिता के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर दानेश्वर मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया महराजगंज नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू के नेतृत्व में प्रसिद्ध शिव मंदिर दानेश्वर धाम महराजगंज मे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर नगर पंचायत के कर्मियों सभासदों और चेयरमैन प्रतिनिधि ने स्वच्छता अभियान चला कर मंदिर परिसर में साफ सफाई की तथा स्वच्छता का संदेश दिया नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू ने बताया कि आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर नगर पंचायत के प्रसिद्ध दानेश्वर धाम शिव मंदिर पर साफ सफाई अभियान नगर कर्मियों एवं सभासदों के साथ मिलकर किया गया इस मौके पर नगर पंचायत महाराजगंज के वरिष्ठ लिपिक रामचंद्र बाबू लिपिक यमुना प्रसाद सभासद धर्मेंद्र वर्मा रामकुमार यादव नूरुल हसन विनीत वैश्य जमुना



विधायक विजय धीमान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दो दिन के भीतर लूट की घटना का सफल अनावरण

- शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, 01 अदद मंगलसूत्र व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण एवम् संलिप्त आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये है।

उक्त दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में आज दिनांक 19.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवम् क्षेत्राधिकारी नगर कपूर कुमार के नेतृत्व में स्वाट व थाना कोतवाली नगर संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिनांक 17.04.2026 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत घटित घटना वादिनी निर्मला गुप्ता पत्नी विरेन्द्र कुमार गुप्ता नि0 17 लोहारबाग थाना कोतवाली नगर सीतापुर के गले से मंगलसूत्र को अज्ञात मोटर साइकिल सवार व्यक्ति द्वारा छीन लिया गया था। जिस संबंध में थाना स्थानीय पर तत्समय प्राप्त तहरीर पर मु0अ0सं0 93/26 में धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। जिसमें पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय के निर्देशन में टीमों का गठन किया गया था, गठित टीमों द्वारा घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का गहनता से अवलोकन कर तथा सर्विलांस के माध्यम से आरोपी की पहचान सुनिश्चित की गयी, जिसमें प्रकाश में आया अभियुक्त जलालुद्दीन पुत्र छोटेशाह निवासी ग्राम अकोईया थाना कोतवाली देहात जनपद सीतापुर को दो दिन के अन्दर आर0एम0पी0 ग्राउण्ड के पुराने मंच के पास से गिरफ्तार कर लिया गया जिसके पास से लूट की हुई-पीली धातु का एक अदद मंगलसूत्र तथा घटना में प्रयुक्त 01 एक अदद मो0सा0 2010 को बरामद कर धारा 207 के तहत सीज किया गया है।

पूछताछ विवरण- दिनांक 17.04.2026 की घटना के बारे में अभि0 द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा कुछ दिन पूर्व मोबाइल फोन खरीदा था, जिसकी किस्त नहीं भर पा रहा था, जिसके कारण इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया गया था, कल जनपद खीरी में भी ऐसी घटना करने हेतु गया हुआ था किंतु सफल नही हो पाया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 309(4) व 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है।

इस प्रकार के अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

### धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में भगवान परशुराम जयंती का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रीय लोग शामिल हुए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। जिले में जगह जगह पद यात्रा निकली गई। तहसील क्षेत्र मुसाफ़िर खाना में कार्यक्रम की शुरुआत पूरब बेसारा से हुई, जहां से भव्य पदयात्रा निकाली गई, जो भीखीपुर पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में मुंशीगंज तिराहे से गौरीगंज तिराहे तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली, जिन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डीजे की धुन पर नाचते-गाते श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहे।

## डीपीआरओ के द्वारा दो एडीओ को कर रखा अटैच

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में पंचायत विभाग की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू पर आरोप लग रहे हैं कि वे शासनादेशों को दरकिनार कर मनमाने तरीके से प्रभारी सहायक विकास अधिकारियों (एडीओ) के चार्ज बांट रहे हैं, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

सूत्रों के अनुसार विकासखंड मछरेहटा में सचिव संदीप कुमार तथा विकासखंड कसमंडा में सचिव संजय कुमार को प्रभारी एडीओ का चार्ज दिया गया है, जबकि दोनों मूल रूप से ग्राम पंचायत अधिकारी हैं। वहीं दूसरी ओर जनपद में तैनात मूल सहायक विकास अधिकारी अवनीश चौधरी और विनोद कुमार सिंह को मुख्यालय पर अटैच कर रखा गया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब मूल एडीओ उपलब्ध हैं तो उन्हें ब्लॉकों में भेजने के बजाय सचिवों को प्रभारी एडीओ का चार्ज क्यों दिया गया। बताया जा रहा है कि मछरेहटा ब्लॉक में सचिव संदीप कुमार पहले से ही कई ग्राम पंचायतों का कार्यभार संभाल रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें प्रभारी एडीओ की अतिरिक्त जिम्मेदारी दे दी गई। विभागीय जानकारों का कहना है कि इस प्रकार एक ही व्यक्ति पर कई जिम्मेदारियां डालना न केवल कार्यप्रणाली को प्रभावित करता है बल्कि पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है। पंचायत विभाग में चर्चा है कि डीपीआरओ द्वारा लिए जा रहे निर्णयों में शासनादेशों का पालन नहीं किया जा रहा और अपने स्तर से ही तैनाती व चार्ज का निर्धारण किया जा रहा है। यही कारण है कि विभागीय कर्मचारियों और स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा तेज है कि क्या जिले में नियमों से अधिक व्यक्तिगत निर्णय हावी हो गए हैं। अब निगाहें जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर पर टिकी हैं। जनपदवासियों और पंचायत विभाग से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि वास्तव में शासनादेशों की अनदेखी कर मनमानी की जा रही है तो जिलाधिकारी को मामले का संज्ञान लेकर जांच करानी चाहिए, ताकि प्रशासनिक व्यवस्था पर जनता का भरोसा कायम रह सके। फिलहाल यह मामला जनपद में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# कैलाश पर्वत पर महाराणा प्रताप पार्क का निर्माण शुरू

- जमीन के समतलीकरण के लिए 14 लाख 50 हजार का टेंडर जारी



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के कैलाश पर्वत पर महाराणा प्रताप पार्क के निर्माण के लिए नगर पालिका ने कार्य शुरू कर दिया है। पार्क में मिट्टी डालकर उसके समतलीकरण के लिए 14 लाख 50 हजार का टेंडर जारी कर दिया गया है। जमीन के समतलीकरण के बाद उसकी पैमाइश कराई जाएगी और फिर पार्क की ड्राइंग तैयार कर कार्य शुरू कराया जाएगा। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने सभासद हिमांक त्रिपाठी व सच्चू तिवारी के साथ कैलाश पर्वत के पास प्रस्तावित महाराणा प्रताप पार्क की जमीन का निरीक्षण किया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि लगभग चार बीघा जमीन पर महाराणा प्रताप पार्क का निर्माण होना है। जमीन का समतलीकरण होने के बाद राजस्व विभाग ने इसकी पैमाइश कराई जाएगी। फिर ड्राइंग तैयार कर पार्क का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पार्क के लिए महाराणा प्रताप की मूर्ति प्रदेश सरकार के सांस्कृतिक विभाग की ओर से मिलेगी जबकि उसका फाउंडेशन विधायक निधि से तैयार कराया जाएगा। इसके अलावा पार्क के सुंदरीकरण, बाउंड्रीवाल, लाइटिंग, घास, पौधारोपण, ओपन जिम, बैठने के लिए बेंच, वाकिंग ट्रैक का कार्य नगर पालिका कराएगी। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि पांच महीने में कार्य पूरा कराने की योजना बनाई गई है।

# फ्री मेडिकल कैम्प में उमड़ी मरीजों की भीड़

समृद्धि न्यूज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला कस्सावान स्थित मुन्ने हाजी जी के हाता में फ़ातहे बिलग्राम मिशन की तरफ से फ्री मेडिकल कैंप में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी।

हुजूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सैय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कैम्प का आयोजन किया गया। कमेटी ने बताया कि फ़ातहे बिलग्राम मिशन फ्री मेडिकल कैम्प में कानपुर एमबीबीएस डॉक्टर बसीम खान पेट व छाती (क्षय रोग) चर्म रोग, रक्तचाप विशेषज्ञ व



जूनियर डॉ मो. सैफी, डॉ स्टाफ समद खान तथा रूपेंद्र ने मरीजों को देखा। हज़रत ने सभी नगर वासियों से कैम्प में मरीज़ों को लाने की गुज़रिश की थी, ताकि गरीब, बेसहारा, मजबूर बीमार लोगों का परीक्षण कर दवाइयां दी जा सके। बड़ी तादाद में पहुंचे मरीजों में कई हृदय रोग मरीजों की ईसीजी जांच निशुल्क की गई। इस दौरान कैंप इंचार्ज जाहिद चिश्ती, हाफिज फैजान, अल्फरान उवैसी व महमूद मंसूरी का कैंप में सहयोग रहा।

## अनियंत्रित होकर डिवाइडर फांदकर पलटी कार, चार घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के शहीद कमलेश कुमारी पेट्रोल पंप के सामने नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर को फांदते हुए दूसरी लेन में जाकर पलट गई।

इस दुर्घटना में कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। सूचना मिलते ही सिकंदरपुर चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकाल कर तुरंत सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिसकर्मियों की त्वरित कार्रवाई से कोई बड़ी अनहोनी टल गई। हादसे की वजह तेज रफ्तार बताई जा रही है।

# हर परिस्थिति में अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं : अमर सिंह लोधी

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत के आवास पर पहुंचे लक्ष्य के राष्ट्रीय संयोजक एवं भारत सरकार में जीएसटी कमिश्नर अमरपाल सिंह लोधी का भव्य स्वागत किया गया। वह फर्रुखाबाद में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि हर परिस्थिति में अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी समाज तभी आगे बढ़ता है, जब उसमें शिक्षित लोग हों। नरेंद्र राजपूत ने कहा कि अमरपाल सिंह लोधी समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य लगातार कर रहे हैं। इस संघर्ष में पूरा समाज उनके साथ है। इससे पूर्व नरेंद्र राजपूत ने उन्हें बुके भेंटकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर जिला महामंत्री इतेन्द्र सिंह राजपूत, छोटू यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विजय वर्मा, रोहित राजपूत, अतुल वर्मा, बबीता पाठक, श्याम बाबू राजपूत सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# भगवान परशुराम जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

- परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में परशुराम जयंती के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा पश्चिमी बाईपास से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख बाजार से होते हुए ग्राम सराय सुंदर के पास भगवान परशुराम मंदिर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में शामिल राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम बाजपेई ने इस आयोजन को सनातन संस्कृति के संरक्षण और प्रचार-प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर के महंत प्रेमगिरि महाराज ने कहा इस तरह के आयोजन समाज में एकता और धार्मिक भावनाओं को मजबूत करते हैं। डॉ रजनीश दुबे घिलोई ने शोभायात्रा की सफलता पर सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा यह



आयोजन भगवान परशुराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और सनातन धर्म के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने का एक प्रयास है। शोभायात्रा के समापन पर भगवान परशुराम मंदिर पर प्रसाद वितरण किया गया।

**कई जगह पुष्प वर्षा से हुआ शोभा यात्रा का स्वागत**

शोभायात्रा के दौरान रास्ते में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उत्साहपूर्ण स्वागत किया। पश्चिमी बाईपास पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडे, सचिन पांडे, कृष्णा पांडे, जनता इंटर कॉलेज के पास डॉ अजीत मोहन तिवारी, पुरानी गल्ला मंडी के पास उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, दीपांक दुबे, प्रभाकर गुप्ता, अमोघ गुप्ता, सौरभ वर्मा, रामू, संजीव गुप्ता गांधी, कल्लू, बंटी मिश्रा, अमित भारतीय, सराफा बाजार में स्वर्णकार समाज के रामानन्द वर्मा, नरेश वर्मा, विनीत सिंपल, सौरभ वर्मा, रिंकू, अनिल वर्मा, टिल्लू, शिवम वर्मा, मंगालाल चौधरी, माधव सिंह वर्मा, पीपल चौराहे पर राजीव दुबे, चौहान मार्केट के पास राजीव सिंह गौर, करणी सेना के जिलाध्यक्ष हिमांशु चौहान, श्यामू चौहान, नवीन चौहान, राहुल प्रताप सिंह, दीपक कुशवाह, तालग्राम चौराहे पर पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बादाम सिंह पाल, राहुल पाल और पूर्वी बाईपास पर एसआरडी ई-रिक्शा शोरूम के सामने नीरज दुबे व अंबुज दुबे ने पुष्प वर्षा करके शोभायात्रा का स्वागत किया।

## खबरें एक नजर में

### महिला आरक्षण और मंदिर विवाद पर मंत्री असीम अरुण का पलटवार




**कन्नौज।** बाबा साहब, महर्षि वाल्मीकि और परशुराम जयंती कार्यक्रमों के बीच जिले में सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। महिला आरक्षण और मंदिर विवाद को लेकर प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर कहा कि जिन दलों ने इसका विरोध किया है, उन्हें आने वाले समय में महिलाएं जवाब देंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया है और सरकार चाहती है कि 2034 से पहले, संभव हो तो 2029 तक ही महिलाओं को आरक्षण का लाभ मिलना शुरू हो जाए।

मंदिर विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव के साथ गए कुछ लोग जूते पहनकर मंदिर में प्रवेश कर गए थे। मंदिर की शुद्धता बनाए रखने के लिए उसे धुलवाया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक स्थल पर जूते पहनकर जाना अनुचित है और इस मामले को जाति से जोड़कर राजनीति करना गलत है। मंत्री के इस बयान के बाद जिले की सियासत में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है।

### आरोग्य स्वास्थ्य मेले की धूम, 1522 मरीजों का हुआ इलाज

**कन्नौज।** जिले के 32 ग्रामीण व 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ। मेले में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर आयोजित इस मेले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में नोडल अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार शुक्ला सहित अधिकारियों ने विभिन्न केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभी केन्द्रों पर चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की मौजूदगी सुनिश्चित रही। मेले में मरीजों को निःशुल्क जांच व उपचार के साथ बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। साथ ही हेपेटाइटिस बी-सी की जांच, टीबी स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण और परिवार कल्याण सेवाएं भी दी गई। आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। मेले में कुल 1522 मरीजों का इलाज किया गया।

# कविताओं के माध्यम से दिवंगत मानसी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** लोक भारती के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि व पर्यावरण प्रहरी हरिगोविंद शाक्य 'हरि' की दिवंगत पत्नी 'मानसी' की पुण्यतिथि पर कविताओं के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। संकिसा से पधारे पूज्य भंते चेतसिक बौद्ध ने पत्राणि पाठ के साथ भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। 'मानसी' के चित्र पर भी पुष्पअर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई द्य मुख्य अतिथि राम बख्श वर्मा ने उन्हें सहज ,सरल बताते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने उन्हें सामाजिक कार्यों में रुचि लेने और उनके व्यवहार की प्रशंसा की। अध्यक्षता कर रहे सत्यराम यादव ने उन्हें व्यवहार कुशल और सामाजिक



चेतना का प्रतीक बताया। कवियत्री दीपमाला शाक्य 'दीप', कवियत्री साधना यादव, कवि रूपलाल 'रूप' ने शोक गीत प्रस्तुत कर सबको द्रवित कर दिया। डॉ नरेंद्र संगम, चंद्रपाल सिंह चंद्र, डॉ रामप्रकाश शाक्य ने 'मानसी' पर गीत भेज कर काव्यात्मक श्रद्धांजलि व्यक्त कीं। राजेश शाक्य एडवोकेट की पत्नी सुधा शाक्य बोलते हुए बहुत भावुक हो गयीं। हरिगोविंद शाक्य 'हरि' ने अपनी दिवंगत पत्नी पर लिखे 62 शोक गीतों में से एक शोक गीत पढ़कर सभी को रुला दिया - 'मेरी भावनाओं को एक तुम सितार दो, डूब रही जिंदगी को एक पतवार दो। इसके अतिरिक्त राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित भारत सिंह वर्मा, भारत सिंह प्रजापति, डॉ सीबी सिंह, राजेश शाक्य एडवोकेट, कुलदीप शाक्य, रमेश बाबू बौद्ध, निर्मल कुमार, सुधा शाक्य, संसद शहीद कमलेश कुमारी के पति अवधेश कुमार, बालस्टर सिंह, पवन यादव, धर्मपाल शाक्य, रमेश बाबू बौद्ध आदि कई लोगों ने संबोधित कर 'मानसी' कोश्रद्धांजलि दी। उनके सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। कार्यक्रम में हुकुम सिंह, शैलेंद्र सिंह, हंसराम यादव, सत्यप्रकाश शाक्य, रामकुमार शाक्य, आशुतोष कश्यप, राधेश्याम शाक्य, मीरा शाक्य, अभिषेक, नेत्रपाल शाक्य, कौशलेंद्र शाक्य, शिवम, संदीप कुमार, दीप्ति, आदेश कुमारी, दीपू, विजय, पन्नालाल, सुरजीत कुमार, विक्रम सिंह, शिवेंद्रसिंह, अभिषेक कुमार, सुचिता, दीक्षा, प्रियंका, हर्ष कुमार आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ कन्नौज।** नगर के शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया। अटूट आस्था के 1000 वर्ष पूर्ण होने पर सोमनाथ स्वाभिमान महापर्व संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शक्तिपीठ के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री, विकास दीक्षित, जतिन अग्निहोत्री, मनु अग्निहोत्री, प्रिंस अग्निहोत्री, अनुज चतुर्वेदी एडवोकेट, प्रभात दीक्षित, गौरांग दीक्षित, मोनू अवस्थी सहित नगर के गणमान्य श्रद्धालु जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भगवान सोमनाथ की पूजा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# डीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा



समृद्धि न्यूज़

**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर से 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा' के तहत तीर्थयात्रियों को माला पहनाकर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। यह यात्रा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता के बाद गुजरात स्थित सोमनाथ के लिए प्रस्थान करेगी, जहां 21 अप्रैल 2026 को पहुंचने का कार्यक्रम है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 22 और 23 अप्रैल को तीर्थयात्री सोमनाथ में आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इनमें सोमनाथ संकल्प संवाद, मंदिर दर्शन, लाइट एंड साउंड शो, संग्रहालय भ्रमण, भजन संध्या, रुद्राभिषेक, महाआरती, प्रवचन, दीपोत्सव और स्थानीय दर्शनीय स्थलों का भ्रमण शामिल है। 24 अप्रैल को यात्रा वापस लखनऊ के लिए रवाना होगी।

इस मौके पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को यात्रियों की सुरक्षा, आवागमन, समन्वय और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की आस्था, संस्कृति और आत्मगौरव का प्रतीक है, और मंदिर के पुनरुद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन विशेष महत्व रखता है।

कार्यक्रम में डीसी एनआरएलएम राजकुमार लोधी, जिला पिछड़ा कल्याण अधिकारी अनुपम राय, जिला पर्यटन अधिकारी डॉ. एम. मकबूल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** प्रभात मार्केट के सामने विनोद कुमार दुबे के प्रतिष्ठान पर भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद सभी ब्राह्मणों ने हम सब एक हैं एक रहेंगे का संकल्प लिया। इस अवसर पर विनोद कुमार दुबे, अमोल दीक्षित पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, निशांत मिश्रा, कल्लू दीक्षित, शिवम मिश्रा, राजीव कुमार, संदीप दुबे, गौरव दीक्षित, अमित दुबे, राजू तिवारी, अन्नू मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## कन्नौज में भीषण सड़क हादसा, युवक की मौत

**सौरिख, कन्नौज।** जिले में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। सौरिख थाना क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के पास नादेमऊ रोड पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सभी लोग एक्सप्रेस-वे से उतरकर अपने घर जाने के लिए ई-रिक्शा पर सवार हुए थे। तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। हादसे में बिलन्दपुर गांव निवासी अमित प्रताप सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चार अन्य लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे सैफई रेफर किया गया है।

# कल लव जिहाद के विरोध में महापंचायत, कन्नौज में तैयारी तेज

समृद्धि न्यूज़

**कन्नौज।** हिंदू बेटी बचाओ संघर्ष समिति द्वारा लव जिहाद के विरोध में 21 अप्रैल को विशाल महापंचायत आयोजित की जाएगी। इसे लेकर समिति पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की।

प्रेस वार्ता में प्रांत सहसंयोजक डॉ. धर्मेंद्र वर्मा, जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष अधिवक्ता रामेंद्र त्रिवेदी, जिला संयोजक अनुराग अग्निहोत्री, महिला आयाम प्रमुख अमिता श्रीवास्तव व समाजसेवी पवन पांडेय मौजूद रहे। डॉ. वर्मा ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से कानपुर प्रांत में सामाजिक जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत कन्नौज में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।




उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं ने बहन-बेटियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया, जबकि युवाओं ने बाइक रैली निकालकर लोगों से इस मुद्दे पर जागरूक रहने की अपील की। महिला कार्यकर्ताओं द्वारा मंदिरों में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर समाज को जागरूक किया गया।

जिला संयोजक अनुराग अग्निहोत्री ने बताया कि 21 अप्रैल को एसबीएस ग्राउंड में होने वाली महापंचायत में बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की उम्मीद है। इसमें सामाजिक जागरूकता के साथ ही सरकार से कठोर कानून बनाने की मांग भी उठाई जाएगी। समिति पदाधिकारियों ने आमजन से महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने और जनजागरण अभियान को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

# परशुराम जयंती पर तिर्वा में भव्य शोभायात्रा,जयघोष से गूंजा नगर

**समृद्धि न्यूज़, तिर्वा,कन्नौज।** भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर तिर्वा नगर में रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में निकली यात्रा के दौरान पूरा नगर भक्ति और उत्साह से सराबोर नजर आया।

भगवान परशुराम सेवा संगठन के तत्वावधान में गांधीनगर मोहल्ला (ककरहिया) से पूजन-अर्चन के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा उपमंडी समिति खैरनगर मार्ग, बेला-तिर्वा मार्ग, महात्मा गांधी चौक, कन्नौज-तिर्वा मार्ग होते हुए ठठिया चौराहा से मां अन्नपूर्णा मंदिर के निकट एक गेस्ट हाउस पर जाकर सम्पन्न हुई।



शोभायात्रा के दौरान भगवान परशुराम की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया और श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। यात्रा में शामिल लोग 'राजतिलक की करो तैयारी, आ रहे हैं भगवा धारी' जैसे जयघोष और डीजे की धुनों पर उत्साह के साथ आगे बढ़ते नजर आए। इस दौरान समाज के लोगों ने भगवान परशुराम के आदर्शों–अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, धर्म रक्षा, ज्ञान और शक्ति के संतुलन, गुरु सम्मान और आत्म अनुशासन–को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। यात्रा में विधायक कैलाश राजपूत, सपा मुख्य प्रवक्ता विजय द्विवेदी, अंशु पाल,कुक्कू चौहान सौरभ गुप्ता सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, समाजसेवी और बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी कुलवीर सिंह व कोतवाली प्रभारी संजय शुक्ला पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# बाबा साहब ने सामाजिक समानता, न्याय और शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह सदैव प्रेरणादायी रहेगा: डा. जितेन्द्र सिंह यादव

- अम्बेडकर जयंती परववाड़ा के तहत अमृतपुर विधानसभा के कई सेक्टरों में हुए कार्यक्रम
- पीडीए को मजबूत कर 2027 में सपा सरकार बनाने का कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प



कार्यक्रम के दौरान जनता को संबोधित करते डा. जितेन्द्र सिंह यादव



कार्यक्रम के दौरान जनता का अभिवादन करते डा. जितेन्द्र सिंह यादव



कार्यक्रम में मौजूद डा. जितेन्द्र सिंह यादव आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा के द्वितीय चरण के तहत 193 विधानसभा अमृतपुर के सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व पूर्व प्रत्याशी विधानसभा अमृतपुर डा0 जितेन्द्र सिंह यादव के तत्वाधान में किया गया। सेक्टर स्तरीय समाजवादी पार्टी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सेक्टर स्तर पर पार्टी पदाधिकारी व नेताओं ने संविधान की रक्षा करने और बाबा साहब के विचारों को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

अमृतपुर विधानसभा के सेक्टर 17 चंपतपुर के अजीजाबाद, सेक्टर 16 संतोषापुर के संतोषापुर मुड़िया खेड़ा मंदिर, सेक्टर 18 हुसैनपुर तराई, सेक्टर 20 नटवारा में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सेक्टर 22 बछलैया के बलीपुर भंगवत (उलियापुर में) कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सेक्टर 23 भरतनगर मंझना के कांधेमई मिलकिया में कार्यक्रम आयोजित हुए। डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने बाबा साहब के जीवन एवं उनके संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ0 अंबेडकर ने सामाजिक समानता, न्याय और शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह सदैव प्रेरणादायी रहेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने विषम परिस्थितियों में भी शिक्षा को अपना हथियार बनाकर समाज में व्याप्त भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई और देश को एक मजबूत संविधान दिया। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में बाबा साहब के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। समाज में समानता, भाईचारा और अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के लिए उनके आदर्शों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रमों में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में हुंकार भरते हुए पीडीए को मजबूत कर 2027 में सपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। सेक्टर स्तरीय अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सेक्टर 17 में कार्यक्रम के संयोजक धर्मेन्द्र राजपूत, विनय यादव, सेक्टर 16 के आयोजक जगदीप सिंह यादव, नरेश चन्द्र पाल प्रधान, दिवाकर चौहान, सेक्टर 18 के आयोजक संजय राजपूत, मुनीम खां, सिद्ध कुमार यादव, रफ्फन खां, नूरुल बदर, सेक्टर 20 के कार्यक्रम संयोजक अभय यादव, अवनीश यादव, महिपाल कश्यप, शिवकुमार चतुर्वेदी, सुमित यादव छोटू, नन्हे यादव, प्रवीन यादव पूर्व प्रधान, अंकित यादव, आदेश यादव, सेक्टर 22 के आयोजक रामदत्त यादव बबलू, बृजेन्द्र यादव पूर्व प्रधान, वीरेश यादव, सुरजन यादव, युसूफ मंसूरी, धर्मेन्द्र जाटव के अलावा सेक्टर 23 के कार्यक्रम आयोजक के रुप में रिन्कू यादव प्रधान, रावेन्द्र यादव, बृजेन्द्र यादव प्रधान, रवि यादव, विनीत कुमार काका, मुस्तफा खान, नागेन्द्र यादव, मंजेश पाल रहे।

इस अवसर पर मुख्य रुप से डा0 नवरंग सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष, अनुराग यादव अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, विनय यादव, शुभम राय हनी, विमल यादव प्रधान, अमन सूर्यवंशी अध्यक्ष बाबा साहेब अंबेडकर वाहिनी, साजिद अली जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, अरविंद कश्यप प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग, आशीष यादव, नादिर, बरन सिंह यादव, सुशील यादव, इतलेश यादव आदि मौजूद रहे।

## थानाध्यक्ष ने चेकिंग अभियान चलाकर कई वाहनों के किये चालान



चेकिंग अभियान चलाते थानाध्यक्ष

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** उच्च अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल मार्च कर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली।

कस्बा नवाबगंज स्थित थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने कस्बे में भारी पुलिस बल के साथ उच्च अधिकारियों के निर्देशन में सघन चेकिंग अभियान चलाया। कस्बे में थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने अपने पुलिस बल के साथ पैदल गस्त किया। जिसमें कई दो पहिया वाहनों के चालान किए गए तथा जिन वाहनों के कागजात नहीं थे। उनको थाने में खड़ा कराया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने 18 साल से कम उम्र के वाहन चालकों को जगह-जगह रोक कर हिदायत दी कि वह 18 साल से पहले वाहन को ना चलाएं, नहीं तो उनके वाहन सीज किए जाएंगे। वहीं जो लोग वाहन चलाते समय फोन पर बात करते रहे।

उनको थाना प्रभारी निरीक्षक ने हिदायत दी और उनके वाहनों के चालान कर दिए। कस्बा गस्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली।

वहीं कस्बे के चौराहे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें आधा सैकड़ा से अधिक वाहनों के चालान किए गए। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर संजय राय, दरोगा जगराम सिंह, कस्बा इंचार्ज गीतम सिंह, दरोगा राम सिंह मौजूद रहे।

## आग का कहर: 16 घर जलकर राख, लाखों का नुकसान

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** अचानक भड़की आग ने ऐसा कहर बरपाया कि कुछ ही देर में कई परिवारों की पूरी गृहस्थी राख में बदल गई। लपटों की चपेट में आकर करीब 16 घर जलकर खाक हो गए। जिससे लाखों रुपये की संपत्ति नष्ट हो गई। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए। आग से दो महिलाएं झुलस गईं।

क्षेत्र के गांव पथरामई में आग की शुरुआत ऋषिपाल के घर से बताई जा रही है। तेज हवा के कारण आग ने तेजी से फैलते हुए आसपास के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। नन्हे कश्यप, चिरौंजी, दूदेराम, अमरीश, टीकाराम, ऊधो, रामपाल, जयराम, उदयवीर, देवराम, भूरा, जगपाल समेत अन्य ग्रामीणों के घर भी आग की जद में आ गए। आग इतनी भीषण थी कि घरों में रखा गेहूं, चावल, कपड़े, बर्तन, नकदी, राशन कार्ड और मोबाइल फोन तक जल गए। मौके पर तैयार की गई सूची के अनुसार कई परिवारों की 2 से 5 झोपडियां तक जल गईं। ऊधो के यहां 3 भैंसों का नुकसान बताया गया है, जबकि एक मोबाइल भी जल गया। रामपाल के यहां 2 भैंस और 2 बकरियों के नुकसान की सूचना है। कई घरों में 2-2 बकरियां और अन्य पशुधन के जलने की बात सामने आई है। नकदी नुकसान भी व्यापक रहा। कई परिवारों ने 5 हजार से लेकर 25-30 हजार रुपये तक जलने की बात कही है, जबकि उदयवीर के यहां करीब 8 हजार रुपये और अमरनाथ के यहां लगभग 50 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। देवराम के यहां 8 हजार रुपये नकद, राशन कार्ड और अन्य घरेलू सामान जलने की जानकारी मिली है। अग्निकांड में कृषि संसाधनों का भी बड़ा नुकसान हुआ है। ऊधो के एक रिश्तेदार का ट्रैक्टर-ट्रॉली पूरी तरह जलकर राख हो गया। यहां तक कि उसके पुर्जे भी नहीं बचे। इसके अलावा डीजल पंप, घरेलू उपकरण और अन्य जरूरी सामान भी आग की भेंट चढ़ गए। ग्रामीणों ने बाल्टी, पाइप और ट्रैक्टर की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटों के आगे उनके प्रयास नाकाम रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड के बाद हालात यह हैं कि प्रभावित परिवारों के पास न तो सिर छुपाने के लिए सुरक्षित जगह बची है और न ही रोजमर्रा के इस्तेमाल का सामान।



घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीण

> भैंसे व बकरियां भी जलकर मरी, ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

कई लोग खुले में अस्थायी इंतजाम कर रात गुजारने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर राहत सामग्री, आर्थिक सहायता और पुनर्वास की व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि पीड़ित परिवार सामान्य जीवन की ओर लौट सकें। हल्का लेखपाल अनिल ने घटना स्थल पहुंच क्षति का आकलन किया।

आग से दो महिलाएं सुरमिला व कुतमा झुलस गई। दोनों महिलाओं ने निजी चिकित्सक के यहां इलाज कराया।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा के लिए जनपद के 10 यात्री रवाना

**डीएम ने तिलक कर लखनऊ किया रवाना**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा के लिए जनपद के 10 यात्रियों के दल को विधिवत मंत्रोच्चार के बीच माल्यार्पण कर वाहनों से लखनऊ के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर वातावरण श्रद्धा एवं उत्साह से परिपूर्ण रहा।

जिलाधिकारी ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने यात्रियों से अनुशासन एवं मर्यादा का पालन करते हुए यात्रा को सफल बनाने का आवाह्न किया। लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए श्रद्धालुओं को एकत्रित कर विशेष ट्रेन के माध्यम से सोमनाथ के लिए रवाना किया जाएगा। यह यात्रा शासन की महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य प्रदेशवासियों को देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों से जोड़ना है। जनपद से इस यात्रा में सम्मिलित होने वाले यात्रियों में त्रिलोकी नाथ वर्मा, चेतन भारती, शांति, सुरेंद्र कुमार पांडेय, राकेश कुमार सारस्वत, यतीन्द्र प्रकाश दुबे, निहारिका पटेल, पं0 अजय पाल, राकेश एवं अंकुर कुमार कश्यप शामिल हैं। यात्रा दल की नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त उद्योग सोनाली सिंह को नामित किया गया है, जो सम्पूर्ण यात्रा के दौरान समन्वय एवं व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिन्होंने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए यात्रा के सफल संचालन की कामना की।



तीर्थयात्रियों का तिलक करते डीएम



रवाना होने से पहले डीएम के साथ मौजूद तीर्थ यात्री

## जमीन के विवाद में पुत्र ने वृद्ध पिता की कर दी हत्या

- भाई ने दी तहरीर, आरोपी फरार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जमीनी विवाद में बेटे ने अपने वृद्ध पिता की धारधार हथियार से हत्या कर दी। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किये। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार थाना मेरापुर के ग्राम नदौरा निवासी मोहन यादव ने जमीनी विवाद के चलते अपने 80 वर्षीय पिता बदन सिंह यादव की धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या कर दी। इस घटना के संदर्भ में हत्यारोपी के भाई नेकराम ने जानकारी देते हुए बताया कि वह सुबह गेहूं की फसल काटने चला गया था। जब वह दोपहर 1:30 पर घर वापस लौटा तो घर के अंदर बंद कमरे में वृद्ध पिता बदन सिंह को मृत अवस्था में पड़ा देखा। उनके सिर पर कई घाव थे, लग रहा था किसी धारदार हथियार से किये गये है। उसका कहना है कि मेरे भाई मोहन यादव जमीन जायजाद के चलते पिता की हत्या की है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। नेकराम ने पिता की हत्या के संदर्भ में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी।



घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीण व पुलिस

वहीं घटना के बाद से आरोपी भाई फरार है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर हत्या के कारणों का पता चल सकेगा। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम लगायी गई है।

## खबरें एक नजर में

### युवती ने लड़के को सड़क पर चप्पलों से पीटा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

### पैर छूकर लड़के ने बचायी जान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एक युवक को युवती द्वारा चप्पल से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक युवक दूसरे लड़के को पकड़े हुए है और युवती से उसे चप्पल से पीटने के लिए कह रहा है।

युवती उस लड़के को तीन से चार बार चप्पल मारती दिख रही है। वीडियो में दिख रहा है कि युवक युवती से पकड़े गए लड़के के मुंह पर जोर से चप्पल मारने को कहता है।

इसके बाद वह लड़के से युवती के पैर छूने को कहता है, जिस पर लड़का सिर झुकाकर पैर छूता है। इस दौरान युवक भी लड़के को एक लात मारता है और उसके बाल पकड़कर सिर हिलाता है।

## डंपर की टक्कर से किशोर की मौत, पिता घायल

- गैस सिलेंडर लेने जाते समय घटी घटना

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** गैस सिलेंडर भरवाने जाते समय तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे किशोर की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि पिता गंभीर रुप से घायल हो गया। इस दौरान चालक डंपर लेकर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।



मृतक का फाइल फोटो

जानकारी अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के बराकेशव निवासी नरेन्द्र कुमार अपने पुत्र गगन के साथ गैस सिलेंडर भरवाने बाइक द्वारा सकवाई जा रहे थे। जैसे ही नरेन्द्र खाटूश्याम मंदिर इटावा-बरेली हाइवे पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार पिता-पुत्र सड़क पर जा गिरे। जिससे पुत्र की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि पिता गंभीर रुप से घायल हो गये। मौके पर लोगों की भीड़ लग गयी। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और घायल को सीएचसी भिजवाया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया।

वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं चालक डंपर लेकर मौके से भाग गया।

मौत की सूचना मिलने पर मृतक की मां संजू देवी, भाई मिथुन, बहन हिमांशी आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर में लगी आग, घरेलू सामान जलकर राख



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में घर में आग लगने से घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के पंखियन की मड़ैया निवासी फिरोज पुत्र इस्लाम के घर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग की घटना में लकड़ी, कपड़े और गेहूं की बोरियां जलकर राख हो गई। घटना के समय फिरोज अपने खेत पर काम करने गए थे और घर पर छोटे बच्चे मौजूद थे। बच्चों ने धुआं उठते देखा और चिल्लाने लगे, जिससे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बच्चों की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। उन्होंने पानी डालकर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने बताया कि आग से गेहूं की सात-आठ बोरियां जल गई, हालांकि किसी प्रकार की जान-हानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलने पर हैबतपुर गढ़िया कॉलोनी चौकी इंचार्ज राघवेंद्र सिंह और लेखपाल कुलदीप मौके पर पहुंचे। चौकी इंचार्ज राघवेंद्र सिंह ने बताया कि पंखियन की मड़ैया में एक व्यक्ति के घर में आग लगी थी। अज्ञात कारणों से कपड़े और कुछ गेहूं की बोरियां जल गई हैं।

## धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

- भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने व फरसा रखने का किया गया आवाह्न



हवन यज्ञ करते भक्तगण



कार्यक्रम में मौजूद नारी शक्ति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ब्राह्मण समाज जन सेवा समिति के बैनर तले साधु संतों के संरक्षण में बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम हुआ। बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में हवन, पूजन, विचार गोष्ठी भंडारा इत्यादि हुआ। जिसमें संत समाज की मौजूदगी रही। इसके लिए संस्था के संस्थापक नारायण दत्त द्विवेदी, महिला अध्यक्ष प्रीति पवन तिवारी व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। नारायण दत्त द्विवेदी ने बताया कि सुबह से हवन पूजन हुआ विचार गोष्ठी हुए और भंडारा व प्रसाद वितरण हुआ। इस दौरान ईश्वर दास ब्रह्मचारी महाराज, ओमकार दास ब्रह्मचारी महाराज, कमल लोचन महाराज आदि पूजा अर्चना कराया। कार्यक्रम में सदर विधायक की पत्नी अनीता द्विवेदी, जिलाधिकारी की पत्नी डा0 वंदना द्विवेदी, अरुण मिश्रा उर्फ बंटी, राजीव चतुर्वेदी, विमलेश मिश्रा, राघव दत्त मिश्रा, रितु दुबे, राम किशोर, प्रीति तिवारी, राजू गौतम सारस्वत भी मौजूद रहे। उपस्थित सभी लोगों ने विप्र समाज से एकजुट होकर चलने की अपील की। उन्होंने भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलते हुए समय के अनुसार फसा रखने का भी आवाह्न किया। कार्यक्रम में पहुंचे अयोध्या छावनी क्षेत्र के उत्तराधिकारी महंत कमल लोचन महाराज ने कहा कि भगवान परशुराम जी महाराज समाज के देश के सुधारक रक्षक हैं। बड़ी प्रसन्नता पूर्वक आज उनके जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। भगवान श्री परशुराम जी महाराज ने हमेशा इस समाज का संरक्षण किया है।

## धूमधाम से निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा, हुई पुष्प वर्षा

- जगह-जगह हुई आरती, बांटा गया प्रसाद



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज सेवा समिति ने बड़े ही धूमधाम से भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली। जगह-जगह भगवान परशुराम के स्वरुप की पूजा अर्चना व पुष्प वर्षा की गई।

रविवार को भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण समाज सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र त्रिपाठी, महामंत्री लाला राम दुबे की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा का शुभारम्भ पाण्डेश्वर नाथ मंदिर से निकाली गई। जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए चौक, घुमना, नितगंजा होते हुए ब्राह्मण धर्मशाला में पहुंचकर शोभायात्रा ने विराम पाया। जगह-जगह भगवान परशुराम के स्वरुप की लोगों ने पूजा अर्चना कर पुष्प वर्षा की और प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य रुप से अजय दुबे अज्जू, सौरभ मिश्रा, विमलेश मिश्रा, विनोद अग्निहोत्री, डॉ0 राघवेंद्र अग्निहोत्री, रमेश चंद त्रिपाठी, गिरीश मिश्रा, लालाराम दुबे, प्रभात मिश्रा, आशु अवस्थी, विजय दुबे, राजेशनंद पाण्डेय, सदानंद शुक्ला, आदित्य दीक्षित, प्रमोद मिश्रा, अरविंद अवस्थी, क्रांति पाठक, रविंद्र मिश्रा, सौरभ दीक्षित, प्रमोद द्विवेदी, अनुराग पांडे, शिवम मिश्रा, आशू मिश्रा, मृदुल चतुर्वेदी, कल्लू मिश्रा, शुभम तिवारी, मृत्युंजय शर्मा, दिनेश मिश्रा, राजू गौतम, अभिषेक त्रिवेदी, कृष्णकांत त्रिपाठी अक्षर, अंकित तिवारी, अमन अवस्थी, सुबोध शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण के लिए कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**डीएम ने कई स्थानों का निरीक्षण कर प्रशिक्षण का लिया जायजा**



कार्यक्रम का शुभारम्भ करते डीएम


आईटीआई अमृतपुर का निरीक्षण करते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सर्वेक्षण प्रक्रिया, निर्धारित प्रपत्रों के सही एवं सावधानीपूर्वक संधारण, शुद्ध एवं विश्वसनीय आंकड़ा संकलन तथा समस्त सूचनाओं की गोपनीयता बनाए रखने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है। अतः सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि एकत्रित किए जाने वाले आंकड़े भविष्य की योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए आंकड़ों की शुद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करना आवश्यक है। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को फील्ड में आने वाली संभावित समस्याओं एवं उनके समाधान के बारे में भी अवगत कराया गया। साथ ही, जनगणना कार्य के दौरान नागरिकों के साथ विनम्र व्यवहार बनाए रखने एवं निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी, सुपरवाइजर एवं गणनाकर्मी उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा आई0टी0आई0 अमृतपुर व रस्तोगी इंटर कालेज फर्रुखाबाद में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया।

# परशुराम जयंती पर ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम को किया नमन

**हवन यज्ञ के साथ विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन**


हवन में आहूतियां डालते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान परशुराम जयंती की रविवार को नगर में में धूम रही। ब्राह्मण समाज सेवा समिति ने सुबह ब्राह्मण समाज धर्मशाला में हवन यज्ञ व विचार गोष्ठी का आयोजन किया। ब्राह्मण समाज सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र त्रिपाठी, महामंत्री लाला राम दुबे, सदानंद शुक्ला, राजू गौतम, कैलाश मिश्रा, अभिषेक त्रिवेदी, कृष्णकांत त्रिपाठी अक्षर, विनोद अग्निहोत्री एवं समाज के दर्जनों लोगों ने मौजूद रहकर हवन यज्ञ में आहुतियां दीं व भगवान परशुराम से प्रेरणा लेने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर भी गोष्ठी में ब्राह्मण समाज सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भगवान परशुराम किसी समाज विशेष के विरोधी नहीं हैं, बल्कि अत्याचारियों का अंत करने के लिए संकल्पबद्ध रहे। अगर ऐसा ना होता तो क्षत्रियों से सत्ता छीन कर क्षत्रियों को भी वापस क्यों कर देते। इस अवसर पर समाज के प्रमुख लोगों ने विचार किये।

शोभा यात्रा संयोजक सौरभ मिश्रा ने बताया कि शोभायात्रा अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर रविवार को शाम 5 बजे पंडा बाग मंदिर से शोभा यात्रा प्रारंभ प्रारंभ होकर ब्राह्मण समाज धर्मशाला तक निकाली। उन्होंने ब्राह्मण समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की।

# स्वास्थ्य मेले में 131 मरीजों ने कराया उपचार


स्वास्थ्य मेले में उपचार कराते लोग

**स्वास्थ्य परीक्षण सुविधाओं का लाभ उठा रहे मरीज**

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बा अमृतपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेले में कुल 131 मरीजों का पंजीकरण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच भी की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मलेरिया 11, टाइफाइड 11, शुगर के 16 सहित अन्य रोगों की जांच की गई। बलगम के 6, हीमोग्लोबिन के 4 एवं हेपेटाइटिस-बी के 2, डेंगू के 2 मरीजों की भी जांच कर आवश्यक परामर्श व दवाईयां दी गयी। मेले में मौजूद चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने मरीजों को बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। इस अवसर पर डॉक्टर गौरव वर्मा, फार्मासिस्ट अरविंद कुमार व पवन कुमार, लैब टेक्नीशियन सोनाली पाल व पावनी तथा एएनएम मीना सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस जन आरोग्य मेले से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को निःशुल्क एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। ग्राम दौलतियापुर फखरपुर, बनारसीपुर, मंझा, करनपुर दत्त ,अमृतपुर, हुसैनपुर, बलीपट्टी, लीलापुर, हरसिंहपुर, राजपुर, गलारपुर, गनुआपुर, अल्हापुर आदि गांवो से आये मोहनलाल, बृजपाल, रामबोली, राखी, सोनाली, चांदनी, उमा देवी, दीपिका प्रीति, राम भरोसे, रामवीर, प्रखर, राजेश, कल्लू आदि लोगों ने बताया कि सप्ताह के प्रति रविवार को लगने वाले इस स्वास्थ्य मेले से उन लोगों को काफी सहूलियत मिल रही है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति को किया गया जागरुक


छात्राओं को जागरुक करती पुलिस


महिलाओं को जागरुक करती महिला पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस ने महिला पुलिस के साथ फास्ट फूड व अन्य दुकानों के पास भी छात्राओं व महिलाओं को जागरुक किया। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की ओर से नारी शक्ति को जागरुक करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मी भ्रमण कर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुककर सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे टोल फ्री नम्बरों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। थाना कमालगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलु हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसके साथ ही थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, महिला थाना पुलिस, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया।

उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।

# भीषण गर्मी के बीच बदला स्कूलों का समय

**सुबह 7:30 से दोपहर 12:30 बजे तक होंगे संचालित**



परिचय-लोगो

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी द्वारा स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने निर्देश जारी करते हुए स्कूलों का समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक निर्धारित किया है। आदेश के मुताबिक, जिले के सभी स्कूलों में नर्सरी से लेकर कक्षा 8वीं तक की पढ़ाई अगले आदेश तक सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक ही संचालित होगी।

जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आदेश जारी करते हुए कक्षा एक से आठ तक संचालित सभी परिषदीय, राजकीय, मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त एवं सीबीएसई व आइसीएसई सहित अन्य सभी हिंदी व अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों का समय प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 12:30 तक निर्धारित किया है। जारी आदेश के अनुसार यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी और अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। प्रशासन का यह निर्णय बच्चों को तेज धूप और लू से बचाने के उद्देश्य से लिया गया है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिससे दोपहर के समय स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में समय परिवर्तन से अभिभावकों और छात्रों को राहत मिलने की उम्मीद है।

# सपा सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक में बनाये गये नये पदाधिकारी

**2027 के लिए जमीन तैयार कर रहे सपा के सैनिक**


मनोनयन पत्र सौंपते जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज कस्बा में रविवार को समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। सचिव राधेश्याम सविता ने बताया कि नबावगंज में समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान रिक्त पदों पर कुछ पदाधिकारी भी मनोनीत किए गए। जिलाध्यक्ष केके यादव ने कहा कि हमारे संगठन के सभी पदाधिकारी 2017 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। गांव-गांव, बूथ-बूथ सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी 2027 के चुनाव के लिए जमीन तैयार कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए विजन को आगे ले जाने के लिए प्रभावित कैप्टन हरि सागर सक्सेना को विधानसभा अध्यक्ष अमृतपुर मनोनीत किया गया। साथ ही कायमगंज विधानसभा अध्यक्ष के पद पर भुवनेश कुमार का मनोनयन हुआ। अशोक कुमार को जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष तथा रामपाल सिंह को जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष केके यादव ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपे तथा सैनिक प्रकोष्ठ की टोपी तथा फूल-मालाएं पहनाकर से सभी पदाधिकारियों को बधाई दी गई। इस दौरान मनोज कुमार, अमित कुमार, कैप्टन मलखान सिंह, छोटे सिंह यादव, राजू शर्मा, ठा0 यशभान सिंह, हरि सिंह यादव, कमल सिंह, सुरेंद्र सिंह, रमेश यादव, बैजनाथ सिंह मौजूद रहे।

## कॉलेज ऑफटीचर्स एजुकेशन द्वारा जनपद के पांच शिक्षक होंगे सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन प्रयागराज के द्वारा जनपद से राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में छात्रों का लगन और कठिन परिश्रम से चयन कराने वाले 5 शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। इनका सम्मान समारोह रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल इंटर कॉलेज इंदिरा नगर लखनऊ में रविवार 19 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा। जिले से कंपोजिट विद्यालय बेला सरायगजा वि0ख0 शमसाबाद से आलोक कुमार द्विवेदी, कंपोजिट विद्यालय हरसिंगपुर गोवा शमसाबाद से अर्चना, कंपोजिट विद्यालय गैसिंगपुर मोहम्मदाबाद से शैलेंद्र कश्यप, कंपोजिट विद्यालय बिरसिंहपुर राजेपुर से नीलम राठौर, भारतीय पाठशाला इंटर कालेज से राजीव कुमार को सम्मानित किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

# अज्ञात वाहन की टक्कर से भट्ठा मजदूर की मौत


गुमशुम खड़े मृतक के परिजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से भट्ठा मजदूर की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार जनपद शाहजहांपुर के जलालाबाद निवासी विनोद पुत्र रामबरन कायमगंज के गांव जौंरा स्थित एक भट्ठा पर मजूदरी करता था। शनिवार देर रात शमशाबाद के धमगमा रोड स्थित एक ढाबा के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जितेंद्र बहादुर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे मृतक के भाई बबलू ने बताया कि शनिवार शाम वह फैजबाग स्थित भट्ठे पर काम करने वाले अपने पिता से मिलकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी बाइक राधा कृष्ण ढाबा के पास खड़ी मिली।

मौत की सूचना पर मृतक की मां सुशीला देवी व पत्नी नन्ही देवी तथा तीन छोटी बेटियां 6 वर्षीय नेहा, 3 वर्षीय उपासना और 1 वर्षीय कोमल आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# व्यापारियों ने नवांगतुक प्रभारी निरीक्षक को किया सम्मानित


प्रभारी निरीक्षक को सम्मानित करते व्यापारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने कोतवाली पहुंचकर नवांगतुक प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला का स्वागत किया। व्यापारी नेताओं ने प्रभारी निरीक्षक से शिष्टाचार भेंट की। साथ ही पदाधिकारी ने नगर में हो रही चोरियों के जल्द खुलासे की भी मांग की तथा मुकदमों में फसें व्यापारियों की निष्पक्ष जांच की भी मांग की। प्रभारी निरीक्षक ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि किसी भी व्यापारी के साथ अन्याय नहीं होगा, साथ ही नगर में हो रही चोरियों का जल्द ही खुलासा होगा। इस अवसर पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष मनोज कौशल, नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, नगर महामंत्री अमित सेठ, संयुक्त महामंत्री संजीव अग्रवाल, नगर वरिष्ठ मंत्री सुधीर गुप्ता, संगठन मंत्री विनीत सक्सेना, आलोक सक्सेना, मंत्री आषुतोष सक्सेना, अनुराग राठौर, विपिन अवस्थी, पवन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मां गंगा सेवा समिति ने गंगा आरती कर किया दीपदान


गंगा आरती करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** परशुराम जयंती अक्षय तृतीया के पावन अक्षर पर मां गंगा सेवा समिति द्वारा पांचाल घाट पर स्वच्छता अभियान की अलग जगाने के साथ गंगा आरती दीपदान और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। श्रद्धालुओं से समिति के द्वारा अनुरोध किया है कि मां गंगा को स्वच्छ निर्मल बनाने में समिति का सहयोग करें और किसी तरह की पूजा सामग्री कांच की टूटी-फूटी मूर्तियां गंगा के किनारे ना डालें। उसको गड्ढा खोद के बालू में भू-विसर्जन करें। जिस मां गंगा का आशीर्वाद मां गंगा का शुद्ध जल सभी व्यक्तियों को मिलता रहे। इस मौके पर समित के महामंत्री आशीष मिश्रा, हरिमोहन, राजेंद्र, किशन, सोनू मिश्रा, राहुल राठौर, नीतू मिश्रा, श्याम बाबू, मनु अग्निहोत्री, गोपाल दुबे, आलोक चतुर्वेदी, संतोष बाथम आदि मौजूद रहे।

# चन्द्रप्रकाश दीक्षित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पीयूष दुबे बने


बैठक में मौजूद पदाधिकारी

**स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज कल्याण समिति की नई कार्यकारिणी का गठन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज कल्याण समिति की बैठक स्वराज कुटीर में डा0 संदीप शर्मा के संरक्षण में आयोजित हुई। जिसमें नयी कार्यकारिणी गठन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि चंद्रप्रकाश दीक्षित को अध्यक्ष, पियूष दुबे एडवोकेट को उपाध्यक्ष, संजीव तिवारी महामंत्री, सुधीर कटियार कोषाध्यक्ष, प्रिंस सक्सेना मीडिया प्रभारी, दीपक मिश्रा को सह मीडिया प्रभारी, भुवनेश्वर वर्मा सयुंक्त मंत्री, यश गुप्ता उपमंत्री, प्रमथन नाथ पालीवाल सदस्य नामित किए गये।


## कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांकः-68/न0पं0 टेण्डर नोटिस/2026-27/शमसाबाद — दिनांक 15 अप्रैल, 2026

**अल्पकालीन ई-निविदा (निविदा सूचना)**

नगर पंचायत शमसाबाद के अधिकृत संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि 15वां वित्त आयोग (बुनियादी अनुदान-Tied Basic Grant) एवं (निर्दिष्ट अनुदान-Untied Basic Grant) एवं 02 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क द्वारा प्राप्त वर्ष 2025-26 प्राप्त धनराशि से निकाय में निम्नांकित कार्य ई टेण्डरिंग के माध्यम से कराया जाना हैं जिसके डाक्यूमेंट बेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 20/04/2026 से 11/05/2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक उपलब्ध है जो कि वेबसाइड से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते हैं तथा दिनांक 11/05/2026 को अपरान्ह 4:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद के नाम बन्धक कर जमां करना अनिवार्य होगा।

| क्र0सं0 | नगर पंचायत | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 20.04.2026 12:00 बजे | |
| 2 | Tender Close Date | 11.05.2026 2:00 बजे | |

श्रीकिशन, अवर अभियंता सिविल, न0पं0 शमसाबाद (फर्रुखाबाद)
अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत शमसाबाद, जनपद फर्रुखाबाद
जोया शाह, अध्यक्ष, नगर पंचायत शमसाबाद, जनपद फर्रुखाबाद

## खबरें एक नजर में

### हाइवे पर दौड़ती स्कूटी बनी आग का गोला, धू-धू कर जली



निघासन (खीरी)। पढ़ुआ थाना क्षेत्र में ढखेरवा–निघासन हाइवे पर रविवार सुबह एक इलेक्ट्रिक स्कूटी अचानक आग का गोला बन गई। चलते–चलते स्कूटी में आग लगने से मौके पर अफरा–तफरी मच गई। स्कूटी सवार युवक ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई, लेकिन आग पर काबू पाने से पहले ही स्कूटी पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे धर्वईपुरवा/गड़रियनपुरवा चौराहे के पास की है। जानकारी के अनुसार, गड़रियनपुरवा निवासी विश्राम पाल अपनी खराब स्कूटी को टोचन कराकर निघासन मरम्मत के लिए ले जा रहे थे। इसी दौरान चलते समय स्कूटी से अचानक पटाखों जैसी आवाजें आने लगीं। आवाज सुनकर विश्राम ने तत्काल स्कूटी रुकवाई और नीचे उतरकर देखने लगे, तभी देखते ही देखते स्कूटी में आग लग गई। इसी बीच मौके पर मौजूद मो. कय्यूम ने अपने पास उपलब्ध अग्निशमन सिलेंडर से आग बुझाने की कोशिश की। घटना के बाद कुछ देर के लिए हाइवे पर यातायात भी प्रभावित रहा। आशंका जताई जा रही है कि तकनीकी खराबी या बैटरी में शॉर्ट सर्किट के चलते यह हादसा हुआ हो सकता है।

### चुनार पक्के पुल से महिला ने गंगा में कूद कर दी जान



चुनार, मिर्जापुर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बालू घाट गंगा पक्का पुल से एक महिला सुबह 10 बजे कूद गई। स्थानीय राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पुलिस पहुंचकर गोताखोरों द्वारा खोज बिन जारी रखा काफी मशक्कत के बाद 4 बजे गोताखोरों ने शव को बाहर निकाला। मृतक महिला आरती देवी, (33) पत्नी बबलु राजभर निवासी ग्राम हिनौता थाना अदलहाट मिर्जापुर की बताई गई। मृतका अपने ससुराल से 2 दिन पहले मायके में अपने पिता गुलाब राजभर निवासी ग्राम चुरामन कोतवाली चुनार में आई हुई थी आज सुबह गंगा पक्के पुल से कूद कर जान दे दी। मृतिका के दो लड़के हैं 13 वर्ष आर्यन 11 वर्ष आयुष। मृतिका की शादी 17 वर्ष पहले हुई थी। पति बबलु राजभर लेवर का काम करता है। चुनार कोतवाल विजय शंकर सिंह ने बताया कि महिला अपने ससुराल से अपने पति से गुस्सा होकर आई हुई थी आज गंगा में कूद कर मौत को गले लगा लिया।

### ऑपरेशन शील्ड के तहत गुलाब तिराहा पर दुकानों की चेकिंग



हलिया (मिर्जापुर)। ऑपरेशन शील्ड अभियान के तहत रविवार को गुलाब तिराहा स्थित शुक्ला इलेक्ट्रिक एंड इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर मिशन प्रभारी एसआई रमाशंकर व हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे ने टीम के साथ औचक चेकिंग की। कार्रवाई की मुख्य बातें किसकी दुकान चेक हुई दुकान शुक्ला इलेक्ट्रिक एंड इलेक्ट्रॉनिक प्रोपराइटर विनय शुक्ला गुलाब तिराहा क्या चेक किया गया मिशन प्रभारी ने टीम के साथ इलेक्ट्रॉनिक सामान की बिलिंग, स्टॉक रजिस्टर, वारंटी कार्ड और फ्यूज सेफ्टी के इंतजाम जांचे। त्योहारों के सीजन में नकलीघटिया इलेक्ट्रॉनिक सामान की बिक्री रोकने के लिए यह चेकिंग की जा रही है।ऑपरेशन शील्डश के तहत पुलिस–प्रशासन की संयुक्त टीम बाजारों में नकली सामान, बिना बिल की बिक्री, चोरी का माल और सुरक्षा मानकों की जांच कर रही है। अंबेडकर जयंती और आगामी त्योहारों को देखते हुए संवेदनशील इलाकों में दुकानों की सघन चेकिंग चल रही है।मिशन प्रभारी के निर्देशीतम ने दुकानदार विनय शुक्ला को पक्का बिल देना, ग्राहकों को सही जानकारी देना और सीसी टीवी –दस्तावेज दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि अनियमितता मिलने पर कड़ी कार्रवाई होगी मकसद उपभोक्ताओं को घटियाचनकली सामान से बचाना और बाजार में पारदर्शिता लाना। गुलाब तिराहा के अलावा कस्बे की अन्य इलेक्ट्रॉनिक और ज्वेलरी दुकानों पर भी टीम जांच कर रही है। चेकिंग के दौरान स्थानीय व्यापारी भी मौजूद रहे।

### बोलेरो व ट्रैक्टर की टक्कर में बोलेरो सवार सहित छह घायल

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के पंडित राजनारायण दुबे इंटर कालेज के पास शनिवार की रात्रि में बोलेरो वाहन व ट्रैक्टर की टक्कर में बोलेरो सवार छह लोग घायल हो गए मौके पर पहुँची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है। थाना क्षेत्र के बेदउर गांव निवासी विनोद व बडौहा गांव निवासी लल्लू प्रसाद व अहुगी खुर्द गांव निवासी महेंद्र,सोनगढ़ा गांव निवासी तेजई, अहुगी कला गांव निवासी धनपति, वीरपुर गांव निवासी संजय बोलेरो पर सवार होकर किसी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे, की जैसे ही हलिया गांव स्थित पंडित राजनारायण दुबे इंटर कालेज के पास पहुँचे की सामने से आ रहे ट्रैक्टर से आपने सामने टक्कर होने से बोलेरो सवार छह लोग घायल हो गए मौके पर पहुँचे एसआई हंसराज यादव ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया जंहा पर चिकित्सक द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### साइबर पुलिस ने 47 हजार रुपये कराया वापस



हलिया (मिर्जापुर)। हलिया साइबर पुलिस ने आवेदक के खाते में रविवार को 47365 रुपये को वापस कराया है आवेदक के खाते में धनराशि वापस होने पर पुलिस की प्रशंसा किया है। हलिया थाना क्षेत्र के डोहर गांव निवासी मुकेश कुमार चौबे ने बीते 21 फरवरी को ऑनलाइन यूपीआई के माध्यम से 47365 रूपये फ्रॉड होने की शिकायत एनसीआरपी पोर्टल साइबर हेल्पलाइन 1930 के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराया जिसका पोर्टल पर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए हलिया साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर हलिया टीम द्वारा आवेदक के फ्रॉड हुए रूपये को आवेदक के खाते में वापस कराया है साइबर टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व कांस्टेबल विश्वनाथ रहे।

### घुंघचाई पुलिस ने यातायात का उल्लंघन करने पर कसा शिकंजा

पीलीभीत। पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर संघन चैकिंग की। जिससे बाइक चालकों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस की कार्रवाई से वाहन चालक सड़क छोड़कर दूसरी सड़क से निकलते देखें गये। रविवार को घुंघचाई थाना प्रभारी ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन चैकिंग अभियान चलाया। पूरनपुर से बंडा को जाने वाले और बंडा से पूरनपुर आने वाले दोपहिया वाहनों की चैकिंग की गई। जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। वाहन चालक पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए मौके पर आने से पहले ही रूक गये। इसके बाद वाहन चालक गांव होकर जाने वाले दूसरे रास्ते से पूरनपुर निकल गये। लेकिन फिर भी पुलिस ने कई दोपहिया वाहन चालकों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई कर दी। पुलिस की कार्रवाई से पूरे दिन वाहन चालकों में अफरातफरी मची रही।

### जमीनी विवाद में युवक की पिटाई, पुलिस ने की कार्रवाई



पीलीभीत। बिलसंडा थाना क्षेत्र के नवदिया मरौरी गांव में जमीन कब्जाने के विवाद में एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक महिला सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 17 अप्रैल को हुई। पीड़ित राजेश कुमार पुत्र कल्लू लाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके कोई संतान नहीं है। गांव के ही रहने वाले वेदपाल, अवनीश और रामबेटी उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। जब राजेश कुमार ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें गालियां दीं। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर उन पर बेरहमी से हमला कर मारपीट की, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने उनका मेडिकल कराया। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद शनिवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों–वेदपाल, अवनीश और रामबेटी–के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया बिलसंडा थानाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा ने बताया कि पीड़ित राजेश कुमार की शिकायत पर मेडिकल जांच कराई गई थी। रिपोर्ट मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।यह घटना गांव में जमीन संबंधी विवाद को लेकर तनाव की स्थिति को उजागर करती है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी और आगे की कार्रवाई के लिए छानबीन कर रही है।

# माता-पिता के सामने तेंदुए ने छीन ली मासूम की जिंदगी

**चार वर्षीय बच्चे को जबड़े में दबोच ले गया खूंखार तेंदुआ**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**





जिले के सिंगाही थाना क्षेत्र में एक बार फिर इंसान और वन्यजीव के हमले थमने का नाम नहीं ले रहे है। जहां जंगल से निकल कर वन्यजीव अब आबादी वाले इलाकों में चहलकदमी करते हुए देखे जाते है। वहीं सिंगाही थाना क्षेत्र के बेलरायां वन रेंज में खेत में मजदूरी कर रहे माता-पिता के सामने ही तेंदुआ उनके 4 वर्षीय मासूम बेटे को जबड़े में दबाकर झाड़ियों में उठा ले गया और उसे मौत के घाट उतार दिया। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार, सिंगाही थाना क्षेत्र के निबौरिया के नया पुरवा गांव निवासी उमेद अली बीते शनिवार को अपने पिता और पत्नी के साथ गेहूं की कटाई के लिए खेत में मजदूरी कर रहे थे। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते पूरा परिवार मजदूरी में जुटा था। उनके साथ उनके तीन छोटे-छोटे बच्चे भी खेत में मौजूद थे, जो पास में खेल रहे थे। बताया जा रहा है कि शाम के समय अचानक झाड़ियों में पहले से घात लगाए बैठे तेंदुए ने हमला कर दिया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, तेंदुए ने उमेद अली के 4 वर्षीय बेटे दिलशाद को अपने मजबूत जबड़े में दबोच लिया और तेजी से झाड़ियों की ओर भाग निकला। यह मंजर माता-पिता के सामने हुआ, जिसे देख वे बदहवास हो गए। अपने बेटे को बचाने के लिए पिता उमेद अली ने जान की परवाह किए बिना तेंदुए का पीछा किया, लेकिन तेंदुए की रफ्तार के आगे उनकी कोशिश नाकाम साबित हुई। मां की चीख-पुकार और पिता की बेबसी ने मौके पर मौजूद हर शख्स को झकझोर कर रख दिया। घटना के बाद खेतों में काम कर रहे अन्य मजदूर और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चे की तलाश शुरू की गई। सूचना मिलते ही सिंगाही थाना पुलिस और वन विभाग को अवगत कराया गया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन रात का अंधेरा और घनी झाड़ियां सर्च ऑपरेशन में बड़ी बाधा बनीं। ग्रामीणों और पुलिस की संयुक्त टीम ने देर रात तक सर्च ऑपरेशन चलाया। आखिरकार रात करीब 1:30 बजे गांव के पास स्थित एक ईट भट्ठे के समीप झाड़ियों में बच्चे का अधखाया शव बरामद हुआ। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां बेसुध हो गई, जबकि पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। रविवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, परिजनों ने वन विभाग पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सूचना देने के बावजूद वन विभाग की टीम समय पर मौके पर नहीं पहुंची और रात में ही शव को दबाने की बात कही गई, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

**वन विभाग का बयान**–बेलरायां वन रेंज के रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया बच्चे की मौत तेंदुए के हमले से हुई है। तेंदुए को पकड़ने के लिए इलाके में चार कैमरे और एक पिंजरा लगा दिया गया है, जबकि एक और पिंजरा जल्द लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द तेंदुए को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### पहले भी हो चुकी हैं कई घटनाएं, बढ़ता जा रहा खतरा

गौरतलब है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। बीते मार्च माह में भी इसी क्षेत्र के फुटहा फॉर्म गांव में 7 वर्षीय मासूम बच्ची सिमरन को तेंदुआ घर से उठा ले गया था और उसकी भी मौत हो गई थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने इलाके के लोगों में भय को और गहरा कर दिया है। यदि पिछले आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2023 में इस क्षेत्र में तेंदुए और बाघ के हमलों में कम से कम 22 लोगों की मौत दर्ज की गई थी। मृतकों में इंद्रजीत, मंगत सिंह, राममूर्ति, ओमप्रकाश, शाहिद, भंवरी लाल, सुरजीत सिंह, श्रीतम लाल, अवधेश, ज्ञान सिंह, प्यारे लाल, राहुल, मुंशी, रमेश, शिवकुमार, हरमेश सिंह, आकाश, जगदीश लोधी, सुकई भार्गव समेत कई ग्रामीण शामिल हैं। ये आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं कि इलाके में वन्यजीवों का खतरा लंबे समय से बना हुआ है। वहीं वर्ष 2026 में अब तक करीब 15 लोगों की जान वन्यजीव हमलों में जा चुकी है, जबकि वन विभाग द्वारा एक दर्जन से अधिक तेंदुओं को पकड़ा भी जा चुका है। इसके बावजूद हमलों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

## सांप भगाने को लेकर विवाद, दो पक्ष भिड़े, छह लोग घायल



ईसानगर (खीरी)। खमरिया थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव में रविवार सुबह सांप भगाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते हिंसा में बदल गया। घटना में दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि तमोलीपुरवा निवासी अर्जुन लाल के घर रविवार सुबह सांप निकल आया था। इसे भगाने के प्रयास में अर्जुन लाल और पड़ोसी रितेश लगे थे। इसी दौरान सांप पास ही रहने वाले वीरपाल और इंद्रपाल के घर की ओर चला गया, जिससे नाराज होकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। मौके पर मौजूद लोगों के हस्तक्षेप से मामला कुछ देर के लिए शांत हो गया, लेकिन बाद में विवाद फिर भड़क उठा। आरोप है कि इंद्रपाल और वीरपाल अपने परिजनों के साथ रितेश के घर में घुस गए और छत पर मौजूद रितेश पर लाठी–डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इसमें रितेश गंभीर रूप से घायल हो गया। रितेश ने आरोप लगाया है कि हमलावर उसके पास से 14 हजार रुपये की नकदी और मोबाइल फोन भी छीन ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही दोनों पक्षों के लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची खमरिया पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और सभी घायलों को उपचार व मेडिकोलीगल के लिए सीएचसी खमरिया भेजा। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भगवान परशुराम जयंती पर शोभायात्रा, झांकियों ने मोहा मन

**मोहम्मदी, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर नगर में रविवार को भव्य शोभायात्रा बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियों और भक्तों के उत्साह ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर करीब 2 बजे से हुई, जब नगर के रामलीला मैदान के सामने स्थित जिला पंचायत डाक बंगले पर श्रद्धालु जुटने लगे। इसके बाद लगभग 3 बजे भगवान परशुराम की शोभायात्रा विधिवत रूप से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा रामलीला गेट से निकलकर अशोक चौराहा, चौकी क्षेत्र, अतुल रस्तोगी के आवास के पास से होते हुए इस्लामियां स्कूल, पीडी इंटर कॉलेज मार्ग से आगे बढ़ी। इसके पश्चात यात्रा नत्थूलाल गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई और सौरभ गुप्ता के आवास के सामने से गुजरते हुए शुक्लापुर पहुंची। यहां से अब्बास नकवी के घर के पास से मुड़कर पुनः मुख्य मार्ग पर लौटते हुए अतुल बाजपेई के आवास, बांके बिहारी मंदिर, पुत्तनी चौराहा, बाजारगंज, सर्राफा बाजार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरवर चौराहा और रोडवेज होते हुए वापस रामलीला गेट पहुंची। अंत में शोभायात्रा रामलीला मैदान स्थित जिला पंचायत डाक बंगले पर विसर्जित हुई। शोभायात्रा में भगवान गणेश, राधा-कृष्ण, भगवान परशुराम, बजरंगबली, विष्णु-लक्ष्मी और शिव बारात की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संदीप महरोत्रा, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, श्याम किशोर अवस्थी, कार्तिक तिवारी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जयकरन बाजपेई, अतुल बाजपेई, आनंद बाजपेई, अनुज पांडेय, सुमित शुक्ला सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे और प्रशासनिक अधिकारी भी लगातार निगरानी बनाए रहे। शोभायात्रा शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

## मिशन शक्ति फेज-5.0 (चरण-2): महिला थाना में काउंसलिंग से 6 टूटते परिवारों को मिला नया जीवन



**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थाना पुलिस द्वारा सराहनीय पहल की गई। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक शिल्पी शुक्ला ने काउंसलर कय्यूम ज़रवानी व सुश्री कुसुम गुप्ता के सहयोग से दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और पारिवारिक विवाद से जुड़े मामलों में काउंसलिंग कराई। इस दौरान कुल 10 मामलों में सुलह-समझौते का प्रयास किया गया, जिनमें से 6 दंपतियों के बीच आपसी सहमति बनाकर उन्हें साथ रहने के लिए विदा कराया गया। वहीं 4 मामलों में पति-पत्नी के बीच गहरा मनमुटाव होने के कारण दोनों पक्षों को सोचने के लिए समय दिया गया है। इस अवसर पर महिला आरक्षी सारिका सिंह चौहान, रेखा गौड़ सहित संबंधित परिवारों के सदस्य भी मौजूद रहे। साथ ही अभियान के तहत महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों और विभिन्न सरकारी योजनाओं–कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित पेंशन योजना आदि की जानकारी देकर जागरूक किया गया। महिला थाना की इस पहल से जहां टूटते परिवारों को नया सहारा मिला, वहीं समाज में महिला सुरक्षा और जागरूकता को भी बढ़ावा मिला।

## धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**कार्यक्रमों के साथ हुआ आयोजन, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा लखीमपुर के तत्वावधान में शहर में विभिन्न कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। महासभा के अध्यक्ष नंद कुमार मिश्र के नेतृत्व में परशुराम चौक पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके बाद बेहजम रोड स्थित प्रगतिशील ब्राह्मण धर्मशाला में जन्मोत्सव समारोह एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख पलिया वीरेन्द्र कुमार शुक्ला मौजूद रहे। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव समाज में प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का संदेश देता है। ऐसे आयोजन समाज में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में अध्यक्ष नंद कुमार मिश्र, जिला उपाध्यक्ष रमेश शुक्ला, जिला महामंत्री कुमुदेश शंकर शुक्ल, कोषाध्यक्ष के आर पाण्डेय, मंत्री नवीन पाण्डेय, राजेश शुक्ल, संगठन मंत्री शिशिर अवस्थी, अभिषेक अवस्थी, राम नारायण दीक्षित, नगर अध्यक्ष हरिनाम शंकर अवस्थी, अभिजात मिश्र, विनोद शुक्ला सहित कई पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग पुरवा औसान सिंह गांव में रविवार की शाम कार की टक्कर से बाइक चालक व बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गयें मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा दोनों घायलों का उपचार किया गया है। थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव निवासी 20 वर्षीय मनीष के साथ गांव निवासी 27 वर्षीय हरिशंकर के साथ हलिया बाजार से वापस घर लौट रहे थे, की जैसे ही हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग पुरवा औसान सिंह गांव में पहुँचे की कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरज कुशवाहा ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विमल कुमार व फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा ने दोनों घायलों का उपचार किया है। उपचार के बाद दोनों घायलों को डिस्चार्ज कर दिया है घटना के बाद एसआई श्याम लाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल किया है।

## धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम जयंती

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**

**चक कोटर गांव में ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वावधान में हुआ आयोजन**




स्थानीय विकास खंड के चक कोटर गांव में ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वावधान में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन रामेश्वर प्रसाद शुक्ल के निजी आवास पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. सरस्वती प्रसाद पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया तिथि का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। इसी दिन भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम, भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। जिन्होंने त्रेता युग में अन्याय और अधर्म के नाश के लिए अवतार लिया। वे ज्ञान, तप और शक्ति के प्रतीक माने जाते हैं तथा चिरंजीवी स्वरूप में प्रत्येक युग में विद्यमान रहते हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके पिता महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका थीं। भगवान शिव से प्राप्त परशु (फरसा) धारण करने के कारण ही उनका नाम परशुराम पड़ा। उनका जीवन सदैव धर्म की स्थापना और कमजोरों की रक्षा के लिए समर्पित रहा। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग व श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण एकता परिषद के अध्यक्ष श्री नारायण शुक्ल, उमाकांत द्विवेदी, ग्राम प्रधान धीरज मिश्रा, संजय तिवारी, धर्मेंद्र दुबे, रामप्रकाश आदि मौजूद रहे।

## बैल के हमले से महिला घायल, पीएचसी में भर्ती

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव में रविवार की सुबह बैल के हमले से महिला घायल हो गई मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने महिला को बैल से बचाते हुए एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है। जंहा पर चिकित्सक द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है। थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी 50 वर्षीय धनपत्ती देवी सड़क पर टहल रही थी की बैल ने हमला कर दिया महिला की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने महिला को बैल से बचाते हुए तत्काल एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 पर सूचना दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के चालक दिलीप यादव ने महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए। जंहा पर चिकित्सक द्वारा महिला को उपचार के लिए भर्ती कर महिला का उपचार शुरू कर दिया है, उपचार के बाद महिला की हालत में सुधार हुआ है।

# जन आरोग्य मेला में 195 मरीजों का हुआ उपचार

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**



उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 195 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में डॉक्टर विवेक खरे ने कुल 44मरीजों का उपचार किया इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार मे आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में आयोजित किया गया जिसमे कुल 33 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्रा के देखरेख में सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 42 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर सुरेश कनौजिया के देखरेख में आयोजित किया गया। जिसमें कुल 39 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली में चिकित्सक मनीष कुमार ने 37 मरीजों का उपचार किया है इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 195 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा व हथेड़ा के गुलाब तिराहा पर रविवार को मिशन शक्ति टीम के प्रभारी एसआई रमाशंकर व हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे कांस्टेबल राजेश कुमार मौर्य व महिला आरक्षी पूजा चौहान द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया । हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।